नई दिल्ली
रविवार 7 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 144
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 26

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## चंद्रग्रहण आज



नई दिल्ली। साल 2025 का अंतिम चंद्रग्रहण आज यानी रविवार को लगने वाला है। खास बात यह है कि इस दिन भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि भी होगी। वैदिक पंचांग के अनुसार ग्रहण की शुरुआत रात 9 बजकर 57 मिनट पर होगी और इसका समापन अर्धरात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य रहेगा। सूतक दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से शुरु होगा और देर 1 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा।

# कनाडा ने स्वीकारी सच्चाई, हां हमारी जमीन से चल रही खालिस्तानी आतंकी गतिविधियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत बार-बार कहता रहा, उसकी एक भी न सुनी, लेकिन अब सच खुद बोल पड़ा...जी हां ये पंक्ति उस कनाडा के साथ पूरी तरह से मेल खाती हुई नजर आती हैं। जिसने बार-बार खालिस्तानी आतंकी संगठनों को लेकर जताई गई भारत की चिंताओं को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। लेकिन इन सबके बीच आई एक रिपोर्ट ने पूरा खेल पलट दिया। जिसमें खुद पहली बार कनाडा की सरकार (वित्त विभाग) ने अपनी एक रिपोर्ट में इस तथ्य को आधिकारिक रूप से स्वीकार करते हुए कहा कि खालिस्तानी चरमपंथी आतंकवादी संगठन उनके अपने देश की धरती से अपनी तमाम गतिविधियों को न केवल संचालित कर रहे हैं। बल्कि उनके लिए कनाडा समेत कई अन्य देशों से धन भी एकत्रित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

**भारत मामले पर कई बार कनाडा के समक्ष जता चुका है गंभीर चिंता**




### आतंकी संगठनों को यहां से मिलती मदद

रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा के क्रिमिनल कोड के तहत 'पालिटिकली मोटिवेटेड वॉयलेंट एक्सट्रिमिज्म' यानी पीएमवीई सूची में शामिल चरमपंथी आतंकी संगठनों जैसे हमास, हिज्बुल्लाह समेत खालिस्तानी बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन जैसे संगठन कनाडा के साथ ही दुनिया के बाकी देशों से अपनी नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए धन एकत्रित कर रहे हैं।

### इन कामों से भी मिल रहा पैसा

रिपोर्ट ये भी साफ करती है कि इन आतंकी संगठनों को केवल दान और चैरिटी के माध्यम से ही पैसा नहीं मिलता है। बल्कि ये अपराध और अवैध कार्यों से भी पैसा कमा रहे हैं। जिसमें नशीले पदार्थों का धंधा, गाड़ियों की चोरी और दान के लिए दी गई धनराशि का अनुचित इस्तेमाल मुख्य रूप से शामिल है। देश की कानून-व्यवस्था और खुफिया एजेंसियां भी इस बात को प्रमाणित करती हैं कि उक्त खालिस्तानी और अन्य वैश्विक आतंकी संगठनों को कनाडा से आर्थिक मदद मिल रही है।

### खालिस्तानी आतंकियों ने बदला पैटर्न

खालिस्तानी आतंकवादी संगठन अब फंड जुटाने के बड़े तरीकों का इस्तेमाल नहीं करते हैं। बल्कि यह छोटे-छोटे तरीकों से अपनी तमाम नापाक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जिसमें इनके छोटे-छोटे गुटों की अहम भूमिका है। प्रवासी भारतीयों से भी इन्हें बड़े पैमाने पर दान के रूप में मदद मिल रही है। वर्तमान में यह संगठन फंड जुटाने के आधुनिक तरीके अपना रहे हैं। जिसमें क्राउडफंडिंग, क्रिप्टोकरेंसी और एमएसबी व बैंकिंग सेक्टर का गलत इस्तेमाल शामिल है। इसके अलावा आतंकवादी संगठनों द्वारा गैर-लाभकारी संगठनों और चैरिटी संस्थाओं, एनपीओ सेक्टर का दुरुपयोग भी किया जा रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सीजेआई गवई पहुंचे बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी



**महाराजगंज।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने शनिवार को भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी का भ्रमण कर पूजा अर्चना की। उन्होंने मायादेवी मंदिर परिसर में जाकर बुद्ध की जन्मस्थली का दर्शन कर सूत्रपाठ किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर विश्व शांति, मानव कल्याण और भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत बनाने की कामना की।

### श्रेयस बने कप्तान संभालेंगे जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** सीनियर मेन्स सिलेक्शन कमेटी ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेले जाने वाले दो बहु-दिवसीय मुकाबलों के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी है। इस की कमान बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है। एन जगदीशन को बतौर विकेटकीपर और ध्रुव जुरेल को उपकप्तान का जिम्मा सौंपा गया है।

### अल्लू अर्जुन बेस्ट एक्टर तो रश्मिका बनीं बेस्ट एक्ट्रेस



**नई दिल्ली।** 2025 के साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स (सिम्मा) की घोषणा हुई। दुबई में आयोजित हुए सीमा अवॉर्ड्स में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' और प्रभास और अमिताभ बच्चन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का जलवा देखने को मिला। इन दोनों ही फिल्मों ने अलग-अलग कैटेगरी में कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए। इनमें बेस्ट एक्टर, एक्ट्रेस और फिल्म भी शामिल है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जबरदस्त यूटर्न...

# प्रधानमंत्री मोदी को बताया मित्र, मोदी ने सम्मान सहित स्वीकारी ट्रंप की भावनाएं

- एक्स पोस्ट में बोले पीएम, हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं, सकारात्मक मूल्यांकन की सराहना करते हैं
- भारत-अमेरिका के बीच बेहद सकारात्मक और व्यापक-वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है
- जी-7 की बैठक से इतर टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों नेताओं के बीच हुआ पहला संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ और उसके साथ-साथ भारत के खिलाफ जारी अर्नगल बयानबाजी के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को 360 डिग्री यूटर्न लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना एक 'अच्छा दोस्त' और 'महान प्रधानमंत्री' बताया है। जिस पर पीएम ने भी प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और दोनों देशों के संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की गहराई से सराहना की और उनका पूरी तरह से समर्थन करने का ऐलान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत, अमेरिका के बीच बहुत ही सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक व वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप का दोस्ती वाला यह बयान उनके द्वारा ट्रूथ सोशल पर की गई उस टिप्पणी के ठीक अगले दिन सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने भारत और रूस को गहरे और अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो। वहीं, इन सबके बीच भारत कभी भी टैरिफ को लेकर दबाव में नहीं आया और उसने अमेरिका के निर्णय को दो टूक अंदाज में खारिज करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। इसके अलावा यह भी साफ किया है कि भारत की तेल की खरीद पूरी तरह से उसके राष्ट्रीय हितों और नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों के मद्देनजर की जा रही है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

### जी-7 के बाद हुआ पहला संवाद

भारत और अमेरिका के नेताओं के बीच इस साल जून महीने में कनाडा में आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद हुआ यह पहला संवाद है। जब दोनों ने न केवल सकारात्मक रूप से अपने विचारों का आदान-प्रदान किया है। बल्कि भारत-अमेरिका संबंधों और साझेदारी को लेकर भी अपना पक्ष स्पष्ट रूप से साझा किया। ये टैरिफ का मुद्दा ही था। जिसकी वजह से दोनों देशों के संबंधों में बीते वक्त में काफी गिरावट देखने को मिल रही थी। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति के ताजा बयान और उस पर पीएम की प्रतिक्रिया के बाद संबंधों में जमीं बर्फ पिघलती हुई नजर आ रही है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में ट्रंप ने भारत के साथ अमेरिकी संबंधों को विशेष संबंध का दर्जा देते कहा कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। जब उनसे पत्रकारों ने भारत को चीन के हाथों खोने वाले बयान के बारे में पूछा तो जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे साफ इंकार करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ है। बस मैं इस बात को लेकर बेहद निराशा था कि भारत रूस से बहुत अधिक तेल खरीद रहा है। हां मैं मानता हूं कि हमने भारत पर बहुत ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। हम रोज गार्डन गए थे, जहां की घास गीली थी। ये जगह प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) के लिए बेहद खराब थी। लेकिन हमने घास पर पीसी की। जो मेरी घास पर की गई अंतिम प्रेस कॉन्फ्रेंस थी।

### इस तस्वीर ने डाला ट्रंप पर दबाव

जानकारों का कहना है कि ट्रंप के रुख में आए इस बड़े बदलाव के पीछे तियानजिन से आई वो एक तस्वीर जिम्मेदार है। जिसमें एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक साथ नजर आए थे। टैरिफ संकट के बीच यह पहला मौका था। जब चीन-रूस और भारत के शीर्ष नेता साथ में हंसते-बोलते हुए नजर आए। जिसे देखकर अमेरिकी राष्ट्रपति की नींद उड़ गई थी। मानो उन्हें लगा कि भारत, चीन की वजह से अब उनके हाथ से निकल गया है। 3

### पहले लगाया मुनाफाखोरी का आरोप

पूर्व में अमेरिका के राष्ट्रपति और उनका प्रशासन भारत के खिलाफ लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को हर प्रकार से जायज ठहराने में लगा हुआ था। उनके तर्कों का निचोड़ यही था कि अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ इसलिए लगाया है। क्योंकि नई दिल्ली यूक्रेन युद्ध के बीच मॉस्को से सस्ते दाम पर कच्चे तेल को खरीदकर मुनाफे के साथ दुनिया के बाकी देशों को बेच रही है। जिससे वह यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने के लिए रूस को ईंधन यानी मदद प्रदान कर रही है। वहीं, टैरिफ के मामले को अदालत में चुनौती मिलने के बाद ट्रंप प्रशासन ने दलील दी की टैरिफ की वजह से अमेरिका को आर्थिक रूप से काफी लाभ हो रहा है। अगर वह टैरिफ को वापस ले लेंगे तो उससे अमेरिका को वित्तीय रूप से काफी नुकसान होगा।

### दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के अलावा यूक्रेन विवाद के मुद्दे पर साझा किए विचार

# प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच हुई बातचीत



फाइल फोटो

- राष्ट्रपति मैक्रों ने स्वीकारा भारत का निमंत्रण, फरवरी-26 में एआई सम्मेलन में करेंगे शिरकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ और वैश्विक संघर्षों के मौजूदा दौर में भारत और फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच शनिवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में इसके बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मेरी बहुत अच्छी बातचीत हुई है। हमने विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया। दोनों के बीच यूक्रेन में जारी संघर्ष को जल्द समाप्त करने के प्रयासों के अलावा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति के समक्ष यह भी कहा कि उनकी यह बातचीत भारत और फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के साथ ही वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण निभाती रहेगी। यहां बता दें कि पूर्व में एससीओ शिखर सम्मेलन से पहले 21 अगस्त को भी पीएम मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत हो चुकी है।

### 2026 में मैक्रों आएंगे भारत

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत में आपसी सहयोग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों जैसे आर्थिक, रक्षा, विज्ञान, तकनीक और स्पेस में हुए बदलावों की सकारात्मक समीक्षा की गई। दोनों ने भारत-फ्रांस रणनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। जिसका आधार वर्ष-2047 से लेकर हिंद-प्रशांत और रक्षा औद्योगिक रोडमैप है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा अगले साल फरवरी-2026 में भारत की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले कृत्रिम मेधा (एआई) प्रभाव शिखर सम्मेलन के लिए स्वीकार किए गए निमंत्रण के लिए उनका आभार जताया।

### यूक्रेन में शांति का पक्षधर भारत

मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच वार्ता में यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के जल्द समापन के मसले पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। हालांकि इस दौरान पीएम ने इस विवाद के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वापस आएंगे माल्या और नीरव?

## ब्रिटेन की टीम ने किया तिहाड़ जेल का 'दौरा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत सरकार लगातार कोशिश कर रही है कि देश से भागे हुए बड़े आर्थिक अपराधी और आरोपी वापस लाए जा सकें। इन्हीं प्रयासों के तहत ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की एक टीम ने हाल ही में दिल्ली की तिहाड़ जेल का निरीक्षण किया। इसका मकसद था यह देखना कि भारत में लाए जाने वाले भगोड़े अपराधियों को सुरक्षित माहौल मिलेगा या नहीं? भारत सरकार ने ब्रिटेन को यह भी आश्वासन दिया है कि किसी भी आरोपी से जेल में गैरकानूनी पूछताछ नहीं होगी। दरअसल, पहले कई बार ब्रिटिश अदालतों ने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुजारी बनकर आया था आरोपी

## झोले में एक करोड़ रुपए का कलश लेकर 'फुर्र'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लाल किले के परिसर में स्थित एक पार्क में जैन धर्म का अनुष्ठान चल रहा था। इस दौरान वहां से एक करोड़ रुपये का कलश चोरी हो गया। चोरी हुए कलश में 760 ग्राम सोने और 150 ग्राम हीरे, माणिक्य, पन्ना जड़े थे। पुलिस ने जांच शुरू की और वहां पर लगे सीसीटीवी को भी चेक किया। जिसके बाद पुलिस को एक चोर दिखा। आरोपी ने पुजारी के वेश में मंडप में प्रवेश किया था। लोग जब अनुष्ठान में व्यस्त थे, तभी आरोपी आया और कलश लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि लाल किले के परिसर में स्थित गेट नंबर 15 पर यह पार्क है। इस पार्क में जैन धर्म की तरफ से एक अनुष्ठान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### महाकाली मंदिर तक जाने के लिए दो रोपवे

## पावागढ़ स्थित शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन में गिर गई। मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। पावागढ़ में को महाकाली मंदिर तक जाने के लिए दो अलग-अलग रोपवे बने हैं। एक रोपवे श्रद्धालुओं लाने-ले जाने के लिए है, जबकि दूसरा रोपवे केवल सामान और निर्माण सामग्री ढोने के लिए तैयार किया गया है। हादसा इसी गुड्स रोपवे में हुआ।

### 2023 में भी रोपवे की केबल टूटी थी

पावागढ़ में इससे पहले 25 अगस्त 2023 को भी बड़ा हादसा होने से टला था। उस समय महाकाली मंदिर तक जाने वाली रोपवे की पिलर नंबर 4 की केबल बीच में ही टूट गई थी, जिससे 10 से ज्यादा यात्री हवा में बोगियों में फंस गए थे।

### 800 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है शक्तिपीठ

यह मंदिर समुद्र तल से करीब 800 मीटर ऊंची पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित है। माना जाता है कि यहां सती माता का दाहिना पैर गिरा था। शारदीय नवरात्रि सहित अन्य पर्वों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं, हालांकि रोजाना भी भक्तों का आना लगा रहता है।

### हवा में अटकी 186 लोगों की सांस

## कोच्चि एयरपोर्ट पर वापस आया इंडिगो का विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




**प्लेन करीब दो घंटे तक हवा में रहा**

इंडिगो के एक विमान में शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी देखने को मिली। फ्लाइट कोच्चि से अबू धाबी के लिए रवाना हुई थी, लेकिन दिक्कत के बाद इसे वापस कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया।

इसके बाद यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से अबू धाबी के लिए रवाना किया गया। फ्लाइट में 180 से ज्यादा यात्री सवार थे। इसके अलावा 6 क्रू मेंबर भी फ्लाइट में मौजूद थे। प्लेन करीब दो घंटे तक हवा में थे। फ्लाइट संख्या 6ई-1403 शुक्रवार की रात करीब 11.10 बजे कोच्चि से रवाना हुई। तभी क्रू मेंबर्स को इसमें तकनीकी खराबी का पता चला। इसके बाद शनिवार की रात 1.44 बजे फ्लाइट को कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया। ड्यूटी के घंटे पूरे होने के कारण फ्लाइट के क्रू मेंबर्स को भी बदला गया और नए दल के साथ दूसरी फ्लाइट को रवाना किया गया। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराया गया और उन्हें दूसरी फ्लाइट से रात 3.30 बजे अबू धाबी रवाना किया गया। फ्लाइट का ऑपरेशन फिर से शुरू करने से पहले उसे मेंटेनेंस के लिए भेज दिया गया है।

### सभी एजेंसियों को संचालित करने का काम थिएटर कमांड करेगा

### ऑपरेशन सिंदूर पर लिखी गई एक पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में बोले सेनाप्रमुख

## आज नहीं तो कल थिएटर कमांड का गठन तो होगा ही, जरूरी है: जनरल द्विवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सीमा पर बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तीनों सशस्त्र सेनाओं की संयुक्त रूप से गठित की जाने वाली थिएटर कमांड के गठन को लेकर कहा कि यह कार्य आज नहीं तो कल होगा। हमें बस ये देखना है कि इसमें कितना समय लगता है। पूरी प्रक्रिया के लिए हालांकि कुछ कदम उठाने पड़ेंगे। जिसमें संयुक्तता और एकीकरण मुख्य रूप से शामिल हैं। साथ ही कई और चीजें हैं, जिन पर चर्चा किए जाने की आवश्यकता है। यह जानकारी सेनाप्रमुख ने राजधानी में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर पर लिखी गई एक पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में दी है। जिसका शीर्षक 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि थिएटर कमांड या फिर सेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं का संयुक्त रूप से एकीकरण जरूरी आकार लेगा। लेकिन प्रश्न यह है कि इसे हकीकत में पूरा होने में कितना समय लगता है? अगर किसी एक को विभिन्न एजेंसियों का संचालन करना है। तो निश्चित रूप से जवाब थिएटर कमांड ही होगा। यहां बता दें कि सेनाप्रमुख का थिएटर कमांड को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बताया थिएटर कमांड का महत्व

जनरल द्विवेदी ने थिएटर कमांड का महत्व बताते हुए कहा कि जब हम कोई लड़ाई लड़ते हैं। तो केवल सेना ही उस लड़ाई को नहीं लड़ती है। हमारी बीएसएफ, आईटीबीपी भी उसमें भाग लेती हैं। उसके साथ ही तीनों सशस्त्र सेनाओं, रक्षा साइबर एजेंसियों, रक्षा स्पेस एजेंसियों की भी भागीदारी रहती है। अब हम ज्ञान संबंधी युद्ध कौशल से जुड़ी एजेंसियों की बात कर रहे हैं। जिसमें इसरो, सिविल डिफेंस, नागर विमानन, रेलवे, एनसीसी और राज्य- केंद्रीय प्रशासन शामिल हैं। ऐसे में अगर किसी एक को सभी एजेंसियों को संचालित करना हो तो निश्चित रूप से उसका जवाब थिएटर कमांड ही होगा। क्योंकि कमांड की एकता सबसे महत्वपूर्ण है। आपको एक कमांडर की जरूरत है, जो किसी भी गतिविधि के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभाल सके। थिएटर कमांड का गठन बेहद आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### बदरपुर में इमारत का एक हिस्सा गिरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर इलाके में शनिवार दोपहर एक इमारत का कुछ हिस्सा ढह गया। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) द्वारा जानकारी दी गई कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। इमारत का हिस्सा ढहने के संबंध में दोपहर 1.31 बजे कॉल प्राप्त हुई। प्रारंभिक जांच में ऐसा लग रहा है कि इमारत खाली थी। उधर पुलिस ने बताया कि इमारत ढहने के संबंध में शनिवार को दोपहर लगभग 1:35 बजे बदरपुर पुलिस स्टेशन को सूचना मिली। बदरपुर बॉर्डर बाईपास के पास एक इमारत के ढहने की सूचना मिलते ही पीसीआर की गाड़ी और लोकल पुलिस मौके पर पहुंची। प्लॉट संख्या 2ए, पॉकेट एवी, बदरपुर एक्सटेंशन, इंदिरा नर्सरी के पास एक पुरानी इमारत जर्जर स्थिति के कारण ढह गई थी। पीसीआर वैन, दमकल विभाग, एम्बुलेंस और अन्य सभी आवश्यक उपकरणों को मौके पर बुलाया गया। बीएसईएस द्वारा बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। अन्य सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए। इमारत में एक बेसमेंट और चार मंजिला इमारतें थी। क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया था।

### वजीरपुर फ्लाईओवर से गिरकर व्यक्ति घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में शनिवार सुबह वजीरपुर फ्लाईओवर से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना सुबह करीब 6.22 बजे हुई। रणजीत नगर निवासी जिलानी (26) फ्लाईओवर से डिपो क्षेत्र में गिर गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस को इस घटना की सूचना पीसीआर कॉल के जरिये मिली। इसके बाद सब इंस्पेक्टर जितेंद्र राणा और उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची घायल शख्स को पीसीआर वैन द्वारा भगवान महावीर अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि जिलानी नाम के शख्स के हाथ और कमर में चोटें आई हैं। उसका इलाज चल रहा है। पुलिस उन परिस्थितियों की जांच कर रही है जिनके कारण जिलानी फ्लाईओवर से गिरा।

### पोक्सो केस का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की सरोजिनी नगर पुलिस ने पोक्सो मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग पतों पर चार बार गैर-जमानती वारंट जारी किए जा चुके थे। इसका नाम गौरव अगनानी (32) निवासी जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश बताया गया है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार सरोजिनी नगर थानाक्षेत्र में उन फरार आरोपियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो जानबूझकर कानूनी प्रक्रिया से बच रहे हैं। इंस्पेक्टर अतुल त्यागी एसएचओ सरोजिनी नगर के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। 4 सितंबर को हेड कांस्टेबल हरिराम और कांस्टेबल प्रवीण को पोक्सो मामले के एक वांछित आरोपी के बारे में गुप्त सूचना मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने छापेमारी की और आरोपी गौरव अगनानी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### धार्मिक अनुष्ठान से एक करोड़ रुपये का कलश चोरी

**नई दिल्ली।** लाल किले के सामने आयोजित किये जा रहे एक जैन धार्मिक अनुष्ठान से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का एक कलश चोरी होने का मामला सामने आया है। 760 ग्राम सोने से निर्मित इस कलश में हीरे, माणिक और पन्ना सहित करीब 150 ग्राम बहुमूल्य रत्न जड़े हुए थे। पुलिस ने बताया कि यह कलश तीन सितंबर को अनुष्ठान के दौरान चोरी हो गया था। इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्द सलाखों के पीछे होगा। पुलिस के अनुसार सिविल लाइंस निवासी और व्यवसायी शिकायतकर्ता सुधीर जैन प्रतिदिन इस कलश को धार्मिक अनुष्ठान के लिए लाते थे। उन्होंने बताया कि स्वागत के दौरान भीड़भाड़ और अफरा-तफरी में यह कलश मंच से गायब हो गया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां कैद हुई हैं। उसकी पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान लाल किला के बाहर 15 अगस्त पार्क में नौ सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

---

### आरोपी वारदात के बाद से फरार

# हर्ष विहार में दो दोस्तों की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार में शुक्रवार देर शाम दो दोस्तों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को मृतकों के जानकारों ने अंजाम दिया। आरोपी वारदात के बाद से फरार है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार हर्ष विहार इलाके के प्रताप नगर में शुक्रवार रात करीब आठ बजे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब दो लोगों की हत्या गोली मारकर कर दी गई। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम प्रताप नगर के सी-ब्लॉक पहुंची, जहां पता चला कि गोली लगने से घायल दो लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 35 वर्षीय सुधीर उर्फ बंटी और 30 वर्षीय राधे प्रजापति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल की जांच करवाई गई है। आरोपियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। हमले का मकसद अभी साफ नहीं हो पाया है। वहीं सूत्रों से पता चला कि दोनों मृतक मिलकर लोनी बॉर्डर के नजदीक पार्किंग चलाते थे। डग्गा और प्रदीप नामक दो सगे भाई भी लोनी में रहते हैं। बंटी का इनसे पुराना विवाद चल रहा है। तीन दिन पहले बंटी ने प्रदीप के पिता को किसी बात पर गाली दी थी। इससे गुस्साएं दोनों भाई शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे पार्किंग पहुंचे और बंटी और राधे को गोली मार दी। दोनों को एक एक गोली लगी। आरोपी हथियार लहराते हुये फरार हो गये। वारदात के बाद दिल्ली और लोनी पुलिस दो घंटे तक सीमा विवाद में उलझी रही।

---

# दो हथियार सप्लायरों से 15 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने मध्य प्रदेश के दो अवैध हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुये। गिरफ्त में आये सप्लायरों के नाम मुर्तजा खत्री और वसीम कुरैशी बताये गये हैं। दोनों जिला बड़वानी, मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार स्पेशल सेल हथियार तस्कर गिरोह पर लगातार काम कर रही है। कई महीनों की मेहनत आखिरकार तब रंग लाई जब 5 सितंबर को एक विशेष सूचना के आधार पर मुर्तजा खत्री और वसीम कुरैशी को बुराड़ी से गिरफ्तार किया गया। दोनों मध्य प्रदेश के हथियार आपूर्तिकर्ता से ली गई अवैध हथियारों की खेप पहुंचाने दिल्ली आए थे। इनके बैग से कुल 15 अवैध हथियार बरामद किए गए, जिनमें मुर्तजा के पास से आठ और वसीम के पास से सात हथियार शामिल थे। इस संबंध में स्पेशल सेल के थाने में कानून की उपयुक्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्होंने मध्य प्रदेश स्थित एक हथियार आपूर्तिकर्ता से अवैध हथियार खरीदे और आगे दिल्ली/एनसीआर में उसके विभिन्न संपर्कों को इनकी आपूर्ति की जानी थी। दोनों पिछले 4-5 सालों से अवैध हथियारों की खरीद और आपूर्ति में शामिल हैं। हथियारों की खेप रोशन नाम के शख्स को बुराड़ी में हैंडओवर की जानी थी। आरोपी आमतौर पर एक पिस्टल 15 हजार में खरीदते थे और उसे आगे 25 हजार में बेचते थे। मुर्तजा पूर्व में आठ आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया है। वहीं वसीम के आधा दर्जन केस दर्ज थे।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) SWRJ_MAZDA SM_SAMRAT REG. NO. HR55AM4878-YOM- 2022

2) SWRJ_MAZDA SM_SAMRAT ENG. NO. HR55AM9558-YOM-2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : PUNIT PARASHAR KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377905498 EMAIL-punit.parashar@kotak.com


---

# टोल से मुक्ति की मांग को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री से मिला पालम 360 खाप प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

यूईआर-2 से लगने वाले दिल्ली देहात के इलाकों को टोल टैक्स से मुक्त कराने की मांग को लेकर पालम 360 खाप का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बक्करवाला टोल टैक्स के विरोध में ग्रामीणों की नाराजगी से मंत्री मल्होत्रा को अवगत कराया और स्पष्ट कहा कि दिल्ली की सीमाओं के भीतर ग्रामीणों पर टैक्स का बोझ अन्यायपूर्ण है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि दिल्ली के इतिहास में कभी भी शहर के भीतर टोल टैक्स नहीं लगाया गया। सरकार ने ग्रामीणों की जमीन कौड़ियों के भाव अधिग्रहित कर ली, अब हम किस बात का टैक्स दें? उन्होंने कहा कि टोल की वजह से ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, जिससे उनके आक्रोश का स्तर बढ़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल में नांगलोई 9 के प्रधान सुरेश शौकीन, जाट महासभा के प्रधान राजेंद्र डागर, चौधरी मुख्तियार सिंह, सुरेंद्र डबास, धर्मेंद्र सहरावत, सुरेंद्र लाकड़ा, अमित खरब, हवा सिंह डबास और राजेंद्र नीलवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### जरूरत पड़ी तो केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी से भी चर्चा संभव

मुलाकात के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मांग पूरी तरह से जायज है और इस मुद्दे का समाधान जल्द निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो इस विषय पर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी चर्चा की जाएगी।


### आज पंचायत में तय की जाएगी आगे की रणनीति

बताया गया कि आज, रविवार को बिंदापुर में खाप पंचायत बुलाई गई है, जिसमें आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। ग्रामीणों ने साफ किया है कि जब तक टोल टैक्स पूरी तरह से समाप्त नहीं होता, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

■ मंत्री ने दिया आश्वासन मांगे जायज, जल्द निकाला जाएगा समाधान

---

# नाबालिगों ने छात्र के सीने में घोंपा चाकू



■ जख्मी हालत में पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में स्कूल के बाहर 15 वर्षीय एक लड़के पर कुछ नाबालिगों ने चाकू से हमला किया। घायल अवस्था में छात्र खुद थाने पहुंचा और पुलिस को आपबीती बयां की। पुलिस ने कार्रवाई स्वरूप तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार वारदात चार सितंबर की है। लड़का खून से लथपथ हालत में थाने पहुंचा था। उसके सीने में चाकू घुसा हुआ था। उसे कलावती सरन अस्पताल ले जाया गया था। बाद में उसे राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के लिये रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उसके सीने से चाकू सफलतापूर्वक निकाल लिया। प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला है कि लगभग 10-15 दिन पहले आरोपी नाबालिगों में से एक को कुछ लड़कों ने पीटा था। उसे शक था कि पीड़ित ने ही हमले के लिए उकसाया था। बदला लेने के लिए लड़का और उसके दो साथी स्कूल के गेट के पास पीड़ित से भिड़ गए और उसे चाकू मार दिया। डीसीपी निधि वलसन ने कहा कि नाबालिगों में से एक ने उस पर चाकू से वार किया, जबकि उसके साथी उसे पकड़े रहे। चाकू मारने से पहले उनमें से एक ने लड़के को टूटी हुई बीयर की बोतल दिखाकर धमकाया भी था। इस मामले में पहाड़गंज थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। कुछ ही घंटों के अंदर 15 और 16 साल की उम्र के तीनों आरोपियों को आराम बाग इलाके से हिरासत में ले लिया गया।

---


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विमल शर्मा उर्फ बिट्टा पुत्र** महेन्द्र शर्मा **निवासी**: म.नं. 288, जी–ब्लॉक, गली नं. 12, दूसरा तल, संग्राम विहार, दिल्ली एवं दूसरा निवास G-12/365, संगम विहार, पुष्पा भवन, दिल्ली ने **FIR No. 80/18 U/s 374/411/34 IPC थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विमल शर्मा उर्फ बिट्टा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विमल शर्मा उर्फ बिट्टा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 80/18 U/s 374/411/34 IPC थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विमल शर्मा उर्फ बिट्टा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ राज कुमार सिंह
एलडी. जेएमएफसी-05, कमरा नं. 241
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11656/CD/2025
(Court Matter)


---

### ब्रह्मा कुमारी संगठन आध्यात्मिक शिक्षा श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण करता है: सिरसा

**नई दिल्ली।** ब्रह्माकुमारीज संगठन द्वारा शनिवार को डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित शिक्षकों का राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर मौजूद दिल्ली सरकार में मंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ब्रह्माकुमारी विश्व की सबसे बड़ी संस्था है जो नारी शक्ति का परिचायक है। सिरसा ने कहा कि यहां की आध्यात्मिक शिक्षा श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण करता है। राजयोग विचार प्रयोगशाला प्रदर्शन का अवलोकन किया और इसे अद्भुत कहा। उन्होंने संगठन को लेकर कहा कि समाज के लिए कुछ करना हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है, जिसे कुछ संगठन पूरी मेहनत व इमानदारी से निभा रहे है। इस अवसर पर सिरसा के अलावा संगठन की बी के शिवानी, डॉक्टर मोहित गुप्ता, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान) के अध्यक्ष प्रो. टी. जी. सीताराम, राजयोगी बी.के. मृत्युंजय और राजयोगिनी बीके चंद्रिका सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर अपने संबोधन में बी के शिवानी ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने हेतु मूल्य-आधारित शिक्षा जरूरी है। प्रो. टी. जी. सीताराम ने छात्रों में बढ़ते हुए अवसाद की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, आज हर तीसरा विद्यार्थी अवसादग्रस्त है। केवल तकनीकी शिक्षा ही पर्याप्त नहीं, इसके साथ हमारी आंतरिक प्रज्ञा और आत्मबल को बढ़ाने वाला आध्यात्मिक शिक्षा भी आवश्यक है। राजयोगी बी.के. मृत्युंजय ने शिक्षा में आध्यात्मिकता को समाहित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नयी शिक्षा नये संस्कार और नयी सृजन प्रक्रिया का कार्य स्वयं परमात्मा का है।

### गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ, के उद्घोष के साथ धूमधाम से विदा हुए गजानन

**नई दिल्ली।** रिद्धि सिद्धि के स्वामी गणपति बप्पा मोरया को दसवें दिन शनिवार को भक्तों ने पूरी धूमधाम से नाचते गाते विदा किया। छोटे बड़े आयोजकों ने धूमधाम से यात्राएं निकालते हुए गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ, के उद्घोष के साथ धूमधाम से गजानन महाराज को विदा किया। जगह जगह निकली यात्राओं के चलते दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में यातायात जाम देखने को मिला। गणपति भक्तों ने अपनी अपनी श्रद्धा व शक्ति के अनुसार भणरे, लडडू, बुंदी, फलसहित अन्य मिष्ठानों को प्रसाद स्वरूप वितरण किया। लोगों ने एक दूसरे के ऊपर रंग अबीर गुलाल उड़ाते हुए उत्साह दिखाया। कोर्ट के निर्देश पर यमुना नदी में मूर्तियों आदि के विसर्जन पर रोक के चलते दिल्ली सरकार ने कई जगह कृत्रिम तालाब निर्मित किए जिनमें गणपति की मूर्तियों का विसर्जन किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भक्तों ने गणेश चतुर्थी के दिन गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की थी, जो दसवें दिन गणेश गणेश चतुर्थी के दिन शनिवार विसर्जन की गई। कई जगह तीन, पांच, सात दिन के बाद भी मूर्ति विसर्जन करने की परंपरा रही है।

### सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने : सचदेवा



सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही हमारी सामूहिक संकल्पना है। भाजपा केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित हुई प्रदेश कार्यशाला के बाद दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मीडिया को यह जानकारी दी। सचदेवा ने बताया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार ने भी इस सेवा पखवाड़े में जनसेवा से जुड़े कार्यों का शुभारंभ करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के नेतृत्व में और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा सहित सांसद, दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, जिला अध्यक्ष व पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष तक के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सचदेवा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान स्वास्थ्य, शिविर, खेल कूद प्रतियोगिता और चित्रकला जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आह्वान पर और दिल्ली सरकार के सहयोग से सेवा ही संगठन के भाव से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान हेतु सेवा कार्य दिल्ली के हर वर्ग तक पहुंचाने का लक्ष्य है।


---

### मध्य जिले के पहाड़गंज थाने की पुलिस ने दिखाई बहादुरी

# आधी रात को लगी आग से छह लोगों की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

पहाड़गंज में शुक्रवार आधी रात के आग लग गई। पहाड़गंज थाने में आग लगने की सूचना जैसे ही पीसीआर कॉल के जरिये प्राप्त हुई पुलिस अफसर तुरंत हरकत में आ गये। एसएचओ, पुलिस कर्मचारी और पीसीआर टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग बुझाने और बचाव के लिए सात दमकल गाड़ियां भी घटनास्थल पर बुलाई गई। थोक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में फंसे छह लोगों को बचाया गया। पुलिस कर्मियों ने बहादुरी से लोहे की ग्रिल तोड़कर नाइट गार्ड को बचाया। सभी लोगों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया। किसी को गंभीर चोट की सूचना नहीं है। आग लगने का प्रारंभिक कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।




डीसीपी निधि वलसन के अनुसार ई-ब्लॉक, फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान, पहाड़गंज में आग की सूचना तड़के दो बजे मिली थी। यह इमारत एक थोक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स (डीएसआईडीसी फ्लैट्स) है, जो आमतौर पर रात 10:30 बजे के आसपास बंद हो जाता है। हालांकि रात पार्सल के जरूरी काम के कारण पांच कर्मचारी देर तक काम कर रहे थे। आग लगने पर वे नाइट गार्ड के साथ ऊपरी मंजिलों पर फंस गए। नाइट गार्ड के बयान के अनुसार आग इमारत के निकास द्वार के पास लगी, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया और मजदूर और गार्ड अंदर फंस गए। आग भूतल पर लगी और जल्द ही घना धुआं पूरे परिसर में फैल गया। पहाड़गंज थाना प्रभारी, एएसआई जितेंद्र कुमार, धीरज कुमार, पीसीआर कर्मचारियों और अग्निशमन अधिकारियों के त्वरित, समन्वित और साहसी प्रयासों से ऊपरी मंजिलों से फंसे हुए छह लोगों को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान दो पुलिसकर्मियों ने बहादुरी से एक भारी पत्थर उठाया और उसे इमारत के पिछले हिस्से में एक खिड़की की लोहे की ग्रिल पर पटक दिया, जिससे एक रास्ता बन गया और गार्ड को बचाया जा सका। ऊपरी मंजिलों पर फंसे अन्य पांच मजदूरों को अग्निशमन दल की सहायता से बचा लिया गया। जिन लोगों को बचाया गया उनके नाम सागर पुत्र राजू पंडित, निवासी झुग्गी अंबेडकर नगर, आरके आश्रम के पास, संतोष पत्नी राजू ठाकुर, निवासी 8459 मुल्तानी भांडा, गली नंबर 1, पहाड़गंज, अनिरुद्ध पुत्र वंश गोपाल (सुरक्षा गार्ड), निवासी डी-5/229, कुंवर सिंह नगर, नांगलोई, छोटू पुत्र रामपाल, निवासी ग्राम धतरा कलां, हाथरस, देव पुत्र रामपाल निवासी ग्राम धतरा कलां, हाथरस और सन्नी पुत्र भोला राम, निवासी ए-17, धतरा कलां, हाथरस हैं।

---


**अंका इंडिया लिमिटेड**

पंजी. कार्या. : 6 लीजेंड स्क्वेयर, सेक्टर-33, गुरुग्राम-122004;
CIN: L74900HR1994PLC033268; Email id: response@ankaindia.com;
Phone no: 9355511187; website: www.ankaindia.com

**31वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना, ई-वोटिंग जानकारी**

सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी') अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से मंगलवार, 30 सितम्बर 2025 को अप. 4.00 बजे आईएसटी आयोजित की जाने वाली अंका इंडिया लिमिटेड ("दि कम्पनी") की 31वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम" अथवा "दि मीटिंग") की सूचना का उन सदस्यों को प्रेषण 05 सितम्बर 2025 को पूर्ण कर लिया गया है जिनके ई-मेल आईडीज कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अथवा उनके सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास नियामक अपेक्षाओं के अनुरूप पंजीकृत हैं। आगे, सटीक पथ समेत वेबलिंक, जहां वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना उपलब्ध है, प्रदान करते हुए एक पत्र उन सदस्यों को भेजा जा रहा है जिनका ई-मेल पता कम्पनी, रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेट(एस) के पास पंजीकृत नहीं है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 और उनके तहत बनाये गये नियमों तथा कम्पनी मामलों का मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी इस मामले पर सभी लागू सरकुलर्स के साथ पठित भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के सभी लागू प्रावधानों की अनुपालन में, कम्पनी इसके सदस्यों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान की गई दूरस्थ ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से सूचना में विनिर्दिष्ट सभी बिजनेसेज पर इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा एजीएम में मतदान करने के लिए उनके हकदार का उपयोग करने के लिए सुविधा प्रदान कर रही है। दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा हेतु विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना जो सदस्यों को भेजी गई है, में निहित है।

कम्पनी अधिनियम 2013 और नियमों के प्रावधानों के तहत विवरण निम्नानुसार दिये गये हैं :-

1. भौतिक मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य जो अपने ई-मेल पते कम्पनी के पास पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से **response@ankaindia.com** अथवा अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को **rta@alankit.com** पर पैन कार्ड की एक स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करते हुए और फोलियो नम्बर के विवरण सहित कम्पनी को लिखकर इन्हें पंजीकृत करवाने/अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।
2. डिमैटीरिलाइज्ड मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य, जो अपने ई-मेल पते अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स, जिनके पास वे अपने डिमैट अकाउंट्स मेनटेन करते हैं, के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत करवाने/अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।
3. दूरस्थ ई-वोटिंग के प्रयोजन हेतु कट-ऑफ तिथि मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 है।
4. ई-वोटिंग की अवधि : ई-वोटिंग शनिवार, 27 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे से प्रारम्भ होगी और सोमवार, 29 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। कृपया ध्यान दें कि दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति उपरोक्त समय व तिथि के पश्चात नहीं दी जाएगी।
5. व्यक्ति जो शेयर अर्जन कर चुके हैं और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के सदस्य बनते हैं तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार 05 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करते हैं, एजीएम की सूचना में प्रदान किए अनुसार दूरस्थ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और निर्देशों का पालन करते हुए अपने मतदान कर सकते हैं।
6. एजीएम सूचना कम्पनी की वेबसाइट https://www.ankaindia.com/financial-statements/ annual-reports, स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") www.bseindia.com और सीडीएसएल की वेबसाइट पर www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।
7. कोई व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा कट-ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वे ही दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में मतदान की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु सीडीएसएल के पास पहले से ही पंजीकृत है, तो मतदान करने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
8. वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्य, जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान करने के लिए सक्षम होंगे।
9. सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर चुके हैं, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु एजीएम में दोबारा अपना मतदान करने के लिए हकदार नहीं होंगे।
10. ई-वोटिंग हेतु प्रक्रिया, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होना और शेयरधारकों द्वारा ई-मेल आईडी का पंजीकरण एजीएम की सूचना में प्रदान किया गया है। ये कम्पनी की वेबसाइट : https://www.ankaindia.com/financial-statements/annual-reports, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लि. की वेबसाइट www.evotingindia.com और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट : www.bseindia.com पर उपलब्ध है।
11. यदि आपके पास एजीएम में उपस्थित रहने और सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली से ई-वोटिंग के सम्बन्ध में कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिख सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 1800 22 55 33 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
12. किन्हीं प्रश्न / शिकायत के मामले में सदस्य श्री अनु शर्मा, कम्पनी सचिव से 6 लीजेंड स्क्वेयर सेक्टर-33 गुरुग्राम-122004 पर सम्पर्क कर सकते हैं, ई-मेल आईडी response@ankaindia.com.
13. ई-वोटिंग का परिणाम 30 सितम्बर 2025 को या इसके पश्चात परन्तु एजीएम के समापन से 48 घंटे तक घोषित किया जाएगा। ई-वोटिंग परिणाम और संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.ankaindia.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर सदस्यों को सूचित करने के प्रयोजन हेतु डाले जाएंगे, इसके अतिरिक्त बीएसई लिमिटेड जहां कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं, को संचारित किए जा रहे हैं।

कृते अंका इंडिया लि.
हस्ता/-
अनु शर्मा
कम्पनी सचिव

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 06.09.2025

## राहत शिविर...




नई दिल्ली। बाढ़ प्रभावित इलाकों के निवासी मयूर विहार में फ्लाईओवर के नीचे शरण लेते हुए। फोटो : एजेंसी



नई दिल्ली। बाढ़ प्रभावित लोगों द्वारा उस्मानपुर में फ्लाईओवर के नीचे बांधे गए मवेशी। फोटो : एजेंसी



नई दिल्ली। बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत शिवर में फॉगिंग करता नगर निगम कर्मचारी। फोटो : एजेंसी

### घटने लगा यमुना का जलस्तर, कई इलाके अभी भी डूबे हुए

# निचले इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों का जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा में कमी आने के बाद दिल्ली में यमुना के जलस्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके चलते शनिवार शाम यमुना का जलस्तर घटकर 206 मीटर पर आ गया। जो कई दिन से 207 मीटर के आसपास था। हालांकि जलस्तर अब भी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है। केंद्रीय जल आयोग का अनुमान है कि जलस्तर में यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। वहीं यमुना में आई बाढ़ के चलते निचले इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। आईटीओ ब्रिज के पास बने राहत शिविरों में सैकड़ों परिवार मजबूरी में बसर कर रहे है। यमुना नदी के किनारे बसी तिब्बती कॉलोनी में बाढ़ के चलते अब सन्नाटा पसरा है। ग्राउंड फ्लोर पर रहने वालों में कई लोग तो अब अपने रिश्तेदारों के पास कुछ दिनों के लिए शिफ्ट हो चुके है। यमुना बाजार 32 घाट कॉलोनी में अब भी बाढ़ का पानी भरा है और लोग मोरी गेट के पास बने राहत शिविरों में रह रहे है। आईटीओ ब्रिज के पास भी राहत शिविर बनाया गया है, जिसमें यमुना के निचले इलाके में खेती करने वाले मजदूरों को शिफ्ट किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से शनिवार सुबह नौ बजे 50,629 क्यूसेक और वजीराबाद बैराज से करीब 1,17,260 क्यूसेक पानी और छोड़ा गया। यह पानी 48 से 50 घंटे में दिल्ली पहुंचता है। इससे संभावना जताई जा रही है कि यमुना के जलस्तर पर आज और बढ़ोतरी हो सकती है। बता दें कि पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के जोखिमों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु है। अधिकारियों के अनुसार स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और सभी संबंधित एजेंसियां अलर्ट पर हैं। नदी के पास निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के अस्थायी आवास के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे, मयूर विहार, कश्मीरी गेट और आसपास के इलाकों में टेंट लगाए गए हैं।

### सिविल लाइंस इलाके में नहीं घुसा बाढ़ का पानी, स्थिति नियंत्रण में : प्रवेश वर्मा



नई दिल्ली। सिविल लाइंस इलाके में बाढ़ का एक बूंद पानी भी नहीं है। पूरे शहर को बाढ़ ग्रस्त बताना पूरी तरह ग़लत नैरेटिव है। सच्चाई यह है कि स्थिति नियंत्रण में है। यह बातें दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सिविल लाइंस और बाढ़ ग्रस्त इलाके का दौरा करने के दौरान कही। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि उन्होंने शनिवार को सिविल लाइंस और रिंग रोड और निगम बोध घाट दोनों जगह हालात का जायजा लिया। हकीकत यह है कि सिविल लाइंस जैसे इलाकों में पानी की एक बूंद तक नहीं है। चूंकि यमुना का पानी सिविल लाइंस में न घुसे इसके लिए ड्रेन के मुंह बंद कर दिए गए थे जिससे कल हुई बारिश का पानी सड़क पर भर गया था, जिसे पम्पिंग से निकाला जा रहा है। पूरे शहर को बाढ़ ग्रस्त बताना पूरी तरह गलत नैरेटिव है। सच्चाई यह है कि स्थिति नियंत्रण में है। मंत्री प्रवेश ने अपने दौरे का एक वीडियो एक्स पर जारी करते हुए कहा कि मोनेस्ट्री मार्किट में पानी भरा है क्योंकि यह यमुना क्षेत्र में हैं जो अवैध है। इसे हम हटा नहीं रहे हैं। यहां रह रहे लोगों को राहत शिविरों में रखा गया है। जहां उनको भोजन आदि की पूरी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बाढ़ की स्थिति कंट्रोल में है। हमारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विधायक और अधिकारी सभी सड़क पर हैं। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

### पंजाब को भाग्य पर छोड़ कर गुजरात में राजनीतिक भ्रमण कर रहे हैं केजरीवाल : सचदेवा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने हमेशा से माना ही नहीं कहा भी है कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल एक संवेदनहीन इंसान है जिन्हें जनता के दुख सुख से कोई संबंध नहीं वह केवल अपने राजनीतिक लाभ हानि का हिसाब रखते हैं और आज उन्होंने यह साबित भी कर दिया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को केजरीवाल पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी यानि अरविंद केजरीवाल शासित पंजाब बाढ़ ग्रस्त है, पंजाब में आज चारो ओर बर्बादी है, मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान अस्वस्थ हैं उस वक्त केजरीवाल को जिन पंजाबियों ने उन्हें अभूतपूर्व समर्थन दिया, को भाग्य पर छोड़ कर गुजरात में राजनीतिक भ्रमण कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में भी यमुना किनारे बाढ़ का संकट है और चांदनी चौक एवं ओखला जिन दो विधानसभा क्षेत्रों में थोड़ा ज्यादा संकट है वहां से आज भी आप विधायक हैं, पर अरविंद केजरीवाल को उनकी भी चिंता नहीं है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की पंजाब को पांच करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पंजाब के लिए पांच करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की और कहा कि उनकी सरकार बाढ़ प्रभावित राज्य की कोई भी अन्य सहायता करने के लिए तैयार है। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि दिल्ली, पंजाब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता देने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दिल्ली सरकार की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा कर रहे हैं और मैं राज्य के इस गंभीर हालात से जल्द उबरने की कामना करती हूं। पंजाब इस समय पिछले कई दशकों की सबसे भयानक बाढ़ का सामना कर रहा है। हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियों का जलस्तर बढ़ने और बरसाती नालों के उफान पर आने की वजह से यह बाढ़ आई है।

### बाढ़ का पानी घटने के साथ टाटा पावर ने प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति सुचारू करने की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** कई दिनों बाद यमुना नदी में पानी का जलस्तर घटना शुरू होते ही शनिवार को निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने दावा किया है कि बाढ़ में राहत मिलने से अब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य जारी है। जानकारी देते हुए टाटा पावर-डीडीएल ने बताया कि सावधानी बरतते किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को सुरक्षा के लिहाज से बंद कर दिया गया था। क्योंकि प्रत्येक उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में प्रमुख रूप से शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि लेकिन अब जलस्तर घटने के साथ ही चरणबद्ध तरीके से बिजली बहाली का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह प्रक्रिया सभी संबंधित प्राधिकरणों से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने और व्यापक सुरक्षा जांच पूरी करने के बाद ही की जा रही है, ताकि बिजली बहाली पूरी तरह सुरक्षित ढंग से हो सके। चरणबद्ध बहाली की जा रही है और बिजली आपूर्ति केवल उचित निरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही पुनः शुरू की जा रही है। हम इस कठिन समय में उपभोक्ताओं के धैर्य, सहयोग और समर्थन के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। कंपनी अपने फ्रंटलाइन कार्यबल की अथक निष्ठा की सराहना करते हैं, जो सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार चौबीसों घंटे सामान्य स्थिति बहाल करने में जुटे हुए हैं।

## दिल्ली के एनएच-44, गड्ढे वाला फ्लाईओवर बंद

### गुरुवार सुबह सड़क धंसने से हो गया था गहरा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के एनएच-44 स्थित सिंघोला गांव के पास बने फ्लाईओवर मार्ग के बंद होने और नीचे सर्विस लेन पर यातायात दबाव कम करने के लिए एनएचएआई ने अब सिंघु-कुंडली बॉर्डर से दिल्ली की तरफ वाले फ्लाईओवर के आधे-आधे हिस्से पर दोनों तरफ का यातायात चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि दिल्ली के एनएच-44 स्थित सिंघोला गांव के पास बने फ्लाईओवर मार्ग पर बारिश के बाद गुरुवार सुबह सड़क धंस गई और उस पर गहरा गड्ढा हो गया। महज दो-तीन साल पहले तैयार हुए इस पुल के अचानक धंसने से एनएचएआई की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गुरुवार को हादसे की आशंका देखते हुए प्रशासन ने तुरंत इस फ्लाईओवर को बंद कर दिया। नतीजतन, दिल्ली से सिंघु-कुंडली बॉर्डर की ओर जाने वाले वाहनों को सर्विस लेन पर डायवर्ट कर दिया गया, जिससे अलीपुर बकौली की तरफ पीछे तक घंटों लंबा जाम लग गया।

#### एनएचएआई और ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य पर उठाए सवाल

लंबे यातायात जाम से परेशान निजी वाहन चालकों और यात्रियों ने सोशल मीडिया पर एनएचएआई और ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य की गुणवत्ता पर जमकर सवाल उठाए। हालांकि, सवाल यह है कि करोड़ों की लागत से बना फ्लाईओवर कुछ सालों में ही क्यों धंस गया और क्या इसके निर्माण में घटिया सामग्री या लापरवाही बरती गई? स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की गुणवत्ता में कमी और जलनिकासी व्यवस्था के अभाव ने हादसे की स्थिति पैदा की।

### सरकार की ओर से सफाई, पानी व स्वास्थ्य सुविधाएं भी होगी उपलब्ध

# रामलीला मंचन और दुर्गा पूजा पंडालों को मिलेगी 1200 यूनिट मुफ्त बिजली : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में रामलीला मंचन और दुर्गा पूजा पंडालों को दिल्ली सरकार 1200 यूनिट फ्री में बिजली प्रदान करेगी। इसके साथ ही इन आयोजनों के लिए अनुमति सिंगल विंडो सिस्टम से मिलेगी। इस बात की घोषणा शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में रामलीला व दूर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके अलावा सरकार की ओर से सफाई, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने आयोजकों से यह भी अपील की है कि वे अपने इस धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों में सामाजिक संदेश भी फैलाएं ताकि लोगों में जागरूकता आए और वे दिल्ली को लेकर एक पॉजिटिव अप्रोच रखें। मुख्यमंत्री ने आयोजकों से यह भी अपील की कि वे अपने आयोजन को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े से भी जोड़ें। इस बैठक में बिजली मंत्री आशीष सूद, कला व संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के अलावा कई विधायक, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, डीडीए उपाध्यक्ष, एमसीडी कमिश्नर, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की रामलीलाएं और दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव हैं बल्कि ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता के प्रतीक भी हैं। ये पर्व हमारे सामाजिक ताने-बाने, एकता और भाईचारे का भी प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लिए हमारी सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी आयोजन पूर्ण आस्था व भक्ति भाव, सुचारू और सुरक्षित ढंग से पूरे हों। इसलिए उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि नागरिक पूरी श्रद्धा और आनंद के साथ उत्सव का हिस्सा बन सकें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि यह प्रभु श्री राम की कृपा है कि 27 वर्षों बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में बनी है। यह सरकार जनता की आशाओं-अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलीला और दुर्गा पूजा समितियां अपने आयोजन में कम से कम एक दिन स्वास्थ्य शिविर लगाएं और सरकार द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी को अवश्य शामिल करें, ताकि जनता तक उपयोगी संदेश पहुंच सके।

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
के सहयोग से
दिल्ली यातायात पुलिस
द्वारा आयोजित

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक 13.09.2025 को इन सात कोर्ट परिसरों में

कोर्ट परिसर
पटियाला हाउस | कड़कड़डूमा | तीस हजारी
साकेत | रोहिणी | द्वारका | राउज एवेन्यू

नोटिस/चालान डाउनलोड करने और प्रिंटआउट लेने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट पर लॉग इन करें:
https://traffic.delhipolice.gov.in/notice/lokadalat
या क्यूआर कोड स्कैन करें।

यह लिंक 08.09.2025 को सुबह 10:00 बजे से सक्रिय होगा और चालान/नोटिस की सीमा 1,80,000 समाप्त होने तक उपलब्ध रहेगा।
प्रतिदिन अधिकतम 60,000 चालान/नोटिस डाउनलोड किए जाएंगे।

अधिक जानकारी के लिए
हमें फॉलो करें:- व्हाट्सएप : 8750871493 @dtptraffic @dtptraffic @dtptraffic
24 घंटे यातायात हेल्पलाइनः- 011-25844444 / 1095

वेबसाइट : www.traffic.delhipolice.gov.in
ई-मेल : Info.traffic@delhipolice.gov.in

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
राउज़ एवेन्यू जिला कोर्ट्स काम्प्लेक्स,
तीसरा तल, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002
हेल्प लाइन 1516

एक यातायात प्रहरी बनें
यातायात प्रहरी ऐप डाउनलोड करें
App Store व Google Play

DP/9798/2025

सी.पी., दिल्ली को cpdelhi@delhipolice.gov.in पर ई-मेल करें। सी.पी., दिल्ली को पो.ऑ. बॉक्स नं. 171, जी.पी.ओ., नई दिल्ली पर लिखें।
तुरंत पुलिस सहायता के लिए कॉल करें 112
पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547

खबर संक्षेप


## बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए भेजी राहत सामग्री



**गाजियाबाद।** हनुमान चालीसा टीम और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच महानगर ने शनिवार को मिलकर पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा को लेकर समाज में जनजागरण अभियान चलाया और पंजाब में राहत सामग्री इकट्ठा की और उसे पंजाब भेजा। बलप्रीत के माध्यम से गुरुद्वारा सिंह सभा के माध्यम से पंजाब भेजा गया।

## अवैध रुप से रह रही नाईजीरियन महिला काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी दयालबाग की टीम ने अवैध रुप से रह रही एक नाईजीरियन महिला के



विरुद्ध मामला पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 सितम्बर को पुलिस चौकी दयालबाग प्रभारी उप निरीक्षक संदीप को सूचना मिली कि सेक्टर-39 में एक विदेशी महिला किराये के मकान में अवैध रुप से रह रही है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी दयालबाग की टीम मौके नाईजीरिया वासी एक महिला ओबियोर प्रिसियस नगोजी को काबू किया।

## अवैध हथियार रखने वाले 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है,



इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टा बरामद किए है। क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने पवन निवासी जैतपुर दिल्ली को इस्माइलपुर फरीदाबाद से 1 देसी कट्टा सहित व क्राईम ब्रांच एनआईटी ने रिजवान राजपूत को सेक्टर 56 के पास से 1 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार स्कूटी, बाइक बरामद



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराधए मुकेश कुमार के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा वाहन चोरों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है, इसी क्रम में अपराध शाखा एवीटीएस व एनआईटी की टीम ने दो वाहन चोरो को चोरी की स्कूटी व मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है।आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# अमृता विश्व विद्यापीठम भारत के शीर्ष 10 विवि व शीर्ष 10 मेडिकल कॉलेजों में शामिल

**अमृता को भारत के सभी विश्वविद्यालयों में 8वां और मेडिकल कॉलेजों में 9वां स्थान मिला है, जिससे यह दोनों श्रेणियों में देश के शीर्ष 10 में शामिल हो गया है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अमृता विश्व विद्यापीठम (अमृता विश्वविद्यालय) जो भारत के प्रमुख बहु.परिसर, बहु.विषयक शिक्षण और अनुसंधान संस्थानों में से एक है ने एक बार फिर शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में देश के श्रेष्ठ संस्थानों में अपनी जगह पक्की कर ली है। अमृता को भारत के सभी विश्वविद्यालयों में 8वां और मेडिकल कॉलेजों में 9वां स्थान मिला है, जिससे यह दोनों श्रेणियों में देश के शीर्ष 10 में शामिल हो गया है। इसके साथ ही अमृता ने 2017 से लगातार आठवें वर्ष टॉप 10 विश्वविद्यालयों की सूची में जगह बनाने का दुर्लभ गौरव प्राप्त किया है। 2003 में स्थापित अमृताए भारत के प्रमुख विश्वविद्यालयों में सबसे युवा संस्थान भी है, जिसके 10 परिसरों के माध्यम से यह देशभर में सक्रिय है।

**शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग के लिए मान्यता प्राप्त**



### 200 से अधिक अग्रणी संस्थानों के साथ अनुसंधान में साझेदारियां

*इस वर्ष की मजबूत रैंकिंग का एक प्रमुख कारण अमृता के व्यापक वैश्विक सहयोग हैं। विश्वविद्यालय ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कोलंबिया यूनिवर्सिटी, किंग्स कॉलेज लंदन और यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो सहित विश्वभर के 200 से अधिक अग्रणी संस्थानों के साथ शैक्षणिक और अनुसंधान साझेदारियां की हैं। इन सहयोगों ने अत्याधुनिक अनुसंधान, छात्र विनिमय कार्यक्रम और नवाचार की गतिशील संस्कृति को प्रोत्साहित किया है, जिससे अमृता की पहचान एक वैश्विक रूप से जुड़ी संस्था के रूप में और भी मजबूत हुई है।*

### अथक योगदान ने यह मान्यता संभव बनाई

*इस उपलब्धि पर अमृता विश्व विद्यापीठम के कुलपति डॉ. पी. वेंकट रंगन ने कहा कि भारत के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में लगातार शामिल होना और एक बार फिर शीर्ष 10 मेडिकल कॉलेजों में आना अमृता के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करुणा.आधारित अनुसंधान पर अटल ध्यान का प्रतिबिंब है। हमारी कुलाधिपति श्री माता अमृतानंदमयी की दृष्टि के अंतर्गत हमने ऐसे मानक स्थापित किए हैं जो विश्व स्तरीय शिक्षा को सामाजिक कल्याण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के साथ संतुलित करते हैं। मैं हमारे संकाय कर्मचारियों और छात्रों का गहरा आभार व्यक्त करता हूंए जिनके अथक योगदान ने यह मान्यता संभव बनाई है।*

### केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने ग्राम पंचायत कोट में

# 2 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शुभारंभ


**केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया**

- विकास कार्यों से न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी
- बिना भेदभाव के समान रूप से किया जा रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला फरीदाबाद के एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट में विकास को एक नई दिशा देते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने शनिवार को लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर एनआईटी विधायक सतीश फागना भी उपस्थित थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ हुआ है। इसमें कोट गांव से मांगर तक सडक़ मार्ग का निर्माण, गांव में बारात घर का निर्माण, गांव के मुख्य रास्ते का निर्माण, शमशान घाट तथा गली का निर्माण कार्य शामिल है। इन कार्यों पर लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन



विकास कार्यों से न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। केन्द्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। केंद्र और राज्य सरकार फरीदाबाद में निरंतर विकास कार्य कर रही है। फरीदाबाद के प्रत्येक सेक्टर, कॉलोनी और गांव में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत के तहत बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास किया जा रहा है।

### आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं

*केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और स्थानीय विधायक सतीश फागना ने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु निर्देश दिए गए, जिससे आमजन में समाधान को लेकर विश्वास और संतुष्टि देखने को मिली। इस अवसर पर पंचायत समिति के चेयरमैन छत्रपाल भाटी, वाईस चेयरमैन आजाद भड़ाना, सरपंच केसर सिंह मावी, जिला पार्षद हरिंदर भड़ाना, भाजपा नेता कविंदर फागना सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।*

### सरकार त्वरित कार्रवाई में रखती है भरोसा

# बाढ़ में बच्चा गंवाने वाले परिजनों को मंत्री ने सौंपा 4 लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राज्य सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज भूपानी में उस बाढ़ पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए चार लाख रुपए का चैक सौंपा। जिसका 11 वर्ष का बच्चा बाढ़ की भेंट चढ़ गया था। इस अवसर पर नागर ने कहा कि हम परिवार के इस बड़े नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकते हैं लेकिन चैक केवल इस बात का द्योतक है कि राज्य सरकार त्वरित



कार्रवाई में भरोसा रखती है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही नागर ने सरकार की ओर से चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की थी और आज खुद पीड़ित परिवार को यह चैक सौंप दिया।

### समस्त उत्तर भारत में बाढ़ के हालात

*मंत्री नागर ने बताया कि इस वर्ष बारिश के मौसम में सामान्य से बहुत ज्यादा जल बरसने के कारण समस्त उत्तर भारत में बाढ़ के हालात हैं। हरियाणा भी इसे अछूता नहीं है और हरियाणा के 11 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं इनमें जमुना किनारे बसा होने से फरीदाबाद में भी काफी जल हमारे गांवों में घुस आया है। फिलहाल हमारी प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा करने की है, फसल के नुकसान का आकलन भी करके उसका मुआवजा जल्द ही सरकार द्वारा दिया जाएगा।*

### बाढ़ इलाकों में जाने से बचें

*उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे राहत एवं सहयोग कार्यों की प्रशंसा की और इसे मौके की जरूरत बताया। कहा कि लोग बाढ़ वाले इलाकों में जाने से बचें। उन्होंने बाढ़ग्रस्त अरूआ, चांदपुर, मोठूका आदि गांवों के आसपास बने बाढ़ राहत शिविरों का भी दौरा किया ।*

### 15 दो पहिया वाहन, 4 फर्जी नंबर प्लेट और चोरी करने की 3 एलएन चाबियां भी बरामद

# 200 से अधिक दो पहिया वाहन चोरी करने वाले राजन गिरोह के 5 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच व थाना क्रासिंग रिपब्लिक पुलिस ने शनिवार को दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय राजन गैंग का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 15 दो पहिया वाहन, चोरी करने की 3 एलएन चाबियां व 4 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि आरोपियों को एबीएस तिराहा शाहबेरी क्रासिंग रोड से मुखबिर की सूचना के आधार पर चैकिंग के दौरान पकड़ा गया है। उनकी निशादेही पर अंसल एक्वापोलिस सोसायटी के बंद पडे अधबने टावर से 15 अदद दुपहिया वाहन अभियुक्तगणो की निशादेही पर बरामद किए गए। गिरफ्तार बदमाशों रोहन गिरोह का सरगना है, जबकि अन्य आरोपियों में इरफान, मेजर, अश्वनी मिश्रा तथा अश्वनी शर्मा है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि गैंग का मुख्य सरगना रोहन चौधरी उर्फ राजेश उर्फ राजन है। जो मूलतः मुरादनगर गाजियाबाद



का रहने वाला है व पूर्व मे दो हत्या, जिसमें वर्ष 2007 में हत्या के मामले थाना रोहिणा सेक्टर 7 दिल्ली से जेल गया था। तब वह नाबालिग था। गुरुग्राम से भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। वह वाहन चोरी के मामले मे कई बार दिल्ली के रोहिणी से व गाजियाबाद के मोदीनगर, मुरादनगर, निवाडी, साहिबाबाद, इन्द्रापुरम व मेरठ के थाना परतापुर से भी जेल जा चुका है। मार्च में ही डासना जेल से छूटकर बाहर आया है गैंग बनाकर दिल्ली एनसीआर मे दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहा था। अन्य आरोपियों में रोहन अधिकतर हाई स्पीड बाइक को चोरी करने का मास्टरमाइंड है। रोहन पूर्व से अब तक 200-250 दुपहिया वाहनो की चोरी की वारदात को कबूल किया है ।

### सम्मान दिवस पर होगी हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी रैली

# भाजपा के शासन में महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इनेलो सुप्रीमो चौ. अभय सिंह चौटाला ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों से हरियाणा में भाजपा की सरकार ने केवल लोगों में जात-पात का जहर घोलने और धर्म के नाम पर बांटने और प्रदेश का भाईचारा खराब करने का काम किया है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। इससे पहले भाजपा और जेजेपी की गठबंधन सरकार में शराब, गेहूं, धान और रजिस्ट्री के बड़े घोटाले हुए। आम आदमी का इस सरकार से लोगों का अब पूरी तरह से मोहभंग हो चुका है। अभय सिंह चौटाला इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा के संयोजन में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान फरीदाबाद की धरा पर पहुंचने पर इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा के नेतृत्व में अभय चौटाला का इनेलो कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान जहां मोहना, खेड़ी गांव सहित कई गांवों की मौजिज सरदारी ने अभय चौटाला व रामपाल माजरा को सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया वहीं सैकड़ों लोग इनेलो में आस्था जताते हुए पार्टी में शामिल हुए जिन्हें अभय चौटाला ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।


## आर श्याम इंडिया इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : स्पेस नं. 920, कीर्ति शिखर बिल्डिंग, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनक पुरी, बी-1, पश्चिम दिल्ली नई दिल्ली, भारत-110058
CIN: L67120DL1983PLC015266, Email Id: info@aarshyam.in

**वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि आर श्याम इंडिया इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड ("दि कंपनी") के सदस्यों की 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") सोमवार, 29 सितम्बर, 2025 अप. 03:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में स्पेस नं. 920, कीर्ति शिखर बिल्डिंग, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनक पुरी, बी-1, पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, भारत-110058 में कंपनी के एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेसेज का सम्पादन करने के लिए आयोजित की जानी निर्धारित है।

एजीएम की सूचना, अन्य बातों के साथ-साथ दूरस्थ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके को इंगित करते हुए, उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फॉर्म के साथ उन सदस्यों को प्रेषण, 06 सितम्बर, 2025 को, जिनके नाम डिपॉजिटरी से प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थियों की सूची में दर्ज हैं, सदस्य, जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत की है, को ई-मेल के माध्यम से ; अन्य सदस्य, जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, को डाक के माध्यम से पूर्ण कर लिया गया है।

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमों, 2014, संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित, कंपनी अधिनियम, 2013 (दि 'एक्ट') की धारा 108 के और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 (दि 'लिस्टिंग रेगुलेशंस') के नियमन 44 और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक (एसएस-2) के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से कंपनी की एजीएम आयोजित करने की सूचना में निर्दिष्ट किसी भी या सभी बिजनेसेज पर इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान (दूरस्थ ई-वोटिंग) करने के उनके अधिकार का उपयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार विवरण निम्नानुसार हैं :

ए) या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य और जिनके नाम डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 22 सितम्बर, 2025 ('पात्र सदस्य') के अनुसार दर्ज है, वे दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में आयोजित किए जाने वाले मतदान द्वारा कम्पनी की एजीएम बुलाने की सूचना में विनिर्दिष्ट किसी अथवा सभी बिजनेस पर उनके मताधिकार का उपयोग करने के लिए हकदार होंगे ;
बी) दूरस्थ ई-वोटिंग शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025 को पूर्वा. 09:00 बजे प्रारम्भ होगी ;
सी) दूरस्थ ई-वोटिंग रविवार, 28 सितम्बर, 2025 को अप. 5:00 बजे समाप्त होगी ;
डी) इसके बाद दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल मतदान के लिए अयोग्य कर दिया जाएगा और इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक बार कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर मतदान कर देता है, तो सदस्य को तदोपरांत इसको परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ;
ई) सदस्य ध्यान दें कि :
- मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और बैठक में उपस्थित वे सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, मतपत्र के माध्यम से बैठक में अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए सक्षम होंगे ;
- कोई सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, परन्तु एजीएम में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

एफ) यदि कोई व्यक्ति एजीएम सूचना के प्रेषण के पश्चात परन्तु कट ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 22 सितम्बर, 2025 को या इससे पूर्व कंपनी का सदस्य बनता तो, evoting@nsdl.co.in पर आग्रह भेजकर लॉगन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
जी) कोई व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि के अनुसार दर्ज है, केवल वे ही दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा के साथ-साथ मतपत्र के माध्यम से एजीएम में मतदान करने का लाभ प्राप्त करने के हकदार होंगे।
एच) किन्हीं प्रश्नों के मामले में, आप सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) और https://www.evoting.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध सदस्यों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा श्री दीपक गौतम, कम्पनी सचिव से info@aarshyam.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।
आई) निदेशक मंडल ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दूरस्थ ई-वोटिंग और इंस्टा पोल प्रक्रिया के माध्यम से मतदान की संवीक्षा करने के लिए संवीक्षाकर्ता के तौर पर श्री आकाश गोयल, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव को नियुक्त किया है।
जे) कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स एजीएम के प्रयोजन हेतु मंगलवार, 23 सितम्बर, 2025 से सोमवार, 29 सितम्बर, 2025 (दोनों दिन मिलाकर) तक बंद रहेंगे।

सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग पर विस्तृत प्रक्रिया और तरीके हेतु एजीएम की सूचना को पढ़ सकते हैं। इलैक्ट्रोनिक वोटिंग के सम्बन्ध में कम्पनी के सदस्यों की कोई शिकायत अथवा प्रश्नों को ऊपर उपलब्ध करवाए गए विवरण के अनुरूप भेजा जा सकता है।

एजीएम आयोजित करने की सूचना और अन्य संबंधित दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.aarshyam.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.co.in पर उपलब्ध होंगे।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते आर श्याम इंडिया इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड
हस्ता/-
(दीपक गौतम)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एम. नं. : एसीएस59578

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 06.09.2025


### विद्युत खपत की 60% आवश्यकता की होगी पूर्ति

# एनसीआरटीसी यूपी में लगाएगा 110 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने नियमित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए यूपी में 110 मेगावाट (एसी) की ग्रिड कनेक्टेड सौर पीवी (फोटोवोल्टिक) पावर संयंत्र स्थापित करेगा। इसके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस परियोजना से उत्पन्न विद्युत का उपयोग दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर ट्रेनों के परिचालन और स्टेशनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। यह परियोजना कैप्टिव मोड के तहत स्थापित की जाएगी। इस कदम से एनसीआरटीसी विद्युत पर होने वाले



व्यय में प्रभावी कटौती करने में सक्षम होगी। एनसीआरटीसी का लक्ष्य दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर की कुल ऊर्जा आवश्यकता का 60 प्रतिशत तक हरित ऊर्जा के माध्यम से पूरा करना है। इसके लिए एक सरकारी इकाई के साथ संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) बनाकर 110 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह संयंत्र यूपी के किसी भी हिस्से में स्थापित किया जा सकता है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति दृढ़ समर्पण के साथ एनसीआरटीसी का लक्ष्य पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की कुल ऊर्जा आवश्यकता का 70 प्रतिशत सौर ऊर्जा के माध्यम से पूर्ण करना है। 82 किमी लंबे सम्पूर्ण नमो भारत कॉरिडोर के संचालित होने पर कॉरिडोर के स्टेशनों, डिपो और रिसीविंग-सब स्टेशनों समेत अन्य जगहों पर स्थापित सौर ऊर्जा रूफ टॉप प्लांटों से 15 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन करने का लक्ष्य है। भविष्य में तैयार होने वाले 110 मेगावाट (एसी) की ग्रिड कनेक्टेड सौर पीवी (फोटोवोल्टिक) पावर परियोजना संयंत्र से लगभग 60 प्रतिशत सौर ऊर्जा उत्पन्न करने का लक्ष्य पूर्ण हो जाएगा।

### परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

*यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सालाना लगभग 1,77,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन कम होने का अनुमान है। यह सौर ऊर्जा संयंत्र उत्तर प्रदेश राज्य ग्रिड से जोड़ा जाएगा, जिससे नमो भारत कॉरिडोर पर इस ग्रिड के माध्यम से विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस ग्रिड के माध्यम से नमो भारत कॉरिडोर पर बनाए गए रिसीविंग-सब स्टेशनों (आरएसएस) में विद्युत आपूर्ति की जाएगी, जिसके बाद आरएसएस से कॉरिडोर पर विद्युत की आपूर्ति की जा सकेगी।*


## फ्रिक इंडिया लिमिटेड

FRICK
पंजी. कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद-121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, E-mail- cs@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 Web: www.frickweb.com

**सूचना**

**62वीं वार्षिक सामान्य बैठक, सदस्यों के रजिस्टर के क्लोजर की सूचना तथा दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी**

**एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि** फ्रिक इंडिया लिमिटेड ("दि कम्पनी") की 62वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से कम्पनी अधिनियम, 2013 ('एक्ट') के सभी लागू प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों तथा कम्पनी मामलों का मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी सामान्य सरकुलर दिनांक 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 05 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 08 दिसम्बर 2021, 14 दिसम्बर 2021, 05 मई 2022, 28 दिसम्बर 2022 और 25 सितम्बर 2023 तथा सरकुलर नं. 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकता) नियमनों, 2015, सामूहिक रूप से एमसीए सरकुलर्स और सम्बद्ध सेबी सरकुलर्स के रूप में संदर्भित, के अनुपालन में 62वीं वार्षिक सामान्य बैठक बुलाने की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस का सम्पादन करने के लिये आयोजित की जाएगी।

62वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना और 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों समेत कम्पनी की 62वीं वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां https://frickweb.com/wp-content/uploads/2025/09/1 compressed.pdf. पर उपलब्ध है, उन सभी सदस्यों को जिनके ई-मेल आईडीज कम्पनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट www.frickweb.com तथा एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती), रजिस्ट्रार तथा ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट Annual Report 2025.pdf पर भी उपलब्ध हैं। 05 अगस्त 2025 को फाइनैंशियल एक्सप्रैस में और हरिभूमि समाचार-पत्रों में कम्पनी द्वारा प्रकाशित समाचार-पत्र सूचना दिनांक 05 अगस्त 2025 में वर्णित अनुसार, चूंकि वार्षिक सामान्य बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, अतः सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट का भौतिक प्रेषण नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्तूबर 2023 और SEBI/HO/CFD/CFD/PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024 के अनुसरण में, वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड प्रति प्रस्तुत करने के तहत छूट 30 सितम्बर 2025 तक बढ़ा दी गई है। यद्यपि, वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय विवरण (बोर्ड रिपोर्ट, ऑडिटर रिपोर्ट अथवा यहां इसके साथ संलग्न किए जाने वाले अन्य अपेक्षित दस्तावेजों समेत) और वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना की हार्ड प्रतियां उन सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएगी, जो इसके लिए आग्रह करेंगे।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ('दि एक्ट') की धारा 108, इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक (एसएस-2) और सेबी (लिस्टिंग ऑबलीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में, कम्पनी इसके सदस्यों को एजीएम में सम्पादित किए जाने वाले बिजनेस के सम्बन्ध में एजीएम से पूर्व / के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग/ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है और इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से मतदान को आसान बनाने के लिए एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती), रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट को इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से मतदान को आसान बनाने के लिए नियुक्त कर चुकी है।

सदस्य जो या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट ऑफ तिथि अर्थात 19 **सितम्बर** 2025 के अनुसार शेयरधारण करते हैं, दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अथवा ई-वोटिंग द्वारा एजीएम में मत देने के हकदार होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

ए. दूरस्थ ई-वोटिंग प्रारम्भ होने की तिथि व समय : **मंगलवार 23 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 10.00 बजे से।**
बी. दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा **बृहस्पतिवार 25 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे** के पश्चात नहीं दी जाएगी।
सी. दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा 62वीं एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने के लिये कट ऑफ तिथि **शुक्रवार 19 सितम्बर 2025** है।
डी. सदस्य जो बुधवार, 03 सितम्बर 2025 के पश्चात (जोकि शेयरधारकों को 62वीं एजीएम सूचना के इलैक्ट्रोनिक प्रेषण की तिथि है) और उपरोक्त कट-ऑफ तिथि तक कम्पनी के शेयर अर्जन कर चुके हैं, दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु cs@frickmail.com (कम्पनी सचिव) अथवा enotices@in.mpms.mufg.com जोकि शेयर ट्रांसफर एजेंट के पते पर और निम्न वर्णित अनुसार सम्पर्क विवरण पर आग्रह भेजकर अपने लॉगइन विवरण प्राप्त कर सकते हैं।
ई. सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं दे चुके हैं, 62वीं वार्षिक सामान्य बैठक में ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ("दि एक्ट") की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑबलीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 42 के अनुसरण में एतद द्वारा यह भी सूचना दी जाती है। लाभांश, यदि अनुमोदित होता है, उन सदस्यों को भुगतानयोग्य होगा जिनके नाम रिकॉर्ड तिथि अर्थात 19 सितम्बर 2025 के अनुसार सदस्यों के कम्पनी के रजिस्टर में पंजीकृत होंगे।

इलैक्ट्रोनिक वोटिंग हेतु कृपया ई-वोटिंग वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in को लोगऑन करें। कृपया इलैक्ट्रोनिकली मतदान से पूर्व 62वीं एजीएम की सूचना में टिप्पणियों में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यदि आपके पास ई-वोटिंग से सम्बन्धित कोई पूछताछ अथवा मामले हैं तो आप बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूज") और हैल्प सैक्शन के तहत https://instavote.linkintime.co.in पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा enotices@in.mpms.mufg.com पर एक ई-मेल भेजें अथवा टेली. 022-49186000 पर सम्पर्क करें।

सदस्य कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट से : एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती), नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट एनएच-2, सी-1 ब्लॉक एलएससी निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, टेली. +91 11 49411000, +91-11-41410592 / 93 / 94, टेली फैक्स : 011-41410591, ई-मेल : delhi@in.mpms.mufg.com से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
अमित सिंह तोमर
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता सं. ए46813

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 04 सितम्बर, 2025

**खबर संक्षेप**

## पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे के बेटे के शोरूम में चोरी

**बांका।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के बेटे अर्जित शाश्वत के मंदार हीरो मोटरसाइकिल शोरूम में



शुक्रवार देर रात चोरी की बड़ी वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने शोरूम के पीछे बने वेंटीलेटर को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे लगभग चार लाख रुपये नकद एवं कुछ चांदी के सिक्के चोरी कर फरार हो गए। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना बांका जिले की है।

## आकाश आनंद के ससुर की भी बसपा में वापसी

**लखनऊ।** बसपा में मायावती ने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को भी दोबारा पार्टी में



शामिल कर लिया है। कुछ महीने पहले आकाश से जिम्मेदारियां छीनने व एक्शन लेते समय मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को ही निशाने पर लिया था। शनिवार को अचानक अशोक सिद्धार्थ ने हाथ जोड़कर मायावती से माफी मांगी। चंद घंटे बाद मायावती ने माफ करते हुए बसपा में शामिल करने का ऐलान कर दिया।

## शारदा नदी में 20 लोगों से भरी नाव पलटी

**लखीमपुर खीरी।** यहां शनिवार को हादसा हो गया। बाढ़ प्रभावित गांवों से नकहा बाजार आ रहे



ग्रामीणों की नाव नौव्वापुर निर्माणाधीन पुल से टकरा कर शारदा नदी में पलट गई। नाव में करीब बीस लोग सवार थे। 18 तैर कर बाहर आ गए। लेकिन एक पिता और उसकी बेटी लापता है। सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

### झारखंड में कोडरमा रेलवे स्टेशन पर हादसा

# पुराना फुटओवर ब्रिज नीचे खड़ी मालगाड़ी पर जा गिरा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के कोडरमा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को उस वक्त एक बड़ा हादसा होने से टल गया जब यहां बने पुराने फुट ओवर ब्रिज को हटाने के दौरान वह नीचे पटरी पर खड़ी मालगाड़ी पर जा गिरा। शाम करीब चार बजे हुए इस हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि गनीमत यह रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। यह दुर्घटना कोडरमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर सात पर हुई।

दरअसल अमृत भारत योजना



के तहत प्रदेश के कोडरमा रेलवे स्टेशन को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके चलते शनिवार को स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए बने पुराने पैदल ब्रिज को खोलकर हटाया जा रहा था, तभी क्रेन की केबल टूट गई। रस्सी के टूटते ही पैदल पुल का खुला हुआ हिस्सा नीचे गिर गया।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सीवान जिला प्रशासन ने कई कदम उठाए हैं। 10 साल के अपराधियों की सूची बनेगी व चुनावी सभास्थलों का चयन होगा। डीएम ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए योजना बनाने व वाहनों का आकलन करने का निर्देश दिया है

# चुनाव के दौरान वोटरों को धमकाने वालों की सूची की जाएगी तैयार, बनेगा एक्शन

एजेंसी ▶▶ सीवान

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में सभी प्रमुख कोषांगों का गठन करते हुए पदाधिकारियों की इसकी जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश ने कहा है कि 10 साल के अंदर चार्जशीटर व सांप्रदायिक एवं जाति विवाद सहित वोटरों को धमकाने वालों की सूची तैयार की जाएगी। इसका एक्शन प्लान भी बनाया जाएगा। ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा सके और शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न किया जा सकें। डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्रखंड क्षेत्र में चुनावी



सभास्थल व हेलीपैड के लिए स्थल का चयन करते हुए इसकी सूची तैयार कर लें। साथ ही अर्द्ध सैनिक बलों के आवासन से लेकर शौचालय व स्नानागार तक की व्यवस्था पहले से कर लें।

### *फ्लैग मार्च का रूट चार्ट भी तय करने के निर्देश*

*डीएम ने कहा है कि फ्लैग मार्च का रूट चार्ट भी तय कर लें। इसके लिए हर प्रखंड व संबंधित इलाके के अनुसार पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। सभी बीडीओ व थानाध्यक्ष चुनावी सभा स्थल का निरीक्षण कर लेंगे।उसकी क्षमता अंकित करते हुए सूची बना लें ताकि, चुनावी सभा के लिए राजनीतिक दलों के द्वारा स्थल की मांग किए जाने पर उन्हें उपलब्ध कराया जा सकें। सभी बीडीओ को भी चुनाव के दौरान लगाए जाने वाले वाहनों का आकलन करने एवं उसकी सूची वाहन कोषांग को उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया है।*

### यूपी में बस ड्राइवरों के लिए योगी सरकार का फरमान

# हर 3 महीने में मेडिकल व फिटनेस जांच आवश्यक

सीएम योगी ने कहा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पास देश में सबसे बड़ा बेड़ा है। इतनी बड़ी संख्या में सेवाएं देना अपने आप में एक उपलब्धि है, लेकिन इसके साथ ही चुनौतियां भी कम नहीं हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर तीन माह में बस चालकों की मेडिकल और फिटनेस जांच अनिवार्य होनी चाहिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि फाइल को लटकाने की आदत बंद करनी पड़ेगी। जनसुनवाई को तेजी से आगे बढ़ाना पड़ेगा। विभाग में टीम वर्क को और सशक्त बनाना पड़ेगा तो परिणाम आने में देर नहीं लगेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं का शुभारंभ और डिजिटल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बस चालकों का नियमित मेडिकल और फिजिकल फिटनेस टेस्ट हर तीन महीने में अनिवार्य रूप से कराया जाए। विशेष रूप से आंखों की जांच जरूरी है ताकि दृष्टि दोष के कारण दुर्घटनाएं न हों।



### *अंदाजे से गाड़ी चलाने की नहीं दी जा सकती छूट*

*उन्होंने कहा कि सड़क पर अंदाजे से गाड़ी चलाने की छूट नहीं दी जा सकती। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पास देश में सबसे बड़ा बेड़ा है। इतनी बड़ी संख्या में सेवाएं देना अपने आप में एक उपलब्धि है, लेकिन इसके साथ ही चुनौतियां भी कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग से अल्पकालिक (3 वर्ष), मध्यम अवधि (10 वर्ष) और दीर्घकालिक (22 वर्ष) योजनाएं तैयार करने का आह्वान किया।*

### *हर व्यक्ति की सुरक्षा परिवहन विभाग की जिम्मेदारी*

*उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है। यदि किसी यात्री की जान बचती है तो यह विभाग की सकारात्मक छवि बनाता है, लेकिन लापरवाही से जान जाने पर न केवल विभाग की बदनामी होती है, बल्कि आर्थिक क्षति भी होती है।*

### *सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान जरूरी*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाना होगा। इसके लिए आईआईटी खड़गपुर जैसी संस्थाओं की तकनीकी मदद, पुलिस और अन्य विभागों का समन्वय, साथ ही स्कूलों में ट्रैफिक नियमों पर शिक्षा जरूरी है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे में ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग जैसी स्थितियों पर कड़े नियम लागू करने और मीडिया-डिजिटल, प्रिंट, सोशल व विजुअल के माध्यम से प्रचार-प्रसार बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून कभी-कभी कठोर लगता है लेकिन यही कानून अंततः आपकी सुरक्षा और जीवन की गारंटी है।*

### *सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी*

*मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या विभाग की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग- गांव-शहर, युवा-बुजुर्ग, महिला-पुरुष की साझा जिम्मेदारी है। जब सभी लोग इसमें जुड़ेंगे तो सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक लाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विकसित एक ऐप के जरिए अत्यधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों की पहचान की गई, जिससे कई स्थानों पर हादसों की संख्या घटकर महीने में 18 से घटकर 3 तक हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के साथ-साथ हमें प्रकृति के अनुरूप विकास करना होगा. प्रधानमंत्री के नेट जीरो एमिशन लक्ष्य को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल महत्वपूर्ण माध्यम हैं।*

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव का तंज

# चुनाव आयोग है जुगाड़ आयोग, पितृ पक्ष के बाद गांव चलो अभियान शुरू

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग का नाम ही बदल दिया। उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे पर तंज कसते हुए इसे भाजपा सरकार का जुगाड़ आयोग बताया। साथ ही समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण पर भी निशाना साधा। कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र के पुनगरा और भरखरा गांव में शनिवार को आए कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में वोट चोरी के मामले पर कहा कि जिले के एक नेता कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर बड़े अधिकारी बन गए। इसके बाद जनता को गुमराह कर विधायक बन गए फिर मंत्री भी बन गए। वह सपा पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। सरकार उस समय के अफसरों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है, जब प्रदेश में सपा की सरकार थी। उनका जो जुगाड़ आयोग है उससे कहें कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे। यदि कार्रवाई नहीं होती है तो यह मान लेना कि उन्होंने (असीम अरुण) यह बात सही नहीं कही है। अखिलेश ने कहा कि सरकार प्रतिदिन दो करोड़ रुपए का टोल टैक्स वसूल रही है। इसके बाद भी एक्सप्रेसवे की दशा नहीं सुधर रही है। इस सरकार में काऊ मिल्क प्लांट, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, राजकीय मेडिकल कॉलेज, कॉडियोलॉजी और इंजीनियरिंग कॉलेज सब बर्बाद हो गए। बिहार चुनाव को लेकर कहा कि बिहार की जनता निष्पक्ष चुनाव चाहती है।

**पितृ पक्ष के बाद सपा शुरू करेगी गांव चलो अभियान:** सपा पितृ पक्ष के बाद प्रदेश में गांव चलो अभियान प्रारंभ करेगी। इसमें वरिष्ठ पदाधिकारी गांवों में जाकर रात्रि विश्राम करेंगे। पीडीए चौपाल लगाएंगे और लोगों को सपा के पक्ष में लामबंद करेंगे। जातीय आधार पर अधिकारियों की तैनाती का मुद्दा भी उनके सामने रखेंगे। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और विधानसभा आम चुनाव की मतदाता सूचियों पर नजर रखने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को तैयार करेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची को लेकर सजग रहने के निर्देश दिए हैं।

# बिहार चुनाव में महागठबंधन नहीं इंडिया उतरेगा झामुमो और पशुपति की रालोजपा भी आई साथ

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की बड़ी सूचनाएं आने लगी हैं। सबसे पहली सूचना यह कि बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन नहीं, बल्कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन-इंडिया का नाम चलेगा। दूसरी बात यह कि लोकसभा चुनाव के समय से भटकते रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को आखिरकार इस विपक्षी गठबंधन का सहारा मिल गया है। तीसरी बात यह कि झारखंड मुक्ति मोर्चा भी विपक्षी गठबंधन- इंडिया की सीट शेयरिंग में एक दल बन गया है। और, चौथी सूचना कि इस महीने की 15 तारीख तक इस गठबंधन में सीटें तय करने के लिए सहमति बन गई है।

### महागठबंधन में बाहरी दल नहीं थे, इंडिया में नए दल

बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ते समय महागठबंधन था। महागठबंधन मूलतः राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला गठबंधन है, जबकि इंडिया का नेतृत्व कांग्रेस के पास है। शनिवार को महागठबंधन की बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने ऐलान किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा भी विपक्षी गठबंधन- इंडिया के साथ सीटें बांटकर उतरेगा।



### पशुपति कुमार पारस की पार्टी को अंततः मिला ठिकाना

लोकसभा चुनाव के दौरान दिवंगत राम विलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस ने महागठबंधन के भरोसे में रहकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ दिया था। चुनाव निकल गया, लेकिन वह न उधर के रहे और न इधर के। पिछले दिनों वह राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से भी मिले थे। तेजस्वी यादव से भी बात कर रहे थे। लेकिन, अब बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने घोषणा की कि पशुपति कुमार पारस की पार्टी- राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (राजोजपा) भी विपक्षी गठबंधन के साथ सीटें बांटते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सामने ताल ठोकेगी।

### सीटों पर अभी कोई गतिरोध नहीं, 15 तक सारा फैसला

बिहार में विपक्षी गठबंधन- इंडिया की सीटों का बंटवारा 15 सितंबर तक कर लिए जाने का दावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया। सीटों के लिए दबाव बनाने के कारण मीडिया में चर्चित रहे विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी ने भी शनिवार की बैठक के बाद कहा कि सीट बंटवारे पर सबकुछ सहजता से हो रहा है। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में चुनाव लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा भी समय पर हो जाएगा। इस सवाल का जवाब किसी दल के नेता ने नहीं दिया कि कांग्रेस की ओर से तेजस्वी यादव के नेतृत्व को लेकर बयान क्यों नहीं आ रहा है?

### बिहार में 243 सीटें, झामुमो की इच्छा 16 सीटों की

राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में आए झारखंड के सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख हेमंत सोरेन ने राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से भी मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने झारखंड पहुंचकर बिहार विधानसभा चुनाव में उतरने का संकेत दिया था। बताया जा रहा है कि झामुमो ने बिहार की 16 विधानसभा सीटों- कटोरिया, चकाई, ठाकुरगंज, कोचाधामन, रानीगंज, बनमनखी, धमदाहा, रुपौली, प्राणपुर, छातापुर, सोनवर्षा, झाझा, रामनगर, जमालपुर, तारापुर, मनिहारी पर उतरने की इच्छा जताई है।

### खमरियापुल में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

# धार्मिक स्थल पर किया पथराव पुलिस ने घटना को छिपाए रखा

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

यहां थाना जहानाबाद क्षेत्र के अति संवेदनशील गांव खमरियापुल में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शरारती तत्वों ने धार्मिक स्थल पर पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पथराव में एक युवक घायल हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि शाही चौकी पुलिस की मौजूदगी के बावजूद घटना को छिपाने का प्रयास किया गया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया। फिलहाल गांव में स्थिति तनावपूर्ण होने के चलते पुलिस बल तैनात है। ग्राम खमरियापुल, जो पिछले कई वर्षों से संवेदनशील श्रेणी में है, एक बार फिर तनाव का केंद्र बन गया। चार सितंबर की रात करीब 8:30 बजे धार्मिक स्थल पर कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने धार्मिक स्थल पर पत्थर फेंक दिए।



पथराव में स्थानीय निवासी हसमुद्दीन की आंख के पास चोट लग गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने शाही चौकी पुलिस को दी। आरोप है कि पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन समुदाय विशेष के आरोपों पर दूसरे समुदाय के युवकों से समझाकर लौट गई और घटना को छिपाए रही। आरोप है कि उसी रात करीब 10:30 बजे दोबारा मस्जिद पर पथराव हुआ। इस दौरान भी शाही चौकी पुलिस सक्रिय नहीं रही। जब ग्रामीणों ने सीधे उच्चाधिकारियों को जानकारी दी, तब जाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### बिना अनुमति निकाला बारावफात का जुलूस

# नारेबाजी के साथ की हुड़दंग 30 गिरफ्तार, 14 बाइक सीज

एजेंसी ▶▶ फिरोजाबाद

यूपी के फिरोजाबाद में बिना अनुमति बावफात जुलूस निकालना और हुड़दंग मचाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 30 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही उनके पास से 14 बाइक बरामद की गई, पुलिस ने उन्हें भी सीज कर दिया। मामला थाना उत्तर, दक्षिण, रामगढ़ एवं रसूलपुर का है। पांच सितंबर को बारावफात के जुलूस के बाद 40 से 50 युवक गैरपरम्परागत मार्ग से वापस आ रहे थे। इस दौरान युवकों ने नारेबाजी शुरू कर दी और जमकर हुड़दंग मचाया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी। थाना उत्तर पुलिस द्वारा वीडियो के आधार पर



तत्काल कार्यवाही करते हुए लोगों को चिह्नित किया। इसमें थाना उत्तर पर 525/25 धारा 223(क)/126(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने वीडियो के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार चौरसिया के नेतृत्व में थाना उत्तर पर 3 पुलिस टीमों का गठन किया। इसमें थाना उत्तर पुलिस टीम ने वीडियो के आधार पर 30 अभियुक्तों को तीन अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया।

## पेज एक का शेष

### कनाडा ने स्वीकारी सच्चाई ...

खालिस्तानी आतंकियों के मामले को लेकर भारत और कनाडा के संबंधों में बीते वक्त में काफी गिरावट देखने को मिली थी। लेकिन ओटावा में आई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की नई सरकार के बाद हालात कुछ बदलते हुए नजर आ रहे हैं। भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच पूर्व में हुई द्विपक्षीय बैठक से इसके साफ तौर पर प्रमाण मिलते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी को बताया...

यह है ट्रंप का बयान : व्हाइट हाउस में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्न के जवाब में अमेरिका के राष्ट्रपति ने जहां एक ओर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हमेशा के लिए अपना मित्र और एक महान प्रधानमंत्री बताया। वहीं, दूसरी ओर भारत-अमेरिका के बीच विशेष संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें कोई चिंता की बात नहीं है। भारत को चीन के हाथों खो देने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमने ऐसा किया है, जैसा कि आप जानते हैं। मेरी मोदी के साथ बहुत अच्छी बनती है। वह कुछ महीने पहले यहां आए थे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम दोनों रोज गार्डन भी गए थे।

### यूक्रेन में शांति का ...

शांति और स्थिरता की बहाली पर जोर दिया। दोनों शीर्ष नेताओं ने यह तय किया कि वो आगे भी इसी तरह से एक-दूसरे के संपर्क में बने रहेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और स्थिरता की बहाली के लिए साथ मिलकर काम करते रहेंगे। ज्ञात हो कि फ्रांस के राष्ट्रपति पिछले महीने व्हाइट हाउस में यूक्रेन में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में हुई बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की और यूरोप के कई अन्य नेताओं के साथ मौजूद थे।

### ब्रिटेन की टीम...

इसलिए खारिज किया था क्योंकि उन्हें भारतीय जेलों की स्थिति पर आपत्ति थी। भारत के कुल 178 प्रत्यर्पण अनुरोध विदेशों में लंबित हैं, जिनमें से लगभग 20 मामले ब्रिटेन में अटके हुए हैं। इनमें हथियारों के सौदागरों और खालिस्तानी नेटवर्क से जुड़े लोगों के नाम भी शामिल हैं। जुलाई 2025 में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा था कि भारत लगातार ब्रिटेन सरकार के सामने अपना पक्ष रख रहा है ताकि वहां रहे भगोड़ों को कानूनी प्रक्रिया के लिए भारत वापस लाया जा सके। विजय माल्या का मामला सबसे चर्चित है जो फिलहाल लंदन में हैं। इसी तरह नीरव मोदी, जो पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी है वह ब्रिटेन की जेल में बंद है। दिसंबर 2019 में भारत ने उसे फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर घोषित किया था। नीरव मोदी की संपत्तियां भी प्रवर्तन निदेशालय ने जब्त कर रखी हैं। ब्रिटेन की अदालत ने पहले ही प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।

### झोले में एक....

कराया जा रहा है। कलश चोरी करने वाले आरोपी की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा।

### आज नहीं तो कल थिएटर...

लेकर यह बयान वायुसेनाप्रमुख और नौसेनाप्रमुख द्वारा बीते करीब दो सप्ताह पहले इस मामले पर अपने विचार रखने के बाद दिया गया है।

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने का लगा आरोप

# सपा विधायक इकबाल महमूद पर योगी सरकार ने चलाया बुलडोजर

एजेंसी ▶▶ संभल

यूपी के संभल जिले के समाजवादी पार्टी के एक विधायक नवाब इकबाल महमूद के बाग पर प्रशासन ने बुलडोजर एक्शन हुआ है। प्रशासन का आरोप है कि विधायक ने बाग में सरकारी जमीन अवैध रूप से कब्जा कर ली थी, जिसे अब मुक्त करा लिया गया। अधिकारियों ने कहा है कि इस दौरान सरकारी जमीन पर खड़ा एक कटहल का पेड़ भी कटा हुआ मिला। समाजवादी पार्टी के विधायक का यह मामला संभल के ही रायसत्ती थाना क्षेत्र के मंडलाई गांव का है। यहां पर विधायक नवाब इकबाल महमूद और उनके बेटों फैज इकबाल व सुहैल इकबाल के नाम पर लगभग 123 बीघा जमीन के बाग हैं। विधायकों को लेकर आरोप है कि इसी बाग में सरकारी जमीन भी शामिल है, जिसके बाद प्रशासन ने एक्शन लिया।



### *शनिवार को बुलडोजर एक्शन के लिए पहुंचा था प्रशासन*

*सरकारी जमीन को विधायक के कब्जे से मुक्त कराने के लिए शनिवार की सुबह एसडीएम विकास चंद्र, नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। टीम ने नलकूप विभाग और वन विभाग को भी बुलाया गया, जिससे किसी भी तरह की चूक नहीं हो इसके बाद मौके पर बुलडोजर रुकवाया गया और विधायक की तरफ से किया गया अतिक्रमण हटवा दिया गया।*

### *राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर हुआ एक्शन*

*सपा विधायक के बाग पर हुए बुलडोजर एक्शन को लेकर अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई पूरी तरह राजस्व रिकॉर्ड और सरकारी भूमि के पैमाने के आधार पर की गई। इसके चलते बाग की सीमाओं का मिलान कर कब्जाई गई जमीन को मुक्त करा लिया गया। अधिकारियों ने बताया है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।बुलडोजर एक्शन को लेकर समाजवादी पार्टी खेमे के नेताओं ने नाराजगी जताई। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई सिर्फ सरकारी भूमि को मुक्त कराने के लिए है और आगे भी ऐसे मामलों में बुलडोजर से कार्रवाई की जाएगी।*



# जब कोई अपना हो परेशान-तनावग्रस्त
# कुछ देर रहने दें उसे अपने मन के साथ

हम सभी के जीवन में परेशानियां और तनाव के क्षण आते रहते हैं। ऐसे में कुछ लोग दूसरों से सलाह लेने में असहज महसूस करते हैं, वे नहीं चाहते कि उनसे कोई सवाल पूछा जाए। वे कुछ समय तक अपने मन के साथ एकांत रहना चाहते हैं। इस कंडीशन में हमें अपने अजीज की भावनाओं का सम्मान करना चहिए।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दिनों मशहूर कैनेडियन सिंगर जस्टिन बीबर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि वह टूट चुके हैं। गुस्से की समस्या से जूझ रहे हैं। जस्टिन ने अपनी मानसिक सेहत को लेकर भी चिंता जताई। दुनिया भर में मशहूर इस सिंगर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्से की समस्या है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जो मुझे कहते रहे कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए। यही बात मुझे और ज्यादा थका देती है, ज्यादा गुस्सा दिलाती है।' अपनी एक दूसरी पोस्ट में जस्टिन यह भी कह चुके हैं कि 'मुझसे यह पूछना बंद करो कि मैं ठीक हूं या नहीं। मुझसे यह पूछना भी बंद करो कि मैं कैसा हूं? क्या कर रहा हूं? मैं जानता हूं कि हम सभी के लिए जीवन कठिन है। आइए हम अपने लोगों को प्रोत्साहित करें, न कि अपनी सुरक्षाओं को एक-दूसरे पर प्रोजेक्ट करें। हर बार आपकी चिंता देखभाल के रूप में सामने नहीं आती है। यह सिर्फ अजीब रूप से ऑप्रेसिव यानी चिंता और तकलीफ थोपने वाली भी हो सकती है।'

### उचित नहीं ज्यादा सवाल-सलाह

असल में जस्टिन के विचार आम लोगों के लिए भी सार्थक सलाह लिए हैं। इस युवा और चर्चित चेहरे की बातें किसी अपने-पराए के जीवन में आई हैरान-परेशान करने वाली परिस्थितियों में हरदम कुछ पूछते रहने के बर्ताव पर लगाम लगाने की जरूरत को रेखांकित करती हैं। समझना आवश्यक है कि उलझाऊ हालातों में, क्या चल रहा है? कैसा चल रहा है? कैसे हो? खुश क्यों नहीं दिखते हो? या टेंशनफ्री होने-रहने का प्रयास करो। जैसी सलाहों और सवालों का दोहराव हमारे प्रिय की मुश्किलों को और बढ़ा देता है। पहले से ही तकलीफ के घेरे में आए मन को और पीड़ा देने लगता है। डगमगाते मन से जूझते युवा और सशंकित हो जाते हैं। अपने ही जीवन की दिशा को लेकर घेरने वाली ये शंकाएं-आशंकाएं और भटकाने वाली साबित होती हैं। साथ ही मन में आक्रोश भी उपजने लगता है, कभी खुद के प्रति तो कभी उन अपनों-परायों को लेकर, जो बिन मांगी सलाहें देते हैं। हर समय सवाल पूछते हैं। सही गाइडेंस की जरूरत बताते हुए पहले से ही उलझे-बिखरे दिलो-दिमाग को और भटकाते हैं। ऐसे दौर में किसी भी इंसान को थोड़ा समय देना सही रहता है। समस्याओं से जूझ रहा इंसान चाहता है कि कोई बेवजह सवाल ना पूछे। आते-जाते तसल्ली ना दे। बात-बात में कोई नसीहत कोई राय ना मिले। ऐसी बातें और बर्ताव मददगार बनने के बजाय मनोभावों को और उलझाते हैं।

### संभलने का समय दें

मन हो या जीवन, किसी भी मोर्चे पर प्रतिकूल परिस्थितियों में पूछताछ करने वाले हमारे अपनों का इरादा हर बार गलत नहीं होता है। बावजूद इसके परेशान मन को संभलने का समय देने के



बजाय जांच-पड़ताल करते रहने का व्यवहार मन को ठेस पहुंचाता है। इसीलिए जान-पहचान वाले घर में किसी व्यक्ति की नौकरी छूट जाए। उम्मीद के मुताबिक परीक्षा का परिणाम ना आए। रिश्ते-नाते टूट जाएं या कोई हारी-बीमारी घेर ले तो ऐसे में उनकी निजता का सम्मान करना जरूरी है। आमना-सामना होने पर असहज महसूस करवाने वाले प्रश्नों के बजाय संभलने का समय देना चाहिए। बहुत से लोग दूसरों से अपना सब कुछ नहीं बताना चाहते। ऐसी परिस्थितियों में कोई गाइडलाइन देने के बजाय गंभीरता से उनकी मनःस्थिति को समझना एक अच्छा तरीका है। बेहतर महसूस करने के बाद वे स्वयं आपसे अपनी बात साझा करने की सोचेंगे। अगर नहीं तो यह उनका अधिकार है कि वे कितना और क्या दूसरों को बताना चाहते हैं? युवा पीढ़ी अपने निजी जीवन में दूसरों की ताक-झांक को ज्यादा पसंद नहीं करती। ऐसे में समझना आवश्यक है कि आपका संवाद



एकतरफा तो नहीं। आपके सवाल बहुत अधिक पर्सनल हुए तो अगले इंसान को असहज ही करेंगे। साथ ही बिन मांगी सलाह भी दूसरे के लिए भार और तनाव का कारण बन सकती है।

### समझें तनावग्रस्त व्यक्ति की मनोदशा

आज के दौर में अधिकांश लोग जो कुछ भी अपनों-परायों, परिचितों-अपरिचितों से साझा करना चाहते हैं, वह वर्चुअल दुनिया में मौजूद होता ही है। ऐसे में निजी समस्याओं को खुद तक रखकर अपनी प्राइवेसी चाहने वालों को परेशान करना सही नहीं होता है। देखा जाए तो कई बार निजी संबंधों में दूरियां आने की बड़ी वजह जरूरत से अधिक ऐसी दखलंदाजी भी होती है। ठीक जस्टिन की तरह ही किसी को यह कहना कि 'मेरी तरह रहो, मेरे जैसे बनो या इस हाल में यह करो, वह करो।' किसी भी व्यक्ति, खासकर युवाओं को नहीं भाता। ऐसा व्यवहार जीवन में दूरियां और मन में शिकायतें बढ़ाता है। खासकर जब यह पता ही ना हो कि अगला इंसान किन हालातों से जूझ रहा है। कुछ बातों पर गौर करते हुए उसकी मनोदशा को समझने का प्रयास करना उचित है। आपसे जुड़ा इंसान अगर आई कॉन्टेक्ट किए बिना बात करे, आते-जाते बचकर निकलने की सोचे, पूछने पर कुछ भी स्पष्ट कहने से बचे या शब्दों को घुमा-फिराकर अपनी बात रखे तो समझ जाइए कि वह अपनी परिस्थिति और मनःस्थिति को बताने में सहज नहीं है। कुछ समय के लिए ऐसे लोगों को उनके हाल पर छोड़ देना चाहिए। उनके दिलो-दिमाग को रिकवर होने का वक्त मिलना ही चाहिए। आगे सही समय देखकर उनके साथ संवाद की राह बनानी चाहिए। *



यह सही है कि तकनीक और आधुनिक महानगरीय जीवनशैली ने बेशुमार सुख-सुविधाएं प्रदान की हैं। लेकिन इन पर आश्रित होकर हद से अधिक आलसी या निष्क्रिय बने रहना आपको शारीरिक, मानसिक रूप से बीमार बनाने के साथ ही सामाजिक रूप से एकाकी भी कर सकता है।

# सही नहीं हद से अधिक निष्क्रियता

लाइफस्टाइल / चैतन्या

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोर्टर डिलीवरी एजेंट का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में उसने बताया कि उसे दो मिनट की दूरी पर पार्सल पहुंचाने का ऑर्डर आया। इसके लिए डिलीवरी एजेंट ने हंसी-मजाक के सहज अंदाज में ग्राहक को आलसी कहा। स्वयं पोर्टर डिलीवरी एजेंट द्वारा बनाए गए वीडियो में वह बताता है कि ऑर्डर एक ही अपार्टमेंट के टॉवर सी से उठाकर टॉवर ई में देना था। यह दूरी इतनी कम थी कि पैदल चलकर सिर्फ दो मिनट में तय की जा सकती थी। यही वजह है कि डिलीवरी एजेंट मजाकिया लहजे में कहता है कि 'ये लोग इतने आलसी हैं कि सिर्फ एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग में सामान पहुंचाने के लिए भी खुद नहीं चल सकते, इसके लिए भी पोर्टर बुक कर रहे हैं।' देखा जाए तो यह वाकया हंसकर टाल देने भर का लगता है। गंभीरता से सोचा जाए तो हमारी बदलती जीवनशैली और दूसरों पर बढ़ती निर्भरता की कड़वी सच्चाई से रूबरू करवाता है। ऐसी सच्चाई जो छोटे-छोटे काम भी खुद न करने के बर्ताव को सामने रखती है। हमारे चारों ओर कसते जाते आलस के घेरे की बानगी है।



**सेवाओं-सुविधाओं का विस्तार:** हाल के बरसों में जिंदगी को सहज बनाने वाली सर्विसेस बढ़ी हैं। सामान भिजवाना हो या मंगवाना, इन सुविधाओं का एक बड़ा बाजार बन गया है। गौरतलब है कि आमतौर पर शहर बदलने पर लोग सामान शिफ्ट करने के लिए पोर्टर सर्विसेस का इस्तेमाल करते हैं। पोर्टर एप की मदद से किसी भी तरह के सामान को बाइक या छोटे वाहनों के जरिए एक जगह से दूसरी जगह तक आसानी से पहुंचा दिया जाता है। एक ही शहर में लंबी दूरी के लिए भी ऐसी सर्विसेस बहुत काम की होती हैं। यही वजह है कि मामूली दूरी के लिए भी किसी सामान को खुद पहुंचाने की जहमत ना उठाने के बर्ताव से जुड़ा यह वाकया अजीब लगता है। चिंताजनक यह है कि ऐसी सर्विसेस पर निर्भर होने वाले लोगों के आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं। सेवाओं-सुविधाओं का यह विस्तार खुद इंसानों के मूवमेंट को समेटने लगा है।


**निर्भरता की अति के नुकसान:** व्यस्त जीवनशैली, तकनीकी विस्तार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की बढ़ती पहुंच के चलते ऐसी बहुत सी सुविधाओं पर डिपेंडेंसी बढ़ी है। व्यस्तता के साथ-साथ एक पहलू यह भी है कि अपने-अपने कोजी कॉर्नर में बैठे लोग अब सब्जी तक लेने घर से बाहर नहीं जाना चाहते। क्लिक भर में ऑर्डर कर फ्री हो जाने का काम सुविधाजनक लगने लगा है। अफसोस कि यह स्थिति शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर तो नेगेटिव असर डालती ही है, सामाजिक फ्रंट पर भी इसके कई नुकसान हैं। फूड डिलीवरी एप्स के जरिए दस मिनट में कुछ भी मंगा लेने की सुविधा लोगों में हरदम कुछ ना कुछ खाते रहने की आदत भी डाल रही है। बहुत से लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग की लत लग रही है। अनचाहा सामान भी ऑर्डर किया जा रहा है। देखा जाए तो यह स्थिति साइकोलॉजिकल निर्भरता बढ़ने से जुड़ा पहलू भी लिए है। जिसका मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। धीरे-धीरे आलस के कारण हर तरह की रचनात्मकता और सक्रियता भी खत्म होने लगती है। चिंता, अवसाद और तनाव जैसी प्रॉब्लम्स जड़ें जमाने लगती हैं। सब कुछ घर बैठे ऑर्डर कर देने की आदत हो जाए तो सामाजिक गतिविधियों में भी भागीदारी कम होने लगती है। इसीलिए इस तरह की डिपेंडेंसी की सीमा तय करना आवश्यक है।

**किसी बहाने बने रहें सक्रिय:** कोई भी सुविधा जब आदत बनकर हद से ज्यादा निर्भर बनाने लगे तो चेत जाना चाहिए। जरूरत से ज्यादा निर्भर होना केवल सुविधा का लाभ लेना भर बल्कि अपनी क्षमताएं खो देने के हालात पैदा करता है। इसीलिए सक्रिय बने रहना जरूरी है। अपने काम-काज निपटाने के लिए एक्टिव रहना शारीरिक ही नहीं मानसिक और सामाजिक रूप से सक्रिय रहने से भी जुड़ा है। आस-पास के बाजार तक जाना या आस-पड़ोस के किसी घर में कोई सामान लेने या पहुंचाने जाना इंसानी जीवन का सहज हिस्सा रहा है। इन एक्टिविटीज से सामाजिक संबंध बनते हैं। एक्टिव रहने के बहाने तलाशिए। हर काम के लिए उपलब्ध सुविधाओं के इस दौर में खुद को निष्क्रियता से बचाने के लिए खास कोशिशें करने की दरकार है। *

इमोशंस / अंतरा पटेल

आमतौर पर आंसू बहाने को कमजोरी की निशानी और न रोने वाले को कठोर हृदयी मान लिया जाता है। लेकिन वास्तव में आंसू केवल मन की अभिव्यक्ति होते हैं, जो कई बार हमारे मन का उपचार भी करते हैं।

# आंसुओं से बयां होती है मन की सच्ची हकीकत



कई लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें आसानी से रोना नहीं आता है। उनके किसी रिलेटिव या करीबी की डेथ हो जाए तब भी नहीं रोते। जब उनका कहीं अपमान हो जाए या उन्हें गहरा सदमा लगे या कोई गंभीर नुकसान हो जाए वे तब भी नहीं रोते। जिन अवसरों जैसे-अंतिम संस्कार, विदाई या भावनात्मक फिल्म देखते हुए, जब अधिकतर लोग रोते हैं, उन पर भी उनके आंसू नहीं छलकते। हालांकि उनकी आंखों में आंसू होते हैं, लेकिन वो आंखों से छलकते नहीं। तो क्या इससे यह साबित होता है वे भावनाशून्य इंसान होते हैं? शायद ऐसे ही कठोर या कहें मजबूत मन वाले लोगों के लिए सुदर्शन फाकिर ने यह शेर कहा है, 'आप कहते थे कि रोने से न बदलेंगे नसीब/उम्र भर आपकी इस बात ने रोने न दिया।' इनसे उलट कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो अपनी भावनाओं को, आंसुओं को छिपाते नहीं हैं। जैसे एक बार टेनिस स्टार अमांडा अनिसिमोवा विंबलडन फाइनल में हारने के बाद सबके सामने फूट-फूट कर रो पड़ी थीं। सैंकड़ों लोगों और कैमरों के जरिए पूरी दुनिया के सामने भी उन्होंने अपने आंसुओं को रोकने का प्रयास नहीं किया और न ही चेहरे पर दिखावटी मुस्कान लाने की कोई कोशिश की थी। कुछ लोगों को उनका ऐसे रोना, अजीब या कहें अनुचित लगा। लेकिन वास्तव में देखा जाए तो अमांडा के रोने में सच्चाई थी और बहादुरी भी। वास्तव में सबके सामने रोने वालों और न रोने वालों को लेकर समाज में अलग-अलग तरह की राय रखी जाती है।

**मानते हैं कमजोरी का लक्षण:** आमतौर पर रोने को, कमजोरी या अत्यधिक भावुकता या नियंत्रण के खोने से जोड़ते हैं। विशेषकर पुरुषों के संदर्भ में कहा जाता है कि 'मर्द रोते नहीं हैं।' बचपन में जब कोई लड़का रोता है तो उससे कहा जाता है, 'लड़कियों की तरह रोना बंद करो।' रोने को लड़कियों का एक्सक्लूसिव गुण मान लिया गया है। ऐसे जुमले केवल लड़कों या पुरुषों को नीचा दिखाने के लिए ही नहीं बल्कि लड़कियों या स्त्रियों का भी अपमान हैं। घर और स्कूल में बच्चों की इस सोच के साथ परवरिश की जाती है कि संयम (या बर्दाश्त) का अर्थ ताकत है और आंसू बहाना, कमजोरी या अस्थिरता की निशानी है।


**गम-खुशी में छलकते हैं आंसू:** वास्तव में रोना हमारी सोच और धारणा से कहीं अधिक जटिल है। यकीनन दुःख (जो किसी के निधन पर होता है) रोने का सबसे आम कारण है। लेकिन लोग कुंठा, पीड़ा, असफलता या भयंकर अपमान के कारण भी रोते हैं। इसी के साथ खुशी के आंसुओं को कैसे अनदेखा किया जा सकता है? शतरंज का विश्व कप (महिला) जीतने के बाद दिव्या देशमुख खुशी से रो पड़ी थीं। हालांकि वह जब पिछली प्रतियोगिता में हार गई थीं, तब नहीं रोई थीं, लेकिन विजयी होने पर रोईं। अकसर राहत, बड़ी सफलता, अत्यधिक खुशी भी दुःख जितना ही हमें भाव-विभोर कर देती है। बड़े-बड़े नेता, कलाकार, खिलाड़ी सार्वजनिक मंच पर रो पड़ते हैं। असम के बाढ़ पीड़ितों का हाल सुनाते हुए हेम बरुआ संसद में रोए थे। अपनी फेयरवेल स्पीच देते हुए क्रिकेटर राहुल द्रविड़ रोए थे। आंसुओं ने इन लोगों को छोटा नहीं कर दिया। आंसुओं ने उन्हें अधिक संवेदनशील मनुष्य और भावनाओं से जुड़ा हुआ साबित किया।

**मन का उपचार करे आंसू:** रोना दवा की तरह भी काम करता है। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि रोने से गम हल्का हो जाता है। चिकित्सा विज्ञान भी यही कहता है, भावनात्मक आंसुओं में स्ट्रेस हॉर्मोन होते हैं। रोने से तनाव कम हो जाता है, नर्वस सिस्टम को आराम मिलता है और राहत का अहसास होता है। इसलिए लोग कहते हैं, 'रोने के बाद हल्का महसूस हो रहा है।' जापान में तो रोने के लिए क्लब भी बने हैं, जहां लोग साथ रोने के लिए एकत्र होते हैं। इस प्रथा को 'रुई-कत्सु' (आंसुओं की तलाश) कहते हैं।

कहने का सार है कि हमें आंसुओं को कमजोरी की निशानी के तौर पर नहीं देखना चाहिए कि व्यक्ति ने अपने ऊपर का नियंत्रण खो दिया है। बल्कि यह समझना चाहिए कि आंसू व्यक्ति की सच्ची अभिव्यक्ति है। आज जब हम सब दिखावे के युग में जी रहे हैं, बनावटी सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर। ऐसे संसार में सच्चे आंसू ही इंसान की सच्ची अभिव्यक्ति है, जो साबित करते हैं कि हम इंसान हैं। *

गीत / कृष्ण बिहारी

## क्या लिखोगे



देवता बनकर दिखोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर लिखोगे, क्या लिखोगे?
सादगी से पूर्ण रचना एक भी तो जन नहीं पाए,
सच कहूं तो आदमी भी इसलिए तुम बन नहीं पाए।
खोजकर अमृत पियोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर दिखोगे, क्या लिखोगे?
जो अहर्निश एक घातक विष पिएगा वह रचेगा,
छटपटाई मौत मरकर जो जिएगा वह बचेगा।
तुम शहीदाना जियोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर लिखोगे, क्या लिखोगे?
कोरे कागजों पर तुमने बस चिड़िया उड़ाई है,
अबतलक समझे नहीं यह भी कि झूठी कमाई है।
रद्दियों जैसे बिकोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर लिखोगे, क्या लिखोगे?

व्यंग्य
केदार शर्मा

धीरे-धीरे ऐसे लोगों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, जिनके लिए रील अगर शमा है, तो वे उसके परवाने हैं। रील ही इनका धर्म, कर्म और मर्म है, जान है, मान है और सम्मान है। जिनका श्रम, समय और डेटा, सब कुछ रीलों पर कुर्बान है।

## रील की झील में डूबते लोग



वैश्विक स्तर पर भारत डेटा उपयोग में दुनिया का नंबर एक देश बना हुआ है, यह समाचार अखबार में पढ़कर गर्व से मस्तक ऊंचा हो गया। दरअसल डेटा, स्क्रीन पर चलने वाली समस्त गतिविधियों का ईंधन है। अगर डेटा न हो तो स्क्रीन की हालत धोबी के कुत्ते जैसी हो जाए, जो न घर का रहता, न घाट का। इस समय डेटा का थोक में उपयोग सबसे लोकप्रिय गतिविधि रील बनाने और देखने में भरपूर हो रहा है। धीरे-धीरे ऐसे लोगों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, जिनके लिए रील अगर शमा है, तो वे उसके परवाने हैं। रील ही इनका धर्म, कर्म और मर्म है, जान है, मान है और सम्मान है। जिनका श्रम, समय और डेटा, सब कुछ रीलों पर कुर्बान है। सुबह बिस्तर से उठने से लेकर रात को सोने तक ये रील-रानी के संग ही उठते-बैठते हैं।

कई बार तो हैरतअंगेज रीलें देखकर दांतों तले अंगुली दब जाती है। प्री-वेडिंग शूटिंग में वर-वधु के बकरा-बकरी की आवाज निकाल कर उनके पोज में एक-दूसरे को प्रपोज करते हुए, क्लास रूम में डांस करती शिक्षिका की, गधे पर उल्टा बैठकर दौड़ाने वाली टाइप, एक से बढ़कर एक अनगिनत रीलें इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और फेसबुक के आकाश में बेरोक-टोक पतंगों की तरह मंडरा रही हैं। अभिव्यक्ति की बेलगाम, बेकाबू असीम और स्वच्छंद आजादी के एक साथ यहां दर्शन होते हैं। इनमें से ही कुछ लोग रील देखते-देखते रील बनाने में उस्ताद बन गए हैं। वे ही इनके प्रोड्यूसर हैं और वे ही कैमरामैन। खेत हो या खलिहान, छत की मुंडेर हो या रेल की ट्रैक, समंदर हो या बवंडर, जो जगह दिल को भाए, वही स्टूडियो बन जाता है। अभिनय के लिए पत्नी-बच्चे ही पर्याप्त हैं। दो से पांच मिनट की रील के लिए क्या स्क्रिप्ट, क्या पटकथा? जरूरत है तो बस चटपटे, हैरतअंगेज और कभी-कभी मूर्खतापूर्ण करतबों की, गालियों की, कंचन-काया की माया के दर्शन कराने और कमर लचकाने की। रीलों ने हर हाथ और हर आंख को काम थमा रखा है। अगर कोई रील खूब वायरल हो गई, तो कमाई भी बल्ले-बल्ले होती है। रीलों की इस दुनिया के आगे 'रीयल' दुनिया फीकी, नीरस और बेमजा लगने लगी है। संस्कारों की दुनिया में भले ही मंदी हो, पर रीलों के सितारों पर बुलंदी है। संस्कारों की थाली भले ही खाली हो, पर रीलों की थाली नित नए मसालेदार 'व्यंजनों' से मालामाल है।

यह कहना बहुत मुश्किल है कि रील को हम बना रहे हैं या रील हमें बना रही है। रील को हम चला रहे हैं या रील हमें चला रही है। एक बार बिना सेंसर की इस गाड़ी में बैठने के बाद ढलान पर लुढ़काती हुई यह हमें कहां ले जाकर छोड़ेगी, भगवान ही मालिक है। कहीं हम रील युग में तो प्रवेश नहीं कर रहे हैं? कुछ भी हो बिना विवेक का इस्तेमाल किए इसमें सफर करने की लत लग गई तो गत का बिगड़ना सुनिश्चित है। रील की इस झील में जो एक बार डूबता है तो बस डूबता ही चला जाता है। रील देखने और बनाने की दीवानगी इस कदर हर उम्र और वर्ग के लोगों पर हावी है कि जैसे उन्हें अपने आस-पास किसी की सुध-बुध ही नहीं रहती, जैसे उनका पूरा अस्तित्व स्मार्टफोन के तल पर टिका गया है। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## निर्बंध-उदात्त प्रेम कविताएं



**तसलीमा नसरीन** जो भी लिखती हैं, वो निर्बंध, भयमुक्त और विचारों का नया आयाम खोलने वाला होता है। हाल में छपकर आई उनकी प्रेम कविताओं के अनुवाद की किताब 'यदि प्यार करो' में भी उनकी लेखनी का वही तेवर देख सकते हैं। वे प्रेम को मन की गहनतम अनुभूति मानती हैं, और इन्हें अभिव्यक्त करने से परहेज नहीं करती हैं। 'जब मेरे साथ तुम नहीं होते/मेरे साथ तब तुम सबसे ज्यादा रहते हो।' और 'तुम्हें देखने पर/मन करता है, शुरू से/शुरुआत करूं जीवन की।' जैसी भावप्रवण पंक्तियों के साथ ही वे इसकी जटिलता को भी बयां करती हैं 'कौन कहता है बहुत आसान है प्रेम/कि चाहो और हो जाए।' *

**पुस्तक:** यदि प्यार करो, **लेखिका:** तसलीमा नसरीन, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# नई कर दरों से प्रदेश को 4000 करोड़ का फायदा होगा : सैनी

## मील का पत्थर साबित होंगे जीएसटी सुधार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) की नई दरें लागू होने से प्रदेश के लोगों को करीब 4,000 करोड़ रुपये का फायदा होगा। हरियाणा जीएसटी कलेक्शन में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। पिछले साल के अगस्त में जितना जीएसटी इकट्ठा हुआ था, उससे इस साल 31% ज्यादा जीएसटी आया है। सीएम ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से घोषित जीएसटी सुधारों को मात्र एक माह के भीतर ही लागू कर दिया है। यह मोदी की गारंटी है। जीएसटी में किए गए ये सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। जीएसटी कलेक्शन के मामले में हरियाणा देश के बड़े राज्यों में 5वें नंबर पर है। जीएसटी के स्लैब में बड़ी कटौती की गई है, जिससे रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी। मध्श्म वर्ग की बचत बढ़ेगी। अब देश में जीएसटी की सिर्फ 2 मुख्य दरें 5% और 18% होंगी, जो 22 सितंबर से लागू होंगी। और मध्यम वर्ग की बचत बढ़ेगी।

» रोजमर्रा प्रयोग की वस्तुएं सस्ती होंगी, बचत बढ़ेगी

» हरियाणा जीएसटी कलेक्शन में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। पिछले साल के अगस्त में जितना जीएसटी इकट्ठा हुआ था

» 22 सितंबर से लागू होंगी, इससे रोजमर्रा की चीजे सस्ती होंगी

### कर प्रणाली सरल



सैनी ने कहा कि जीएसटी ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया है। इसने राज्यों के बीच व्यापार में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया है। सैनी ने कहा कि जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में नागरिकों पर बोझ कम करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अब देश में जीएसटी की सिर्फ दो ही मानक दरें रहेंगी। एक 5 प्रतिशत और दूसरी 18 प्रतिशत। इसके अलावा अहितकारी वस्तुओं के लिए विशेष दर 40 प्रतिशत सहित अन्य विशेष दरें रखी गई है।

### गरीब आदमी मजबूत होगा

जीएसटी स्लैब कम करने से गरीब आदमी मजबूत होगा। लग्जरी और हानिकारक चीजों के लिए 40% की दर रखी है। इसमें वर्गीकरण संबंधी विवाद कम होने और मुकदमे बाजी से बचकर करदाताओं को लाभ होगा।

### कृषि उपकरणों पर 5% कर

सिंचाई और जुताई की मशीनरी जैसे कृषि उपकरणों पर जीएसटी 12% से घटकर कर 5 प्रतिशत किया गया है।

### महिलाओं को फायदा

सैनी ने कहा कि महिला उद्यमियों के लिए सिलाई मशीन पर भी जीएसटी 18% से घटाकर 5% किया गया है। आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी 12% से घटाकर शून्य किया गया है। मेडिकल उपकरणों पर भी जीएसटी को 5 प्रतिशत किया गया है। कारों में पेट्रोल के लिए 1200 सीसी तक डीजल के लिए 1500 सीसी तक की इंजन क्षमता वाली गाड़ियों की जीएसटी दर 28% से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है। सीमेंट पर भी जीएसटी 28% से घटाकर 18% किया गया, इससे निर्माण लागत कम होगी।

### खाद्य पदार्थों से जीएसटी खत्म

लोगों पर टैक्स का बोझ कम करने के लिए सैस को भी समाप्त किया है। जीएसटी सुधारो में कृषि और किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। कृषि उपकरणों पर जीएसटी कम करने के लिए सीएम सैनी ने वित्त मंत्री का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों पर जीएसटी को समाप्त किया गया है।

### जीएसटी में बदलाव जनहितैषी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब हितैषी कई फैसले लिए गए है। केंद्रीय बजट में 12 लाख तक की इनकम स्लैब पर टैक्स में रिबेट दी गई है, और अब जीएसटी की स्लैब में बदलाव करते हुए आमजन को बड़ी राहत दी गई है। गरीब और आमजन को राहत देने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार काम कर रही है। नये जीएसटी स्लैब से हर वर्ग को राहत मिली है।*

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश में चलेगा सेवा पखवाड़ा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा, इस दौरान जनसेवा के अनेक कार्यक्रम, लाभकारी योजनाएं, स्वच्छता अभियान सहित केंद्र व प्रदेश सरकार के अन्य संकल्पों को फलीभूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री यहां विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंत्रीगण भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े और कार्यक्रमों के संबंध में अपने सुझाव सांझा किए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण के लिए नई-नई योजनाएं और प्रकल्प लागू किए गए हैं, जिनका आज देश की जनता को लाभ मिल रहा है। इसी सोच और ध्येय के साथ प्रधानमंत्री के जीवन दर्शन से प्रेरित होकर सेवा पखवाड़े के दौरान जनता के बीच सेवा भाव को बढ़ाया जाएगा। हम सभी को मिलकर सेवा पखवाड़ा को सफल बनाना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग पखवाड़े की पूरी तैयार करें। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए तथा अन्य विभागों द्वारा सफाई अभियान व श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, प्लास्टिक मुक्त अभियान, पौधारोपण और गरीबों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल ने संत हिरदाराम साहिब की समाधि के किए दर्शन

**संतनगर।** संत सिद्ध भाऊ से भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी और समाज सेवी वासदेव वाधवानी भी अग्रवाल के साथ थे। श्री अग्रवाल संतजी के शिष्यों द्वारा संचालित सेवाकार्यों से बहुत प्रभावित हुए और सिद्ध भाऊ के समक्ष इन कार्यों की प्रशंसा की।

### देवानी को मिला विजिटरी मेंटर अवॉर्ड

**संतनगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश देवानी को शिक्षक दिवस के अवसर पर त्रेता युग फाउंडेशन की तरफ से डॉ. एस. राधाकृष्णन विजिटरी मेंटर अवार्ड दिया गया है। त्रेता युग फाउंडेशन के प्रज्ञात सिंह ने बताया कि समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी द्वारा ग्रीष्मकालीन में कई जरुरतमंदों को कंप्यूटर सीखाकर उन्हें रोजगार दिलवाया। इसके लिए हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। ऐसे ही समाज हित में कार्य करते रहे एवं देश का नाम रोशन करें।

### शहीद वन कर्मियों की याद में पौधरोपण 11 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग 11 सितंबर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर शहीद कर्मचारियों के याद में कान्हा कुंज पार्क बंजारी कोलार में पौधारोपण करेगा। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि पिछले 20 साल में शहीद हुए 56 वन कर्मचारियो की याद में 56 पौधे रोपण कर वन शहीदों की याद को चिरस्थाई बनाया जाएगा।

### वीआईटी चेन्नई में 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित

**चेन्नई।** वीआईटी चेन्नई का 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह शनिवार (6 सितंबर, 2025) को आयोजित किया गया। तमिलनाडु सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह में भाग लिया और रैंक धारकों और पीएचडी शोधार्थियों को पदक और उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किए। शेली सालेहिन, बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त, बांग्लादेश उप उच्चायोग, चेन्नई, मुख्य अतिथि थे। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। वीआईटी के उपाध्यक्ष श्री शंकर विश्वनाथन और डॉ. जी.वी. सेल्वम ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया।अपने संबोधन में, डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने लिंग, समुदाय और धर्मों के आधार पर सभी के लिए शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच के महत्व पर बल दिया।
डॉ. पलानीवेल थियागा राजन ने युवाओं से अपने दृष्टिकोण और मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से लोगों का समाज के प्रति एक नरम दृष्टिकोण विकसित होना चाहिए और तकनीकी संस्थानों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विधि की शिक्षा प्रदान करने की अवधारणा महत्वपूर्ण है।

## 106 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# बुंदेलखंड त्याग और बलिदान में कभी पीछे नहीं रहा, पन्ना हीरा और महावीरों की धरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अब लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद भाई-दूज से हर माह 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। धीरे-धीरे वर्ष 2028 तक लाड़ली बहनों को 3000 रुपए देंगे। लाड़ली बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। कुछ दिन पहले एक सर्वे आया है कि जहां-जहां लाड़ली बहना योजना लागू की गई हैं। वहां घरों में सुख-समृद्धि आई है। प्रदेश सरकार हर कीमत पर माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा करेगी और उन्हें आर्थिक समृद्धि प्रदान करने के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को पन्ना जिले के अमानगंज में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पन्ना जिले को 106 करोड़ लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि पन्ना हीरा और महावीरों की धरती है। ईश्वर ने पन्ना को विशेष आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हर वर्ग के कल्याण के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी बहनों को अनेक योजनाओं की सौगात दीं। लाड़ली बहनों को 250 रुपए राखी का शगुन अलग से भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पन्ना और बुंदेलखंड में आज भी महाराज छत्रसाल और आल्हा-ऊदल की वीरता की गाथाएं गाई जाती हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र त्याग और बलिदान में कभी पीछे नहीं रहा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना जिले के अमानगंज में महिला सम्मेलन में हितलाभ वितरित किए

**खास बातें**

- पन्ना में शीघ्र होगा मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन
- पन्ना में एक स्टेडियम और स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा




### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की विकास कार्यों की घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे जल्द ही मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करने के लिए पन्ना आएंगे। पन्ना को खजुराहो से रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। पन्ना में एक स्टेडियम और स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा।



अमानगंज में अस्पताल के उन्नयन सहित विधानसभा क्षेत्र गुनौर में सात उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, सलेहा में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, देवेन्द्रनगर के शासकीय महाविद्यालय में नवीन संकाय शुरू करने एवं स्कूल उन्नयन, अगस्त्य मुनि आश्रम के सौंदर्यीकरण की घोषणा की।

### कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ेगा बुंदेलखंड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर जिले में उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कार्य कर रही है। प्रदेश में पुलिस के 22 हजार 500 पदों पर भर्ती की जा रही है। सालभर में कुल एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्तियां होंगी। अब मप्र के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश को 1 लाख करोड़ की नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पन्ना सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

### नहर सिंचाई प्रणाली की उद्वहन सिंचाई परियोजना

*मुख्यमंत्री ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत बरगी नहर सिंचाई प्रणाली की उद्वहन सिंचाई परियोजना की भी घोषणा की। इस परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के 114 गांव लाभांवित होंगे और 25 हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने गढ़ीपडरिया के वृन्दावन बांध की क्षमता बढ़ोतरी कर नहरों के जीर्णोद्धार कार्य सहित गुनूसागर सिंचाई परियोजना की भी घोषणा की। सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। 12 हजार 500 करोड़ के जल जीवन मिशन में पन्ना जिले की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पन्ना और गुनौर विधानसभा क्षेत्र में अस्पताल, नदी के पुल, खेल मैदान, सड़क जैसे अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभागों की योजनाओं पर प्रदर्शनी देखी।*

**निर्माणाधीन मार्ग में बस घुसी, बड़ा हादसा टला :गौरेला पेंड्री मरवाही।** बीती शाम उस समय हड़कंप मच गया। जब एक सवारियों से भरी तेज रफ्तार यात्री बस निर्माणधीन सड़क पर घुस गई। बस एक ओर झुक गई। आनन-फानन में सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया।

**न्यायालय में उपस्थित होने हेतु नोटिस**

जहाँ तक आपका संबंध है, **लैरी सैमुअल पुत्र सैमुअल निवासी सेंट जॉर्ज जैकबटे सैम, ऑर्थोडक्स, परिह, निलोठी एक्सटेंशन, चंद्र विहार, नई दिल्ली** आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 641/2020 धारा 279/304ए, भा.द.स. थाना तिलक नगर, दिल्ली, शीर्षक **एम.ए.सी.टी. एक्ट नं. 919/2022** के रूप में दर्ज है, की सुनवाई दिनांक 17.09.2025 को माननीय न्यायालय, श्री सचिन गुप्ता, न्यायादीश, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (पश्चिम), कमरा नं. 407, एक्सटेंशन ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली में सूचीबद्ध है।

आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **दिनांक 17.09.2025** को न्यायालय में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**आदेशानुसारः श्री सचिन गुप्ता,
न्यायादीश, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (पश्चिम),
कमरा संख्या 407, एक्सटेंशन ब्लॉक,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/11797/WD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील कुमार** पुत्र प्रेम सिंह निवासी रैन बसेरा 251, सराय काले खां, दिल्ली दूसरा पताः गांव टक्कर नंगलिया, पोस्ट फरकाना थाना पहसो, जिला. बुलन्दशहर, उ.प्र. ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 402/24 धारा 115(1)/118(1) भारतीय न्याय संहिता थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनील कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 402/24 धारा 115(1)/118(1) भारतीय न्याय संहिता थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुनील कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **09.10.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री अदिति राव,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (दक्षिण पूर्व)
कमरा नं. 508,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली**

DP/11947/SE/2025

**ग्रामीण परिवार (अर्बन) ऋण एंव साख सहकारी समिति (रजि0)
कार्यालयः टी-82 मास्टर कॉलोनी, नरेला दिल्ली, नरेला दिल्ली-110040
फोन न0 9891148513**

उपर्युक्त विषय में सोसाईटी की नई कार्यकारिणी के आगामी 3 वर्ष के लिए चुनाव करवाने हेतू अधोहस्ताक्षरी को रिर्टनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा 30 सितंबर 2025 तक इस चुनाव की प्रकिया को संपन्न कर परिणाम की घोषणा 12 अक्टूबर 2025 रविवार को होने वाली साधारण वार्षिक सभा में नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

| पद | अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| संख्या | (1) | (1) | (1) |

कार्यकारिणी की कुल संख्या 9 में से 2 महिला सदस्य अनिवार्य है।

चुनाव कार्यकम :-

| | |
|---|---|
| नामांकन फार्म प्राप्त करने एंव जमा करने की तिथि | 11.09.2025 से 15.09.2025 तक |
| नामांकन वापिस लेने की तिथि | 16.09.2025 से 17.09.2025 तक |
| नामांकन जांच होने की तिथि | 18.09.2025 |
| चुनाव होने की तिथि | 30.09.2025 |
| चुनाव परिणाम घोषणा की तिथि | 12.10.2025 |

चुनाव उम्मीदवार की योग्यता
1 न्युनतम उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक
2 सोसाईटी की सदस्यता न्यूनतम 1 वर्ष
3 दोषी सदस्य चुनाव मे हिस्सा नहीं ले सकता ओर न ही वोट डाल सकता है।
दोषी सदस्य : जो वोट डालने के अधिकारी नहीं होंगें।
1 ऐसे सदस्य दोषी माने जाऐगे जिन्होने सोसाईटी ऋण लिया है, परंतु लगातार पिछले 3 महीने से लोन किस्त कोई ठोस कारण बताए बगैर जमा नहीं करवाई है।
2 अन्य किसी सोसाईटी मे सदस्य है, परंतु इस सोसाईटी की सदस्यता ग्रहण करते वक्त सोसाईटी से छुपाया गया है, ऐसा मालूम होने पर, सदस्यता एंव नामांकन अयोग्य किया जा सकता है।
3 भारत की किसी भी अदालत में किसी जुर्म मे 2 वर्ष या उससे अधिक सजा प्राप्त।
4 मानसिक रुप से अपंग, दुष्चरित्र, अव्यवहारिक सदस्य भी अयोग्य माना जाएगा।

नोट :- एक पद पर दो या दो से अधिक प्रत्याशी होने पर ही उस पद के लिए चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होगा। अन्यथा चुनाव की अंतिम प्रकिया तक एक ही प्रत्याशी रह जाने पर उस पद को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाएगा।

इच्छुक सदस्य/उम्मीदवार नामांकन फार्म सोसाईटी कार्यालय टी-82 मास्टर कॉलोनी नरेला दिल्ली-40 से प्रातः 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक उपर्युक्त वर्णित तिथि के अनुसार कार्यदिवस के अंतर्गत प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतू संपर्क करें।

नोट :- सोसाईटी की साधारण वार्षिक सभा 2024-2025 का आयोजन 12 अक्टूबर 2025 रविवार को पंजाबी कॉलोनी नरेला स्थित अपना-था हॉल में प्रातः 10:00 बजे होनी निश्चित है।

जारी करने की तिथि :- 01.09.2025

**हस्ताक्षर
हरि प्रकाश शर्मा
सचिव, अनुपम ज्ञान विकास परिषद
गली नं.6 न्यू हैपी पब्लिक स्कूल शिवाजी नगर,
नरेला दिल्ली-110040**

## शास्त्र विश्वविद्यालय के डीन को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया



**तंजावुर।** कंप्यूटिंग के डीन और प्रोफेसर डॉ. शंकर श्रीराम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कियाडॉ. श्रीराम इंजीनियरिंग शिक्षा श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले तमिलनाडु के एकमात्र शिक्षक हैं। इस पुरस्कार में सम्मान प्रमाण पत्र, पदक, 50,000 रुपये की नकद राशि शामिल है और इसे शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक शानदार समारोह में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 21 शिक्षकों को प्रदान किया गया। भारत के प्रधानमंत्री ने कल पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ रात्रिभोज पर बातचीत की और मंत्री प्रधान ने भी 5 सितंबर को स्कूल शिक्षकों सहित सभी विजेताओं को बधाई देने के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया।



## डॉ अमित व्यास को डीएमए राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्ति पर चिकित्सा समुदाय ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया)ने वर्ष 2025–26 के कार्यकाल हेतु अपनी राष्ट्रीय टीम की औपचारिक घोषणा कर दी है। डीएमए की ओर से जारी आधिकारिक घोषणा के अनुसार, संगठन की कमान डॉ अमित व्यास को सौंपी गई है, जिन्हें राष्ट्रीय प्रमुख एवं अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही डॉ भानु कुमार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं डॉ शुभ प्रताप सोलंकी को राष्ट्रीय महासचिव पद की ज़िम्मेदारी दी गई है, जो संगठनात्मक मजबूती और रणनीतिक दिशा प्रदान करेंगे।संगठन को पूर्ण विश्वास है कि यह नवगठित टीम संगठन को नई ऊर्जा, स्पष्ट दृष्टिकोण और सशक्त नेतृत्व प्रदान करेगी।सहकर्मी डॉक्टर्स की शुभकामनाएं- डॉ अमित व्यास को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर डॉक्टर्स की टीम ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। इस अवसर पर विशेष रूप से डॉ सीमा (सीनियर रेजिडेंट), डॉ नितिन मलिक, डॉ हिमानी शर्मा, डॉ निशा, डॉ प्रीति बावरा एवं डॉ चंद्रकांत की शुभकामनाएं और सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।सभी साथियों ने डॉ व्यास को उनके नए दायित्व हेतु शुभकामनाएं प्रकट की एवं विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में डीएमए और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली संगठन के रूप में उभरेगा।

## भारत का मान बढ़ाने में हमारे गुरूजनों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान : मंत्री सिंह

# किसी ने प्रयास कर बच्चों में जगाई शिक्षा की अलख, किसी ने नई पद्धति से बनाया होनहार

### भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश दुनिया में भारत का मान बढ़ाने में हमारे गुरूजनों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। यह शिक्षकों के आशीर्वाद और समर्पण का ही प्रतिफल है कि दुनिया के किसी भी देश में अच्छे शिक्षक की बात होती है, तो उसमें भारतीय भी होते हैं। यह बात स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को भोपाल के आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के स्वागत उद्बोधन को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि आज जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों का सामर्थ्य शिक्षकों और माता-पिता के आशीर्वाद और समर्पण का प्रतिफल है। उनके प्रति आदरांजलि देना समाज का परम कर्तव्य है।

### बच्चों को यह मार्गदर्शन देते हैं कि बड़े संस्थानों तक कैसे पहुंचे



बालाघाट के शासकीय मॉडल स्कूल के शिक्षक सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि वह वर्ष 2015 से स्कूल शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। तब स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 248 थी। आज यह 692 पहुंच गई है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, एनआईटी, आईआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों में बच्चे सेलेक्ट हुए हैं। हमने स्कूल में मेंटॉरशिप की एक चेन तैयार की है। जिसके तहत शिक्षक बच्चों को यह मार्गदर्शन देते हैं कि बड़े संस्थानों तक कैसे पहुंचे।

### डिजिटल साक्षरता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया



शाजापुर के सदर वल्लभभाई पटेल सांदीपनी स्कूल के शिक्षक दिलीप जायसवाल बताते हैं। उन्होंने शिक्षण को पाठ्यपुस्तकों से आगे ले जाते हुए विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया। उन्होंने हुक टीचिंग मेथड और श्सेल्फी स्टैंड प्रोजेक्ट जैसे नवाचारी तरीकों से छात्रों में सीखने की जिज्ञासा जगाई।

### 1100 बालिकाओं को शिक्षा से जोड़कर प्राथमिक और उच्च शिक्षाएं दिलवाईं



*मंदसौर के शासकीय हाई स्कूल की शिक्षिका डॉ. सुनीता गोधा ने बताया कि स्कूल में छात्र संख्या काफी कम थी। इसके बाद डॉ. गोधा ने गरीब तबके की युवतियों को शिक्षा के क्षेत्र से जोड़ने का काम किया। उन्होंने 25 सालों के दौरान 1100 बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ा।*

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देशवासियों के साथ जो वादा किया था, वह साकार हो रहा है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिल गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई पर कड़ा प्रहार होगा। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे 47000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो सकेगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं, जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। जीएसटी सुधार से होने वाला प्रभावों का विश्लेषण करता आजकल का विशेष अंक।**

# त्योहारों से पहले जीएसटी का उपहार



**विश्लेषण**

राजेश माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार

**इस बार त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देशवासियों के साथ जो वादा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी।

## आर्थिक चुनौतियों से निपटने का कदम

भारत में इनडायरेक्ट टैक्स में किया गया बड़ा बदलाव नई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक बेहतर कदम है। वैसे तो नई कर प्रणाली यानी जीएसटी के स्लैब में वर्ष 2017 में इसके लागू होने के बाद से कई परिवर्तन किए गए हैं लेकिन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने हाल ही में जो फैसले किए, वे कई मायनों में अहम कहे जाएंगे। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से ही वैश्विक व्यापार में बड़ी उथल-पुथल चल रही है। ट्रंप ने खास तौर पर भारत को निशाना बनाया है, जिसके कारण कारोबारी तनाव में हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्लैब में सुधार काफी जरूरी थे। वैसे भी चार तरह के टैक्स स्लैब के कारण जीएसटी प्रणाली का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा था।

## रोजगार का मोर्चा संभालना भी जरूरी

उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे 'ट्रंप टैरिफ' से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है।

यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपये तक की खपत बढ़ सकती है।




**उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे 'ट्रंप टैरिफ' से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे।**

## दवाओं पर कर हटाना बेहतर कदम

इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल, इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटाकर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान

अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटाकर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। हालांकि 40 फीसदी का एक और स्लैब रखा गया है, जो सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स, पान मसाला, तंबाकू, गुटखा आदि विलासिता की वस्तुओं के लिए होगा। इस वर्ग में 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक और निजी विमान भी शामिल हैं। जानकारों के मुताबिक इस सुधार से 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों, विशेषकर छोटे, सीमांत और भूमिहीन मजदूरों को सीधे लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए दुधारू पशुओं का पालन करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि कम कराधान से परिचालन लागत कम करने और मिलावट पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। इसका उत्पादन 2023-24 में 239 मिलियन टन होगा, जो वैश्विक दूध उत्पादन का लगभग 24 प्रतिशत होगा।

## जीडीपी पर पड़ सकता है असर

भारतीय डेयरी क्षेत्र का कुल बाजार आकार 2024 में 18.98 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी 'ट्रंप टैरिफ' के कारण भारत के 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह अमेरिका भेजे जाने वाले माल का 55 फीसदी और भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी है। सबसे ज्यादा असर कपड़ा, सी-फूड, रत्न व आभूषण और चमड़ा क्षेत्र पर पड़ा है। लघु और मध्यम श्रेणी के ये उद्योग-व्यापार श्रम पर अधिक निर्भर हैं। इन क्षेत्रों के तनाव में आने का असर गरीब परिवारों पर पड़ने की आशंका है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 की जीडीपी में 0.4 फीसदी से 0.6 फीसदी तक कमी हो सकती है। त्योहारी सीजन और बिहार चुनाव से ठीक पहले यह फैसला न सिर्फ कारोबारी बल्कि, दूसरे कारणों से भी अनुकूल माना जाएगा। घरेलू मांग मजबूत होने से संबंधित उद्योगों को बाहरी झटकों से बचाया जा सकेगा। जीएसटी 2.0 से हाथों में सीधे पैसे आएंगे, नतीजतन भारत वैश्विक निर्यात का मजबूत केंद्र बनेगा। हालांकि यह भी सच्चाई है कि आर्थिकी के क्षेत्र में भारत को अभी अमेरिका व चीन जैसे देशों की तुलना में लंबी दूरी तय करनी है।




# आम आदमी को राहत, आर्थिकी को रफ्तार



**जीएसटी**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

हाल ही में 3 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 56वीं बैठक में महंगाई से आम आदमी को राहत देने, ट्रंप टैरिफ से जूझ रहे उद्योग-कारोबार को गति देने और देश की आर्थिक रफ्तार बढ़ाने के मद्देनज़र जीएसटी ढांचे और जीएसटी दरों में आमूल सुधार करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में दिवाली से पहले उपहार के रूप में जीएसटी के नए राहतकारी सुधारों का ऐलान किया गया था। अब जीएसटी परिषद ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर मुहर लगा दी है।

## व्यापार करने में होगी आसानी

इस अहम कर सुधार पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीएसटी में बदलाव के फैसलों से आम जनता, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है। ये व्यापक सुधार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और खासतौर से छोटे व्यापारियों और कारोबारों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। खास बात यह है कि जीएसटी की नई दर व्यवस्था 22 सितंबर, नवरात्र के पहले दिन से लागू होगी। जीएसटी सुधारों का देश के शेयर बाजार ने स्वागत किया है और उम्मीद है कि आगामी दिनों में शेयर बाजार में जीएसटी में सुधार के ऐलान से नया जोश दिखाई देगा ।

गौरतलब है कि 1 जुलाई 2017 से देशभर में लागू जीएसटी पर जीएसटी परिषद ने विगत वर्षों में व्यापक मूल्यांकन और विश्लेषण के बाद जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप को मंजूरी दी है। जीएसटी परिषद ने मौजूदा चार टैक्स स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को मंजूरी दी है।

## सुधारों के तीन बड़े आधार

हालांकि अहितकर वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली कुछ वस्तुओं पर 40 फीसदी कर स्लैब लागू होगा। अब जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। एक, स्ट्रक्चरल सुधार, इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों तथा तीन, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है।

## टैक्स रिटर्न में नहीं होंगी दिक्कतें

कारोबारी अब सिर्फ तीन दिन में जीएसटी पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्हें 7 दिनों में रिफंड देने की व्यवस्था होगी। कच्चे माल और तैयार माल की दरों में भिन्नता होने के कारण इनपुट टैक्स रिटर्न में होने वाली दिक्कतों को भी समाप्त कर दिया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जीएसटी दरों में नए बदलाव से वर्तमान में 12 फीसदी जीएसटी वाली लगभग 99 फीसदी वस्तुएं अब पांच फीसदी के स्लैब में आ जाएंगी।



जबकि 28 फ़ीसदी टैक्स वाली लगभग 90 फीसदी वस्तुएं 18 फीसदी के स्लैब में आ जाएंगी। इसके अलावा रोटी, परांठे, कैंसर समेत 33 जीवन रक्षक दवाओं पर अब जीएसटी नहीं लगेगा। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पूरी तरह से जीएसटी मुक्त हो गए हैं। अभी इन पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है। सभी ऑटो पार्ट्स पर जीएसटी 18 फीसदी होगा। सीमेंट और तिपहिया वाहनों पर यह अब 28 फीसदी से घटकर 18 फ़ीसदी हो गया है। इससे अब घर बनाना भी सस्ता हो जाएगा। निश्चित रूप से नए बदलाव से आम आदमी से लेकर किसान और छोटे उद्योगों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। उल्लेखनीय है किजीएसटी के सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी।

## निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा

मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 47000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढ़गी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा।

जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं, जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा।

## रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब 2 लाख करोड़ रुपये की खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। वैश्विक स्तर पर भारत की इज ऑफ डूइंग रैंकिंग भी सुधरेगी। इस परिप्रेक्ष्य में वैश्विक साख निर्धारण करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने कहा कि निश्चित रूप से भारत में पिछले 5-6 वर्षों के दौरान जीएसटी सुधार बहुत सफल साबित हुए हैं। अब जीएसटी के दो स्लैब बनने से इसकी कार्यान्वयन और लेखांकन प्रक्रिया आसान हो जाएगी। इससे राहत और राजस्व दोनों की ऊंचाई बढ़ेगी।

उम्मीद करें कि 22 सितंबर से लागू होने वाली नई जीएसटी व्यवस्था और दो स्लैब वाली कर प्रणाली के तहत नए बदलाओं के कार्यान्वयन पर सरकार शुरुआत से ही इस तरह ध्यान देगी कि इन कानूनों की सरलता से देश के करोड़ों लोग लाभांवित हों और भ्रष्टाचार भी नियंत्रित हो। जीएसटी के तहत नए अहम कर सुधारों से करदाताओं की संख्या बढ़ाने, टैक्स जटिलता और मुकदमों में कमी लाने और टैक्स संग्रहण बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपयोगिता मिलेगी।

## देश का आर्थिक विकास होगा

जीएसटी सुधार से शुरुआती कुछ महीनों में जीएसटी संग्रह की राशि में जो कमी आ सकती है, उस कमी को आगामी महीनों में खपत बढ़ने से राजस्व वृद्धि पूरी करते हुए दिखाई देगी। जीएसटी में सुधारों से देश के उद्योग-कारोबार ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश को आर्थिक रफ्तार देंगे और ऐसे में तेजी से बढ़ने वाला कर संग्रहण देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में भी अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगा।

# आर्थिक प्रगति का आधार बनेगा परिवर्तन



**उम्मीद**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

जीएसटी परिषद् ने सर्वसहमति से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में नवीन उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के अंतर्गत अब अधिसंख्य विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं (आपवादिक अहितकारी वस्तुयें व सेवायें छोड़कर) पर कर के क्रमशः 5 व 18 प्रतिशत के दो मूल्य संवर्ग बनाये गये हैं। महंगी कार, मोटरसाइकिल, पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट, शीतल पेय (सॉफ्ट ड्रिंक्स), इत्यादि विलासी वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40 प्रतिशत कर मूल्य की एक अन्य श्रेणी भी बनाई गई है। गत सप्ताह वर्ष 2025-2026 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत मूल्य वृद्धि के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की समृद्ध उपलब्धि के बाद अब जीएसटी परिषद् ने भारतवर्ष के प्रमुख त्योहारी माह से पूर्व जीएसटी संबंधी अनेक जनहितैषी कर-नीतियां बनाकर देश की अर्थव्यवस्था का भविष्य सुरक्षित करने का प्रयास किया है।

## जीवन बीमा पॉलिसी में छूट

परिषद् के प्रमुख निर्णयों के अनुसार, अब व्यक्तिगत जीवन बीमा व स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट मिलेगी। रोटी, परांठे, पनीर, छेना, इत्यादि खाद्य उत्पादों पर जीएसटी शून्य होगी। सभी प्रकार के वाहनों के कलपुर्जों पर एकमात्र 18 प्रतिशत मूल्य का कर लगेगा। सभी टेलीविजन सेटों पर जीएसटी मूल्यांकन घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। छोटी कारों व 350 सीसी तक की क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर भी 18 प्रतिशत कर लगेगा। सीमेंट का जीएसटी मूल्य 28 से घटकर 18 प्रतिशत हो जायेगा। हस्तशिल्प, संगमरमर, ग्रेनाइट पत्थर पर कर मूल्य 5 प्रतिशत होगा। केश तेल, साबुन, साइकिल पर भी 5 प्रतिशत ही कर लगेगा। जबकि पेट्रोल चालित 1200 सीसी से अधिक क्षमतावान कारों एवं 1500 सीसी से अधिक क्षमताधारी डीजल कारों, 350 सीसी से अधिक क्षमता की मोटरसाइकिलों, व्यक्तिगत उपयोग वाले विमानों, पान मसाला, तंबाकू उत्पादों, सिगनेट एवं शीतल पेय पदार्थों पर 40 प्रतिशत का विशेष कराधान होगा। हालांकि तीन सितंबर की जीएसटी परिषद् की बैठक से पूर्व विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों के वित्त मंत्रियों ने भेंटवार्ता की थी, जिसमें उन्होंने संभावित 5 व 18 प्रतिशत की दो जीएसटी श्रेणियां बनाने तथा चली आ रही 12 व 28 प्रतिशत की कर श्रेणियां समाप्त करने के संबंध में आपत्तियां प्रकट की थीं।

## राज्यों को आश्वासन

नके अनुसार नवीन कर श्रेणीयन के कारण राज्यों को राजस्व हानि उठानी पड़ सकती है। किंतु जीएसटी परिषद् में विपक्षी शासन वाले राज्यों की आपत्तियों पर विमर्श के उपरांत केंद्र ने अहितकारी व विलासिता युक्त वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर को 40 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। कुछ राज्य तो नई कर श्रेणियों के लागू होने पर राजस्व हानि की क्षतिपूर्ति चाहते थे, किंतु वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उन्हें आश्वस्त किया कि सामान्य जन की दैनिक आवश्यकताओं वाली



वस्तुओं व सेवाओं पर कर में 5 या शून्य प्रतिशत के अंकन द्वारा भारतीय बाजारों में मांग व खपत बढ़ेगी, जिससे कुछ ही समय में पुरानी जीएसटी कर श्रेणी के समाप्त होने से होनेवाला आर्थिक विचलन संतुलित हो जाएगा। नवीन जीएसटी कर श्रेणियों पर राजनीतिक दृष्टि के साथ किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। इसकी तुलना में यह देखा-समझा जाना चाहिए कि जिस समय संपूर्ण विश्व में आर्थिक मंदी की उठापटक चल रही है, उसी अवधि में भारत की जीडीपी वृद्धि दहाई के प्रतिशत मूल्य की ओर बढ़ रही है। देश में जीएसटी संरचना के साकार होने एवं हर तिमाही में नए ढंग से क्रियान्वित होने के बाद जीडीपी में नई कर श्रेणियों की घोषणा के बाद, इनके क्रियान्वयन से पूर्व केंद्रीय शासन को अग्रिम आकलन करते हुए संभावित अर्थहानियों का विचार सम्मुख रखना होगा। इस विचार की आवश्यकता इसलिये है क्योंकि इस वर्षा ऋतु में जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड तक के पर्वतों पर हो रही अतिवृष्टिकारी वर्षा ने न केवल इन तीनों पर्वतीय प्रांतों, अपितु पंजाब, राजधानी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान तथा अन्य प्रदेशों में भी विनाशक बाढ़ की परिस्थितियां उत्पन्न की हैं। अतः इन आठ-दस राज्यों के आपदाग्रस्त लाखों-करोड़ों लोगों के अनुसार तो आगामी त्योहारी समय में 5 व 8 प्रतिशत के कर-मूल्य द्वारा बाजारों में मांग एवं खपत बढ़ने की आशा नहीं की जानी चाहिए। केंद्र को इन राज्यों के लिए आपदा राहत राशि आबंटित करनी होगी, जो आगामी पांच-छह माह तक तो केंद्र पर अतिरिक्त भार ही होगा।जीएसटी कर-प्रणाली में हुआ नवप्रवर्तन का प्रभाव आगामी कुछ माह तक भारत के विभिन्न प्रांतों में पृथक-पृथक लाभ व हानि के अनुपात में होगा। लाभ-हानि की स्थितियां धीरे-धीरे ही दीर्घावधि में समग्र लाभ में परिणत होंगी। अधिक युवा जनसंख्या होने का लाभ भारत को हर स्थिति में मिलेगा। जीएसटी कर मूल्यों के दो संवर्ग बनाने का निर्णय भी युवा जनसंख्या की अतिसक्रियता को देखकर लाभकारी ही प्रतीत होता है। अर्थव्यवस्था के अनुरूप अनेक औद्योगिक, प्रौद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र हैं जो लोगों की दैनिक इच्छाओं, विचारों, कार्यों व गतिविधियों के आधार पर बाजार की मांग व आपूर्ति निर्धारित करते हैं और ऐसे में जब अधिसंख्य घरेलू, सामान्य एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के मूल्य में न्यून कर के कारण कमी होगी, तो निश्चित रूप में बाजार में उनकी मांग बढ़ेगी, और मांग बढ़ेगी तो आपूर्ति के लिये उद्योगों, प्रौद्योगों तथा सेवा इकाइयों के उत्पादन-सृजन में वृद्धि होगी। अर्थव्यवस्था के उन्नति, समृद्धि तथा प्रगति के लिये यही चक्र तो चाहिये होता है।

## समृद्ध होगा बाजार

यह तो निश्चित है कि 5 और 18 प्रतिशत की कर-परिधि में आने वाली वस्तुओं का बाजार अधि जनसंख्या के अनुपात में अति समृद्ध होगा। खाद्यान्न, दूध, कृषि, वस्त्र, आवास निर्माण, परिवहन, इत्यादि मूलभूत आवश्यकताओं वाले क्षेत्रों की वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में कमी से बाजार में तेजी आयेगी ही आयेगी। राज्यों, लोकसेवकों, उद्योगों, व्यापारियों के लिये नई कर व्यवस्था का अनुपालन सुगम होगा। कर आकलन, मूल्यांकन, संग्रहण एवं अप्रत्याशित कराधान उलझनों के कारण उत्पन्न होनेवाले विवादों का समुचित निस्तारण हो सकेगा। अप्रत्यक्ष कर की दो श्रेणियों के कार्यकारी निष्पादन से पूर्व संभावित हानियों, जोखिमों, आपत्तियों के आकस्मिक उपाय भी किये गये हैं। एक अपीलीय पंचाट भी गठित किया गया है, जो सितंबर की समाप्ति से पूर्व ही कार्य करना आरंभ कर देगा। केंद्रीय शासन द्वारा जनहित की भावना को आगे रखकर किया गया जीएसटी का परिवर्तन, वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत की सुदृढ़ आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार बनेगा।

# पूरे देश में एसआईआर लागू कराने की तैयारी, चुनाव आयोग ने दिल्ली में 10 सितंबर को बुलाई अहम बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के संशोधन को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम चल रहा है और इसका विपक्षी दल जमकर विरोध कर रहे हैं। इसके विरोध में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने प्रदेश में वोट अधिकार यात्रा भी निकाली है। इन सबके बीच केंद्रीय चुनाव आयोग पूरे देश में मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया लागू करने की योजना पर काम कर रहा है। बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा होगी। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के अलावा सभी राज्यों के चुनाव आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसके लिए 10 सितंबर को दिल्ली में एक अहम बैठक बुलाई गई है। बताया जा रहा है कि अगले साल होने वाले बंगाल और केरल जैसे राज्यों में चुनाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। चुनाव आयोग का उद्देश्य बिना गलती की मतदाता सूची तैयार करना है।

आयोग लगातार इस बात को लेकर मंथन कर रहा है कि क्या पूरे देश में एक साथ एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है या नहीं। इससे जुड़ी तैयारी को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की तरफ से सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है

**बिहार का प्रयोग दोहराएगा ईसीआई**

## अगले साल पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में चुनाव



ईसीआई का उद्देश्य बिना गलती की मतदाता सूची तैयार करना

### देशभर से मुख्य चुनाव अधिकारी होंगे शामिल

सूत्रों के अनुसार 10 सितंबर को दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में देश भर के मुख्य चुनाव अधिकारी की बैठक होने वाली है। इस एक दिवसीय सम्मेलन में लगभग पूरे दिन एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। एसआईआर प्रक्रिया लागू कराने के लिए उप चुनाव आयुक्त संतोष कुमार आधे घंटे तक एसआईआर की पॉलिसी को लेकर एक प्रेजेंटेशन देंगे।

### बिहार के ही अधिकारी देंगे प्रजेंटेशन

सम्मेलन में बिहार के ही मुख्य चुनाव अधिकारी एसआईआर कराने की प्रक्रिया लागू करने संबंधी एक प्रेजेंटेशन देंगे। इसके बाद सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारी अपने राज्य में इसे लागू करने की प्रक्रिया से लेकर उसमें आने वाली मुश्किलों समेत दूसरे मुद्दों पर इनपुट शेयर करेंगे। इन सबके साथ ही एक सेशन आखिरी में सवाल-जवाब के लिए भी रखा जाएगा।

### राज्यों से मांगे सुझाव

आयोग लगातार इस बात को लेकर मंथन कर रहा है कि क्या पूरे देश में एक साथ एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है या नहीं। इससे जुड़ी तैयारी को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की तरफ से सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। सभी राज्यों के चुनाव आयोग को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में वैलिड डॉक्युमेंट की सूची में कौन से और दस्तावेज जोड़े जा सकते हैं, इस पर भी सुझाव मांगा गया है। फिलहाल बिहार में 11 दस्तावेजों को ही मान्य माना गया है।

### विपक्षी दलों के साथ टकराव की आशंका

अगले साल पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी जैसे राज्यों में चुनाव होने हैं। ऐसे में चुनाव आयोग के इस निर्णय से सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच राजनीतिक जंग फिर से छिड़ने की संभावना है। सीएम ममता बेनर्जी और तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने एसआईआर अभियान का विरोध किया है, जबकि भाजपा शासित राज्यों ने चुनाव आयोग का समर्थन किया है।

## खबर संक्षेप

### ब्रेन ईटिंग अमीबा से केरल में एक की मौत



**कोझिकोड।** केरल में 'ब्रेन ईटिंग अमीबा' के कारण एक और शख्स की मौत हो गई। यह जानलेवा बीमारी केरल में तेजी से फैल रही है। पिछले महीने इस बीमारी से 3 महीने की बच्ची समेत 3 लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। राथेश नामक 45 वर्षीय युवक ने भी शनिवार सुबह दम तोड़ दिया है।

### बीसीसीआई की एजीएम 28 सितंबर को मुंबई में



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एजीएम यानी वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को मुंबई में होगी। इस दौरान बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है।

### मुंबई पुलिस को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**नोएडा।** यूपी के नोएडा से मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच ने धमकी के 24 घंटे के अंदर नोएडा सेक्टर 79 से पकड़ा। जो खुद को ज्योतिषी और वास्तु विशेषज्ञ बता रहा है। बिहार के पटना निवासी कुमार ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते अपने दोस्त को फंसाने के लिए यह साजिश रची थी।

### आशीष कपूर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



**नई दिल्ली।** रेप के आरोप में अरेस्ट टीवी एक्टर आशीष कपूर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने आशीष को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने एक्टर को पुणे से गिरफ्तार किया था। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अगस्त में दिल्ली में एक हाउस पार्टी हुई ती। इस दौरान आशीष ने वॉशरूम में उनके साथ रेप किया।

### कार की टक्कर में नाबालिग की मौत




**मुंबई।** मुंबई में गणेश विसर्जन के दौरान लालबागचा राजा के पास एक हादसा हो गया। यहां एक कार ने दो लोगों टक्कर मार दी जिसमें एक नाबालिग की मौत हो गई वहीं दूसरा शख्स घायल हुआ है। कालाचौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

## वित्त मंत्री ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को लिखा पत्र

# जताया आभार, विपक्ष पर लगाया देश को 'गुमराह' करने का आरोप



वित्त मंत्री ने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए। वित्त मंत्री ने कहा कि शुक्रवार को मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। बता दें, 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।

### राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई का भी दिया आश्वासन

**आम आदमी को राहत देने सभी राज्य साथ आए**




जीएसटी सुधारों पर विपक्ष गलत जानकारी दे रहा

### भारत के लोगों को मिली राहत

सीतारमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

### लोग जमकर खरीदारी करेंगे

सीतारमण ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग जमकर खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

### 4 स्लैब रखना राज्यों का फैसला

सीतारमण ने आरोप लगाया कि जीएसटी पर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है। चार स्लैब रखना भाजपा का नहीं बल्कि राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का फैसला था। उन्होंने कहा कि भारत बेहतर विपक्ष का हकदार है, जीएसटी सुधारों पर उनकी आलोचना गलत जानकारी पर आधारित है।

### जीएसटी 2.0: पीएम मोदी का जनता को बड़ा तोहफा

केंद्रीय मंत्री वैष्णव बोले



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के रूप में नागरिकों को एक बहुत बड़ा उपहार दिया है। पहले 12 लाख रुपए तक की आय पर आयकर से छूट देकर मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों को लाभ पहुंचाया था अब जीएसटी कम होने से एक बार फिर बड़ी राहत मिलेगी। जीएसटी सुधार से देश की आर्थिक उन्नति में भी एक बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

**20 लाख करोड़ की अतिरिक्त जीडीपी**

कहा कि देश की जीडीपी 330 लाख करोड़ है, जिसमें उपभोग का योगदान 202 लाख करोड़ है। जीएसटी सुधारों के बाद, इसमें 10% की भी वृद्धि होती है, तो उपभोग में 20 लाख करोड़ की वृद्धि होगी, यानी देश में 20 लाख करोड़ का अतिरिक्त जीडीपी

**आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी**

वैष्णव ने कहा कि उपभोग बढ़ने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और एक के बाद एक कई आर्थिक गतिविधियां बढ़ने लगेंगी। इनकम टैक्स की छूट और जीएसटी का बड़ा फैसला दोनों मिलाकर हमारे मध्यम वर्ग के परिवारों के हाथ में अधिक पैसा बचाने में मददगार होंगे।

### सुप्रीम 'आदेश' का पालन

## एसआईटी करेगी वंतारा की जांच, पैनल ने किया दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात के जामनगर में वंतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र के मामलों की जांच के लिए पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को आदेश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त फैक्ट फाइंडिंग पैनल ने गुरुवार को वंतारा में तीन दिवसीय जांच शुरू करने के घटनास्थल का दौरा किया।

**12 सितंबर तक दें रिपोर्ट**

न्यायालय ने एसआईटी को 12 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने दो जनहित याचिकाओं के आधार पर एक विशेष जांच दल गठित करने का आदेश दिया था। जस्टिस चेलमेश्वर के अलावा, एसआईटी में उत्तराखंड और तेलंगाना हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राघवेंद्र चौहान, मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले और अतिरिक्त सीमा शुल्क आयुक्त अनीश गुप्ता भी शामिल हैं।

### 'बीड़ी-बिहार' विवाद पोस्ट का मामला

## सियासी बवाल के बाद केरल कांग्रेस ने मानी 'गलती', सार्वजनिक माफी मांगी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



केरल कांग्रेस ने शनिवार को स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर बिहार को 'बीड़ी' से जोड़ने वाली विवादित पोस्ट उनके लिए बड़ी भूल थी। इस पोस्ट के चलते राजनीति में तहलका मच गया। पार्टी ने पोस्ट को हटा दिया और सार्वजनिक माफी भी मांगी। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने स्वीकार किया कि पोस्ट करने में 'गलती और लापरवाही' हुई। उन्होंने ताया कि पार्टी की सोशल मीडिया टीम ने बिना सतर्कता के यह टिप्पणी प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दी थी। सनी जोसेफ ने बताया कि पोस्ट हटा दी गई है। जिम्मेदार शख्स सोशल मीडिया हैंडल के एडमिन और ऑपरेटर ने माफी मांगी और पोस्ट हटाई। कांग्रेस इसका समर्थन नहीं करती।

**मीडिया सेल ने गलती स्वीकारी**

*सनी जोसेफ ने यह भी बताया कि इस मामले पर पूर्व विधायक वीटी बालराम से चर्चा हुई, जो केपीसीसी के डिजिटल मीडिया सेल के प्रभारी हैं। उन्होंने गलती स्वीकार की। इस विवाद के बीच केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया हेड वीटी बालराम ने इस्तीफा दे दिया है। बता दें, विवादित पोस्ट केपीसीसी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर हालिया जीएसटी दरों में बदलाव के संदर्भ में पोस्ट किया गया था। इस पोस्ट में बिहार को बीड़ी (तम्बाकू से भरी चीज) से जोड़ने की कोशिश की गई थी। अपने एक्स हैंडल पर दरों का ब्योरा देते हुए उसने लिखा कि बीड़ी और बिहार की शुरुआत बी अक्षर से होती है! अब इसे पाप नहीं माना जा सकता! आशय यह कि बीड़ी पर जीएसटी में कटौती बिहार में विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत हुई है।*

### नरम पड़े अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर फडणवीस बोले

# पीएम मोदी एक महान नेता, भारत अब किसी के दबाव में नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और अमेरिका में जारी टैरिफ विवाद के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने नरमी दिखाते हुए पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताया। इस बात पर अब महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ट्रंप कहें या नहीं पीएम नरेंद्र मोदी एक महान नेता हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अपनी विदेश नीति खुद तय करता है और किसी देश के दबाव में नहीं आता। बता दें कि फडणवीस का ये बयान तब आया जब हाल ही में अपने एक बयान में ट्रंप ने कहा था कि मैं हमेशा नरेंद्र मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। लेकिन इस वक्त जो वो कर रहे हैं, वह मुझे पसंद नहीं है। ट्रंप का ये बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% तक टैरिफ (शुल्क) लगा दिया है और भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त ड्यूटी लगा दी गई है। भारत सरकार ने इसे अनुचित, अन्यायपूर्ण और अकारण बताया है।

### आज का भारत, पीएम मोदी का भारत

भारत अपनी विदेश नीति खुद तय करता



**विकसित भारत का सफर रूकने वाला नहीं**

सीएम फडणवीस ने कहा कि ट्रंप कुछ भी कहें, मोदी तो महान हैं ही। पूरी दुनिया के नेता उन्हें महान मानते हैं। आज का भारत, मोदी का भारत है, जो अपनी विदेश नीति खुद तय करता है और किसी के दबाव में नहीं आता। उन्होंने कहा कि भारत का 'विकसित भारत' बनने का सफर रुकने वाला नहीं है।

### कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी बोले

**भारत एक रोटी कम खाएगा, लेकिन झुकेगा नहीं**

ट्रंप की शुक्रवार को भारत और रूस को अंधकारमय चीन के हाथों में खो देने के बयान पर कांग्रेस पार्टी के सांसद मनीष तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा टैरिफ के बारे में नहीं बल्कि आत्म-सम्मान, गरिमा और सम्मान के बारे में है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ट्रंप और नवारो जैसे लोग जो बात समझ नहीं पा रहे हैं, वह टैरिफ की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, गरिमा और सम्मान की है।



**हमने अंग्रेजों को परास्त किया**

मनीष तिवारी ने कहा कि हमने साम्राज्यवादी अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और उन्हें परास्त किया। भारत एक रोटी कम खाएगा, लेकिन बल प्रयोग के आगे कभी नहीं झुकेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री विपिन उर्फ तोतू, पुत्रः हरस्वरूप, पताः म.नं. 33, गली नं. 7, राजीव नगर, भलस्वा डेयरी, दिल्ली** ने **FIR No. 229/2024, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री विपिन उर्फ तोतू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री विपिन उर्फ तोतू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 229/2024, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अभियुक्त **श्री विपिन उर्फ तोतू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर, कमरा नं. 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11852/NW/2025**

**एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : सं. 11, रानी झांसी रोड, (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली-110055
CIN: L74899DL1993PLC055697
Email : ekam.leasing1@gmail.com, info@ekamleasing.in
Website : www.ekamleasing.in

**32वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर, कट ऑफ तिथि, रिकार्ड तिथि और दूरस्थ ई-वोटिंग की सूचना के सम्बन्ध में जानकारी**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. मै. एकम लीजिंग एंड फाइनेंस कं. लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों की **32वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम)** एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य और विशेष बिजनेस का सम्पादन करने के लिये **केवल विडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") सुविधा / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से सोमवार, 29 सितम्बर 2025 को अप. 12:30 बजे (आईएसटी) आयोजित की जायेगी।**
2. कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर्स 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022, 9/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 (सामुहिक रूप से "एमसीए सरकुलर्स" के रूप में संदर्भित) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी सरकुलर") दिनांक 12 मई 2020 और SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्तूबर 2023 और SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024 के अनुसार, चूंकि एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, कम्पनी 32वीं एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के लिंक सहित शनिवार 06 सितम्बर 2025 को केवल इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेज चुकी है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट / डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं।
3. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कम्पनी की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट, इसके अलावा 32वीं एजीएम की सूचना और व्याख्यात्मक विवरण निहित कम्पनी की वेबसाईट पर www.ekamleasing.in पर और बोम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट जहां पर कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं अर्थात www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है। इसकी एक प्रति नैशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरीज लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट पर www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
4. समय-समय पर संशोधित अनुसार कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108, सामान्य बैठक पर भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवालीय मानक-2, सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में, एजीएन की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य बिजनेस और विशेष बिजनेस के सम्बन्ध में नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) की वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम से पूर्व और दौरान इसके सदस्यों को अपना वोट देने के लिये "दूरस्थ ई-वोटिंग" और "ई-वोटिंग" की सुविधा प्रदान कर रही है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-
   i. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने हेतु निर्देश और एजीएम से पूर्व अथवा दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग की प्रक्रिया समेत जिस तरीके में भौतिक रूप में अपना शेयरधारण करने वाले सदस्य अथवा अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं, 32वीं एजीएम की सूचना के भाग के रूप में उपलब्ध करवाई गई है।
   ii. दूरस्थ ई-वोटिंग **शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी** प्रारम्भ होगी।
   iii. दूरस्थ ई-वोटिंग **रविवार 28 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे आईएसटी** समाप्त होगी।
   iv. एजीएम में अथवा इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान करने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु **कट ऑफ तिथि 22 सितम्बर 2025** है।
   v. कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा **कट ऑफ तिथि अर्थात 22 सितम्बर 2025** के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग मतदान करने के लिये कर सकता है। कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, वह एजीएम की सूचना केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने।
   vi. सदस्य ध्यान दें कि : ए) दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात् एनएसडीएल द्वारा वोटिंग हेतु अयोग्य कर दिया जाएगा और एक बार प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिया गया तो तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी ; बी) ई-वोटिंग प्रणाली की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध करवाई जाएगी; सी) जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु उन्हें अपना मत दोबारा देने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा और डी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा कटऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल मतदान हेतु एजीएम से पूर्व / दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाये जाने का अधिकार होगा।
   vii. सदस्य जो अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, उनसे इलैक्ट्रोनिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में इसे उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास और भौतिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में कम्पनी के आरटीए अर्थात मै. अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 को rta@alankit.com पर लिखकर पंजीकृत करवाने का आग्रह किया जाता है।
   viii. किसी पूछताछ के मामले में आप शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों ("एफएक्यूएस") और https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर ई-मेल द्वारा एनएसडीएल से सम्पर्क कर सकते हैं। इलैक्ट्रोनिक वोटिंग के सम्बन्ध में किसी स्पष्टीकरण(ों) / शिकायत(ों) के मामले में आप सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल के पास उनके नामित ई-मेल आईडी : evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in अग्रलिखित टेलीफोन नं. : 022-48867000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
   सदस्य जिनको बैठक में भाग लेने और पहुंचने के लिए एजीएम से पूर्व/दौरान किसी तकनीकी सहायता की आवश्यकता है तो सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल से pallavid@nsdl.co.in पर अथवा अग्रलिखित टेलीफोन नं. 022-48867000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
5. इसके अतिरिक्त, कम्पनी के निदेशक मंडल ने दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा के साथ-साथ निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग में एजीएम के दौरान वोटिंग हेतु मै. केकेएस एंड एसोसिएट्स, कम्पनी सैक्रेटरीज के प्रोपराइटर श्री कृष्ण कुमार सिंह को नियुक्त किया है। दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान वोटिंग का परिणाम एजीएम के समापन से 2 कार्यदिवस तक घोषित कर दिया जाएगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.ekamleasing.in पर और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज जहां कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं अर्थात www.bseindia.com पर भी डाले जाएंगे।
6. **बुक क्लोजर और रिकार्ड तिथि के सम्बन्ध में विवरण**
   ए. अधिनियम की धारा 91 और सेबी नियमनों के नियमन 42 के अनुपालन में कम्पनी का सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 से सोमवार 29 सितम्बर 2025 (दोनों दिन मिलाकर) वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 32वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।
   बी. कम्पनी ने सोमवार, 22 सितम्बर 2025 को 'रिकार्ड तिथि' के रूप में निर्धारित किया है, यह उन सदस्यों को सोमवार, 22 सितम्बर 2025 को व्यवसाय की समाप्ति पर जिनके नाम लाभप्रप्तकर्ता मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, को एजीएम में उपस्थित होने की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से है।
7. सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सभी नोट्स और विशेषतः एजीएम में शामिल होने हेतु निर्देश, एजीएम में दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा वोटिंग के माध्यम से अपना मत देने का तरीका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

बोर्ड के आदेशानुसार
एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता/-
(राकेश जैन)
चेयरमेन एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06.09.2025

# लगातार दमक रहे सोना-चांदी, आठ माह में दिया 36% व 42% तक रिटर्न

- रिटर्न देने में सभी एसेट्स को पीछे छोड़ा, निवेशक मालामाल
- सही रणनीति बनाकर निवेश किया जाए तो मिलेगा फायदा
- हाल में आई तेजी के बीच सोने में निवेश की सही प्लानिंग करें
- गोल्ड व सिल्वर पर आधारित ज्यादातर ईटीएफ ने 40% से ज्यादा रिटर्न दिया

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

दुनिया में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की दहशत के बीच सोना-चांदी निवेश के सबसे भरोसेमंद विकल्प बनकर उभर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सोने ने इस साल अब तक 8 माह में करीब 36% तक और चांदी ने करीब 42% तक रिटर्न दिया है। यानी इन 8 महीनों में चांदी सोने से काफी आगे निकल गई है। अगर रुपये में बात करें तो चांदी 37,281 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हुई है। वहीं, सोना 27,976 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ है। जानकारों का कहना है कि इस साल के आखिरी तक रिटर्न के मामले में चांदी सोने को बहुत पीछे छोड़ सकती है। सोने लगातार बढ़ती कीमतों के बीच लोगों को अब इसमें प्लानिंग तहत निवेश करना होगा। वरना यह झटका भी दे सकता है। हालांकि कहा जाता है कि सोना पुराने समय से ही भरोसे का निवेश रहा है। सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। बीते एक साल में गोल्ड और सिल्वर पर आधारित ज्यादातर ईटीएफ ने भी 40% से ज्यादा एवरेज रिटर्न दिया है। निवेशकों के लिए बड़ा सवाल यह है कि क्या इस तेजी के बाद अब भी सोने-चांदी में निवेश करना सही रहेगा? और अगर हां, तो किस तरीके से।



### सोने-चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर

सोने-चांदी की कीमतें नई ऊंचाइयां छू रही हैं। इनका असर ईटीएफ पर भी पड़ा है। पिछले 12 महीनों में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 40.44% का रिटर्न दिया है। इस दौरान 16 गोल्ड ईटीएफ मार्केट में एक्टिव रहे, जिनमें टाटा गोल्ड ईटीएफ ने सबसे ज्यादा 40.76%, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल गोल्ड ईटीएफ ने 40.74% और आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ ने भी 40.67% का मजबूत रिटर्न दिया।

### क्यों बढ़ रही है सोने-चांदी की चमक

जानकारों के मुताबिक सोने और चांदी की कीमतों में यह उछाल जियो-पोलिटिकल टेंशन, टैरिफ को लेकर जारी उथल-पुथल और इंडस्ट्रियल डिमांड की वजह से आया है. खासतौर पर सिल्वर की डिमांड सेमीकंडक्टर, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक व्हिकल (ईवी) और ग्रीन टेक्नोलॉजी में ज्यादा हो रही है। यही वजह है कि चांदी 10 साल के ऊंचे स्तर पर पहुंची है। सोना पारंपरिक रूप से एक डिफेंसिव एसेट माना जाता है, जो बाजार में अनिश्चितता और डर के समय निवेशकों को सुरक्षा देता है। यही कारण है कि हर अस्थिर दौर में सोने की कीमतें ऊपर जाती हैं।

### पोर्टफोलियो में कितना हो गोल्ड-सिल्वर का हिस्सा

आपके पोर्टफोलियो में सोने-चांदी की हिस्सेदारी 10–20% से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। बाकी निवेश इक्विटी और डेट में होना चाहिए। आमतौर पर 80:20 का इक्विटी-डेट रेशियो संतुलित माना जाता है, और सोना-सिल्वर इसमें हेजिंग यानी रिस्क से बचाने का काम करते हैं। इसका मतलब है कि गोल्ड और सिल्वर आपको लगातार ऊंचा रिटर्न नहीं देंगे, लेकिन आपके पोर्टफोलियो को अस्थिरता से बचाने और डाइवर्सिफिकेशन देने का काम करेंगे।


### ईटीएफ और एसआईपी के जरिये निवेश बेहतर

सोने-चांदी की मौजूदा ऊंची कीमतों पर एकमुश्त निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है। बेहतर है कि निवेशक एसआईपी (एसआईपी) के जरिए धीरे-धीरे इनमें पैसा लगाएं। इससे कीमतों के उतार-चढ़ाव की एवरेजिंग हो जाती है और लंबी अवधि में बेहतर नतीजे मिलते हैं। ईटीएफ सोने-चांदी में निवेश का सबसे आसान और ज्यादा पारदर्शी तरीका है। गोल्ड ईटीएफ में हर यूनिट आम तौर पर 1 ग्राम सोने की वैल्यू को बताती है। इन्हें आप डिमैट अकाउंट के जरिए शेयरों की तरह खरीद-बेच सकते हैं. सिल्वर ईटीएफ भी इसी तरह काम करते हैं।

### निवेशकों के लिए क्या है सही रणनीति

अगर आप सोने-चांदी में निवेश करना चाहते हैं तो इसे स्पेक्युलेटिव यानी सट्टे नजरिए से नहीं बल्कि एसेट एलोकेशन के नजरिए से देखें। यह लंबे समय में आपके पोर्टफोलियो को स्टेबल और सुरक्षित बनाते हैं।

- पोर्टफोलियो में गोल्ड और सिल्वर की हिस्सेदारी 10–20% तक रखें
- एकमुश्त निवेश की बजाय एसआईपी से धीरे-धीरे खरीदें
- ईटीएफ को प्रायोरिटी दें क्योंकि वे पारदर्शी, आसान और लिक्विड होते हैं
- अगर प्रोफेशनल मैनेजमेंट चाहिए तो मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड भी विकल्प हो सकते हैं



### सावधानी से बढ़ाएं कदम

सोने-चांदी में तेजी के बावजूद निवेशकों को सावधानी से कदम बढ़ाना चाहिए। यह सही है कि हाल में ईटीएफ ने 40% तक का रिटर्न दिया है, लेकिन भविष्य में इनका रोल मुख्य रूप से पोर्टफोलियो को स्टेबल रखने और जोखिम कम करने का रहेगा। सही रणनीति यही है कि इन्हें लंबी अवधि के लिए एसेट एलोकेशन का हिस्सा बनाएं, न कि शॉर्ट-टर्म मुनाफे के लिए। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि 2025 की पहली छमाही में सोने में जो तेजी देखी गई है, वह लंबी खिंच सकती है और अब नई खरीदारी से बचना चाहिए, क्योंकि कीमतें पहले से ही काफी ऊंचाई पर पहुंच गई हैं।

# क्या होती है नो-कॉस्ट ईएमआई क्या सच में नहीं लगता ब्याज?

जानकारी
बिजनेस डेस्क

- जानिए कैसे रिटेलर और बैंक ब्याज को एडजस्ट करते हैं
- किस तरह सही ऑफर चुनकर बचत की जा सकती है
- कोई भी सामान खरीदने से पहले एक बार जरूर देख लें
- तकनीकी रूप से देखें, तो 'नो कॉस्ट ईएमआई कभी पूरी तरह मुफ्त नहीं होता

त्योहारी सीजन आते ही ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स और बैंक 'नो-कॉस्ट ईएमआई' का खूब प्रचार करते हैं। मोबाइल, लैपटॉप, टीवी से लेकर फ्रिज और वॉशिंग मशीन तक, हर जगह यह ऑफर देखने को मिल जाता है। सुनने में तो यह बहुत लुभावना लगता है कि महंगी चीज बिना ब्याज के आसान किस्तों में मिल जाएगी। इसे देखकर अक्सर ग्राहक भी ललचा जाते हैं और ज्यादा से ज्यादा सामना खरीदने का प्रयास करते हैं। ऐसे त्योहारी सीजन में खासकर होता है। लेकिन क्या नो-कॉस्ट ईएमआई सच में 'फ्री' है? इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ तथ्य जिनसे पता चलेगा की नो-कॉस्ट ईएमआई कभी भी फ्री नहीं होता। इसके कुछ ने कुछ हिडन चार्ज जरूर होते हैं, जिन्हें बैंक बड़ी असानी से एडजस्ट करते हैं और कस्टमर को पता तक नहीं चलने देते। आइए एक्सपर्ट समझते हैं नो-कॉस्ट का पूरा खेल। जानकारों का कहना है कि नो-कॉस्ट ईएमआई का मतलब यह होता है कि जब आप कोई प्रोडक्ट किस्तों में खरीदते हैं, तो आपको अतिरिक्त ब्याज नहीं देना पड़ता। लेकिन हकीकत में 'नो कॉस्ट' ईएमआई पूरी तरह से फ्री नहीं होती, बल्कि इसमें ब्याज या चार्जेज को अलग तरीके से एडजस्ट किया जाता है।



### कैसे काम करती है नो-कॉस्ट ईएमआई

**डिस्काउंट या सब्सिडी:** अब मान लीजिए कि आपने 30,000 का स्मार्टफोन ईएमआई पर खरीदा। इसकी ईएमआई पर बैंक ब्याज लेगा, क्योंकि यही तो उसका बिजनेस है। सामान्य ईएमआई पर बैंक 12% ब्याज दर से 12 महीने की ईएमआई बनाएगा। ऐसे में कुल लागत लगभग 31,800 रुपये हो जाती, लेकिन रिटेलर या ब्रांड आपको ब्याज जितना डिस्काउंट दे देता है। असल में आप कुल 30,000 ही चुकाते हैं। 1,800 के ब्याज का बोझ कंपनी उठा लेती है। कई ऑफर में ब्याज सीधे नहीं दिखाया जाता। यानी आपको लगता है 'नो कॉस्ट ईएमआई है, कोई ब्याज नहीं लगेगा'। जैसे कि प्रोडक्ट का कैश प्राइस 30,000 है। डिस्काउंट के साथ वह 27,000 में मिलता। ईएमआई पर वही प्रोडक्ट 30,000 के कुल ईएमआई में बांट दिया गया। आपको लगता है 'नो कॉस्ट ईएमआई ' है, लेकिन आप 3000 रुपये की बचत गंवा रहे।

**क्या वाकई मुफ्त है नो-कॉस्ट ईएमआई :** अगर तकनीकी रूप से देखें, तो 'नो कॉस्ट ईएमआई कभी पूरी तरह मुफ्त नहीं होता। अगर रिटेलर सब्सिडी दे रहा है तो उसका खर्च कंपनी वहन कर रही है, जिससे उसका मार्जिन घटता है। अगर कीमत बढ़ाकर एडजस्ट किया गया है तो ग्राहक ने इनडायरेक्ट तरीके से ब्याज ही चुका दिया।

**कई बार नहीं मिलते ऑफर :** कई बार नो कॉस्ट ईएमआई के साथ अन्य डिस्काउंट ऑफर उपलब्ध नहीं होते, यानी कैशबैक या कूपन का फायदा हाथ से जा सकता है। जैसे कई बार कंपनियां 30,000 के प्रोडक्ट का एमआरपी ही 32,000 लिख देती हैं और नो कॉस्ट ईएमआई पर बेचती हैं। ग्राहक को लगता है कि ब्याज नहीं लगा, जबकि उसने पहले से बढ़ी हुई कीमत चुका दी।

### क्या है आरबीआई का नियम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2013 में साफ किया था कि नो कॉस्ट ईएमआई स्कीम्स में ब्याज शून्य दिखाना भ्रामक हो सकता है। इसके बाद एनबीएफसी और बैंकों ने इन ऑफर्स को अलग तरह से डिजाइन किया। अब प्रैक्टिकली ब्याज का बोझ मैन्युफैक्चरर या रिटेलर उठाता है, ग्राहक को 'नो कॉस्ट' का अनुभव देने के लिए।

### इन बातों पर जरूर दें ध्यान

एमआरपी और सेलिंग प्राइस चेक करें। जैसे कि क्या ईएमआई प्रोडक्ट असली डिस्काउंट प्राइस पर मिल रहा है या बढ़ी हुई कीमत पर? ऑफर्स की तुलना करें। कई बार सीधा डिस्काउंट ऑफर लेना नो कॉस्ट ईएमआई से सस्ता पड़ता है। प्रोसेसिंग फीस देखें। कुछ बैंकों में प्रोसेसिंग फीस या जीएसटी अलग से लिया जाता है। टेन्योर को जरूर समझें। जैसे कि ईएमआई कितने महीनों में देनी है और क्या पहले भुगतान करने पर कोई पेनल्टी लगेगी? अपने बजट पर भी ध्यान दें। किस्तों में पेमेंट आसान लगता है, लेकिन खर्च बढ़ाने का लालच भी दे सकता है।

# सैलरी का सिर्फ 10 पर्सेंट हर महीने बचाकर भी बन सकते हैं करोड़पति

- पहले लक्ष्य तय करें, इसके बाद लंबे समय तक निवेश में डटे रहें
- 30 साल में बनाया जा सकता है 1.23 करोड़ का फंड
- छोटी-छोटी बचत और लंबे समय तक निवेश बना देगा धनवान

बचत
बिजनेस डेस्क

आज के समय में हर किसी का सपना होता है कि वह रिटायरमेंट तक अपने लिए एक बड़ा फंड जमा कर सके, लेकिन कई लोग सोचते हैं कि करोड़ों रुपये की बचत के लिए बहुत बड़ी सैलरी होनी चाहिए। जबकि सच यह है कि छोटी-छोटी बचत और लंबे समय तक निवेश की आदत किसी को भी करोड़पति बना सकती है। एक उदाहरण से आप इसे बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। एक निजी कंपनी में काम करने वाले भी अपनी सैलरी का सिर्फ 10% हर महीने बचाकर एसआईपी के जरिए 30 साल में 1.23 करोड़ रुपये का फंड खड़ा कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कैसे एक निजी कंपनी में काम करने वाले भी धीरे-धीरे करोड़ों रुपये का फंड बना सकते हैं।

### ऐसे समझें निवेश का गणित

मान लीजिये आपकी उम्र अभी 22 साल है और वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। आपकी हर महीने की सैलरी 40,000 रुपये है। युवा उम्र में ही आपने तय कर लिया कि वह अपनी रिटायरमेंट की प्लानिंग अभी से शुरू करेंगे तो आपको हर महीने अपनी कमाई का सिर्फ 10% यानी 4,000 को म्यूचुअल फंड की एसआईपी में लगाना शुरू करना होगा। इसे आप किसी भी हालत में निकालेंगे नहीं और समय के साथ अपने फंड का बढ़ाते जाएंगे। आप देखेंगे की कुछ ही समय में आपका पैसा बढ़ने लगेगा।

### 50 की उम्र तक करोड़पति बनेंगे

अगर आप अपना लक्ष्य लेकर चलते हैं और निवेश को लगातार बढ़ाते जाएंगे तो आसानी से 50 साल की उम्र तक करोड़पति बन सकते हैं। इसके कंपाउंडिंग का पैसा आपकी रकम को और बढ़ाता जाएगा। आपका लक्ष्य था कि जब वह 50 साल की उम्र को पार करे, तो उसके पास एक करोड़ रुपये से ज्यादा का रिटायरमेंट फंड हो। इस तरह आपका लक्ष्य पूरा हो सकेगा। इसके लिए आपको लगातार 30 साल तक 4,000 हर महीने एसआईपी में निवेश करना जरूरी होगा। एसआईपी के लिए 12% सालाना रिटर्न वाले इक्विटी म्यूचुअल फंड को चुनना होगा।



### पूरा कैलकुलेशन

आपने 30 साल तक हर महीने 4,000 की एसआईपी की। इस तरह उसका कुल निवेश 4,000 x 12 महीने x 30 साल = 14,40,000 रुपये हुआ। इस निवेश पर उसे 12% की औसत वार्षिक रिटर्न दर मिली। कंपाउंडिंग के जादू से 30 साल बाद उसका निवेश बढ़कर 1,23,23,893 रुपये हो गया। यानी, 14.4 लाख रुपये निवेश करने पर उसे 1,08,83,893 का रिटर्न मिला। यह दिखाता है कि लंबे समय तक नियमित निवेश करने से छोटी रकम भी करोड़ों में बदल सकती है।

### युवाओं के लिए बड़ी सीख

यह कहानी हर युवा के लिए प्रेरणादायक हो सकती है जो अपनी रकम को बढ़ाना चाहते हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि रिटायरमेंट या भविष्य की प्लानिंग के लिए बड़ी सैलरी या मोटा निवेश जरूरी है, लेकिन सही रणनीति, अनुशासन और जल्दी शुरुआत से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अगर आप 10 साल बाद यानी 32 साल की उम्र में निवेश शुरू करता, तो उसे 20 साल का समय मिलता। इतने समय में उसका निवेश लगभग आधा ही होता। इससे साबित होता है कि निवेश जितनी जल्दी शुरू करें, उतना बेहतर।

### ये मंत्र भी अपनाएं

**1. वित्तीय शिक्षा प्राप्त करें**
वित्तीय शिक्षा आपको पैसे के प्रबंधन, निवेश व बचत के बारे में जानने में मदद करेगी। यह आपको वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ठोस योजना बनाने में मदद करेगी।

**2. नियमित बचत करें**
नियमित बचत करना करोड़पति बनने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अपने आय का एक हिस्सा नियमित रूप से बचाएं और इसे निवेश में लगाएं।

**3. निवेश करें**
निवेश करना आपके पैसे को बढ़ाने का एक अच्छा तरीका है। शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, और रियल एस्टेट जैसे विभिन्न निवेश विकल्पों का पता लगाएं और अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार निवेश करें।

**4. व्यवसाय शुरू करें**
व्यवसाय शुरू करना करोड़पति बनने का एक अच्छा तरीका हो सकता है। अपने जुनून और कौशल के अनुसार व्यवसाय शुरू करें और इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करें।

**5. नेट वर्थ बढ़ाएं**
नेट वर्थ बढ़ाने के लिए, अपनी आय बढ़ाने और व्यय कम करने पर ध्यान दें। अपने ऋणों का भुगतान करें और अपनी संपत्ति बढ़ाने के लिए निवेश करें।

**6. धैर्य रखें**
करोड़पति बनने में समय लगता है। धैर्य रखें और अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहें।

**7. वित्तीय अनुशासन**
वित्तीय अनुशासन करोड़पति बनने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुशासन में रहें और अपने व्यय को नियंत्रित रखें।

**8. नेटवर्क बनाएं**
नेटवर्क बनाना करोड़पति बनने में मदद कर सकता है। अपने उद्योग में लोगों से मिलें और अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए नेटवर्क का उपयोग करें।

**9. जोखिम उठाएं**
जोखिम उठाना करोड़पति बनने का एक हिस्सा है। अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जोखिम उठाने के लिए तैयार रहें, लेकिन जोखिम को प्रबंधित करने के लिए भी तैयार रहें।

**10. सीखना जारी रखें**
सीखना जारी रखना करोड़पति बनने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उद्योग में नवीनतम रुझानों और तकनीकों के बारे में सीखें व अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए काम करें।

**प्लानिंग** जैसे-जैसे आय बढ़ती है, वैसे-वैसे निवेश की रफ्तार को भी बढ़ाएं, इससे जल्द पैसा बढ़ेगा

**अनावश्यक खर्च करने से बचें, ऑफर का देखकर ललचाएं नहीं निवेश की अच्छी रणनीति बनाएं और अपने भविष्य को सुरक्षित करें**

# जीवन में आगे बढ़ने के साथ, बढ़ाते जाएं अपना निवेश, स्टेप अप एसआईपी आपको अमीर बनाने में निभाएगी बड़ी भूमिका

सुझाव
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश करके अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो आपको थोड़ा संयम बरतना होगा और जीवन में आगे बढ़ने के साथ-साथ अपने निवेश को भी बढ़ाना होगा। तभी आप अपने धन को बढ़ा पाएंगे और बुढ़ापे में खुद को आर्थिक रूप ये मजबूत रख पाएंगे। देखने में आता है कि नए अवसर, बड़े सपने और बदलती जीवनशैली के साथ जीवन आगे बढ़ते रहने की कहानी है। जैसे-जैसे आपकी आय बढ़ती है, वैसे-वैसे आपकी ख्वाहिशें और खर्च भी बढ़ते हैं। क्या आपकी निवेश रणनीति भी इसी रफ्तार से आगे बढ़ रही है? जिस तरह आप अपने सपनों की नई बाइक खरीदते हैं, या बेहतर घर में शिफ्ट होते हैं, उसी तरह जरूरी है कि आप अपने एसआईपी (सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान) को भी अपग्रेड करें ताकि, वो आपके बदलते जीवन के साथ कदम से कदम मिला सके। आइए समझते हैं कि स्टेप-अप एसआईपी (एसआईपी राशि को बढ़ाना) क्या है और कैसे यह आपको वित्तीय रूप से आगे बनाए रखने में मदद करता है।

### स्टेप-अप एसआईपी क्या है?

स्टेप-अप एसआईपी (जिसे टॉप-अप एसआईपी भी कहा जाता है) एक ऐसी सुविधा है जिसमें आप अपने एसआईपी निवेश को तय अंतराल पर (सालाना या अर्धवार्षिक) एक निश्चित राशि या प्रतिशत के हिसाब से बढ़ा सकते हैं। इसका मतलब है कि हर महीने एक ही राशि निवेश करने की बजाय, आप जैसे-जैसे कमाते हैं, वैसे-वैसे अपना निवेश भी बढ़ाते हैं।

### आपकी बढ़ती आय और खर्चों के साथ तालमेल

जब आपकी सैलरी बढ़ती है या प्रमोशन होता है, तो आपकी जीवनशैली भी बेहतर होती है। शायद आप नई बाइक खरीदते हैं, बेहतर फ्लैट में शिफ्ट होते हैं, या खूब घूमते हैं। ऐसे में खर्च बढ़ता है और आर्थिक लक्ष्य भी बड़े हो जाते हैं। एसआईपी को स्टेप-अप करके आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आपकी बढ़ती आय और आकांक्षाओं के साथ आपके निवेश का तालमेल बना रहे।

### महंगाई को मात देन के लिए निवेश जरूरी

हर साल महंगाई की वजह से जीवन-यापन में होने वाला खर्च बढ़ता रहता है। अगर आपकी एसआईपी की राशि एक समान ही रहती है, तो भविष्य में वह आपकी ज़रूरतों, लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाएगी। एसआईपी बढ़ाने से आपका निवेश तेज़ी से बढ़ता है और आप महंगाई के असर से बेपरवाह रह सकते हैं।



### बड़े लक्ष्य जल्दी हासिल करें

स्टेप-अप एसआईपी के ज़रिए आप अपने आर्थिक लक्ष्यों को जल्दी हासिल कर सकते हैं। इसकी मदद से आप बड़े सपनों जैसे लग्ज़री कार, विदेश यात्रा या रिटायरमेंट के लिए बड़ी रकम को भी बिना किसी आर्थिक तनाव के हसिल कर सकते हैं।

### चक्रवृद्धि ब्याज़ की ताकत का जादू

हर साल एसआईपी की राशि थोड़ी सी भी बढ़ाने पर लंबे समय में आपकी संपत्ति में बड़ा फ़र्क देखने को मिल सकता है। जितनी जल्दी और जितना अधिक आप निवेश करते हैं, रिटर्न उतना ही ज़्यादा होता है। इसी को चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत कहते हैं।

### स्टेप-अप एसआईपी कैसे काम करता है?

- मान लीजिए आप 5,000 रुपये प्रति माह की एसआईपी शुरू करते हैं, जिसमें हर साल 1,000 रुपये स्टेप-अप करते हैं।
- पहले साल में, आप 5,000 रुपये/माह निवेश करते हैं
- दूसरे साल में, यह 6,000 रुपये/माह हो जाता है
- तीसरे साल में, 7,000 रुपये/माह, और यह इसी तरह आगे बढ़ता है।
- धीरे-धीरे बढ़ती एसआईपी आपकी बढ़ती सैलरी के साथ मेल खाती है। जैसे-जैसे आपका वेतन बढ़ता है, आपका निवेश भी बढ़ता है और आपकी जेब पर भी एकसाथ ज्यादा बोझ नहीं पड़ता।

### स्टेप-अप एसआईपी बेहतरीन तरीका

स्टेप-अप एसआईपी यह सुनिश्चित करने का एक आसान, लेकिन असरदार तरीका है कि आपका निवेश आपकी ज़िंदगी की गति के साथ आगे बढ़े। जैसे-जैसे आपकी आमदनी और ज़रूरतें बढ़ती हैं आप अपनी एसआईपी को बढ़ाकर नए सपनों और आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होंगे। तो, क्या आप निवेश का सही कदम उठाने के लिए तैयार हैं?

### ऐसे तैयार करें निवेश की रणनीति

**विविधीकरण :** विविधीकरण एक महत्वपूर्ण निवेश रणनीति है जिसमें आप अपने निवेश को विभिन्न परिसंपत्तियों में फैलाते हैं, जैसे कि शेयर, बॉन्ड, रियल एस्टेट, और अन्य। इससे जोखिम कम होता है और रिटर्न बढ़ सकता है।

**लंबी अवधि का निवेश :** लंबी अवधि का निवेश एक अच्छी रणनीति है जिसमें आप अपने निवेश को लंबी अवधि के लिए रखते हैं। इससे आपको बाजार की अस्थिरता से बचने में मदद मिलती है और रिटर्न बढ़ सकता है।

**नियमित निवेश :** नियमित निवेश एक अच्छी रणनीति है जिसमें आप नियमित रूप से एक निश्चित राशि निवेश करते हैं। इससे आपको बाजार की अस्थिरता से बचने में मदद मिलती है और रिटर्न बढ़ सकता है।

**जोखिम प्रबंधन :** जोखिम प्रबंधन एक महत्वपूर्ण निवेश रणनीति है जिसमें आप अपने निवेश के जोखिम को प्रबंधित करते हैं। इससे आपको अपने निवेश को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है और रिटर्न बढ़ सकता है।

**वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार निवेश :** वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार निवेश एक अच्छी रणनीति है जिसमें आप अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार निवेश करते हैं। इससे आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है और रिटर्न बढ़ सकता है।

**निवेश की लागत को कम करना :** निवेश की लागत को कम करना एक महत्वपूर्ण रणनीति है जिसमें आप अपने निवेश की लागत को कम करते हैं। इससे आपको अपने रिटर्न को बढ़ाने में मदद मिलती है।

**नियमित रूप से पोर्टफोलियो की समीक्षा करना :** नियमित रूप से पोर्टफोलियो की समीक्षा करना एक अच्छी रणनीति है जिसमें आप अपने निवेश पोर्टफोलियो की समीक्षा करते हैं और आवश्यकतानुसार बदलाव करते हैं। इससे आपको अपने निवेश को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है और रिटर्न बढ़ सकता है।

# फिडे ग्रैंड स्विस: गुकेश को 14 साल के यागिज ने ड्रॉ पर रोका, वैशाली शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| समरकंद

विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस के दूसरे दौर में तुर्किये के 14 वर्षीय यागिज खान एर्दोगमस ने ड्रॉ पर रोका, जबकि गत चैंपियन आर वैशाली ने महिलाओं के वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। दो गेमों में जीत के साथ वह ऑस्ट्रिया की ओलगा बेडेल्का के साथ संयुक्त रूप शीर्ष पर हैं। ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति गंवा दी और अंततः ड्रॉ के लिए समझौता करना पड़ा, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रज्ञानंद ने इवान जेनलियान्स्की को हराकर इस प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत हासिल की।



## प्रज्ञानानंद ने की वापसी

*ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति से शुरुआत की थी, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। दूसरी ओर, भारत के एक अन्य ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद ने वापसी की और रूस के जेनलियान्स्की के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। जेनलियान्स्की फिडे झंडे के तले खेलने उतरे क्योंकि रूस पर प्रतिबंध लगा हुआ है। ओपन वर्ग में फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा, ईरान के परहम माघसूदलो और स्लोवेनिया के एंटन डेमचेंको दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।*



## वैशाली के पास एकल बढ़त बनाने का मौका



महिलाओं के वर्ग में भारत की आर वैशाली ने विजयी अभियान जारी रखा और लगातार दो जीत दर्ज कर दो अंक लेकर वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंचीं। रेटिंग में अपनी मजबूत स्थिति के कारण वैशाली के पास एकल बढ़त हासिल करने का मौका है। उन्होंने दो साल पहले यहां जीत दर्ज की थी और एक बार फिर खिताब की प्रबल दावेदार हैं। यह ग्रैंड स्विस का चौथा सत्र है, जहां दोनों वर्ग के शीर्ष दो खिलाड़ियों के पास अगले साल होने वाले फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का मौका होगा। आठ खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व चैंपियनशिप का अगला चैलेंजर तय होता है।

## खबर संक्षेप



### नफीस-रुद्रा ने जीता अंडर-19 खिताब

**जयपुर।** युशा नफीस और रुद्रा सिंह ने इंडियन जूनियर ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 वर्ग के खिताब जीते। इस साल की शुरुआत में एशियाई जूनियर टीम चैंपियनशिप में भारत की कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे नफीस ने रचित शाह को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।लड़कियों के अंडर-19 फाइनल में रुद्रा ने व्योमिका खंडेलवाल को सीधे गेम में हराया।सप्ताह भर चले इस टूर्नामेंट में 12 स्पर्धाओं में 520 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और सभी आयु वर्गों के फाइनल के साथ इसका समापन हुआ।

### विश्व वुशु चैंपियनशिप : भारत का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारत ने ब्राजील में 17वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीन महिला खिलाड़ी फाइनल में और दो पुरुष खिलाड़ी नाकआउट चरण में पहुंच गए। महिला वर्ग में अपर्णा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 किग्रा भार वर्ग में इंडोनेशिया की थारिसा डीया फ्लोरिएंटिना को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। अपर्णा का अगला मुकाबला रविवार को स्वर्ण पदक के लिए वियतनाम की एनजी थी भुओंग नगा से होगा। करीना कौशिक ने 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में ब्राजील की नथालिया ब्रिकेसी सिल्वा को हराया। अब उनका मुकाबला चीन की शियाओवेई वू से होगा।

### अफगानिस्तान ने यूएई को हराया

**शारजाह।** अफगानिस्तान ने टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर चार रन की रोमांचक जीत दर्ज की। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 170 रन बनाए। इसके जवाब में यूएई एक समय टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल करने के करीब पहुंच गया था लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 166 रन ही बना सकी। यूएई को अंतिम ओवर में 17 रन चाहिए थे और पावर-हिटर आसिफ खान (40) ने आखिरी तीन गेंदों पर लक्ष्य को पांच रन तक पहुंचा दिया। लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फरीद अहमद ने संयम बनाए रखा और अगली दो गेंदों पर एक भी रन नहीं दिया।

## अमेरिकी ओपन : अल्काराज और सिनर के बीच खिताबी मुकाबला

# एक साल में तीसरी बार, सबसे बड़े मुकाबले में आमने-सामने दो दिग्गज



**एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। यह इस वर्ष लगातार तीसरा अवसर होगा जबकि दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले यह दो खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

### कोर्ट में कार्लोस ने निकाला मोबाइल

अल्काराज ने खेले गए पहले सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6 (4), 6-2 से हराया। उन्होंने जीत हासिल करने के बाद सभी को एक पल रुकने के लिए कहा। अल्काराज ने जेब से अपना मोबाइल फोन निकाला ताकि वह सिनर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच दूसरे सेमीफाइनल का स्कोर देख सके लेकिन तब उस मैच का पहला सेट ही चल रहा था। सिनर ने इसके कुछ घंटे बाद ऑगर-अलियासिमे पर 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल करके अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ एक और रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

### नंबर एक रैंकिंग का होगा फैसला

रविवार को होने वाले फाइनल का परिणाम जो भी हो यह सुनिश्चित है कि यह जोड़ी पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को साझा करेगी और पिछले 13 में से 10 पर कब्जा करेगी। अल्काराज ने अभी तक पांच और सिनर ने चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इस मैच से नंबर एक रैंकिंग का भी फैसला होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मैच को देखने के लिए आ सकते हैं। अल्काराज ने जून में फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था। सिनर ने जुलाई में विंबलडन में इसका बदला चुकता कर दिया था।



### एक दूसरे के खिलाफ काफी मैच खेले: सिनर

सिनर ने कहा, 'हमने इस साल एक दूसरे के खिलाफ काफी मैच खेले हैं। इसलिए हम एक-दूसरे के खेल को बहुत अच्छी तरह जानते हैं।' अल्काराज को जोकोविच के खिलाफ हाल में जिन दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था उनमें पिछले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक का मुकाबला और इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का क्वार्टर फाइनल मैच शामिल है।

### मैं परिपक्व हो रहा हूं : अल्काराज

अल्काराज ने कहा, 'मैं मैचों, टूर्नामेंट, पूरे साल, कुल मिलाकर, निरंतरता बनाए रखने पर काम कर रहा हूं। बस किसी भी मैच में उतार-चढ़ाव न हो। शायद, मैं परिपक्व हो रहा हूं, खुद को और बेहतर तरीके से जान रहा हूं और यह समझ रहा हूं कि कोर्ट के अंदर और बाहर मुझे क्या करना चाहिए।' सिनर का 2024 की शुरुआत से अल्काराज के खिलाफ रिकॉर्ड 1-6 है जबकि अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 109-4 है।

### सिनर की दूसरी बार चैंपियन बनने की कोशिश

सिनर न्यूयॉर्क में लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक लगातार पांच साल तक यह हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट जीता था। सिनर ने लगातार पांच ग्रैंड स्लैम फाइनल में भी जगह बनाई है, जिसकी शुरुआत 12 महीने पहले अमेरिकी ओपन से हुई थी। अल्काराज ने अपना छठा प्रमुख खिताब और फ्लशिंग मीडोज में दूसरा खिताब जीतने की कवायद में एक भी सेट नहीं गंवाया है।

## डाब्रोवस्की- रुटलिफ ने दूसरी बार जीता महिला युगल का खिताब



गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रुटलिफ ने फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके तीन वर्षों में दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त डाब्रोवस्की और राउटलिफ ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। इसके बाद डाब्रोवस्की और रुटलिफ गले मिले। इन दोनों ने स्तन कैंसर के इलाज के बाद डाब्रोवस्की की पहली बड़ी जीत का जश्न मनाया। उन्होंने पिछले साल विंबलडन में खेलने के लिए अपना इलाज कुछ समय के लिए टाल दिया था। तब वे फाइनल में टाउनसेंड और सिनियाकोवा से हार गए थे। डाब्रोवस्की ने मैच के बाद कहा, 'कैंसर और चोटिल होने के कारण हमारे लिए यह सफर बहुत मुश्किल था। सच कहूं तो यह किसी पागलपन से कम नहीं है। मुझे हम दोनों पर गर्व है। यहां तक पहुंचना वास्तव में आसान नहीं था।

### 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश जारी रखूंगा: जोकोविच



दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा कि वह 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे। कार्लोस अल्काराज के खिलाफ मुकाबले में जोकोविच कुछ अवसरों पर अच्छी स्थिति में दिखे लेकिन आखिर में उन्हें सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैं अभी पीछे नहीं हटने जा रहा हूं। मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की अपनी कोशिश जारी रखूंगा। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करुंगा। मैं कम से कम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा।' सेमीफाइनल मैच के बारे में जोकोविच ने कहा, 'दुर्भाग्य से, दूसरे सेट के बाद मेरी ऊर्जा खत्म हो गई। मेरे पास उनसे मुकाबला करने और दो सेट तक उनकी लय बनाए रखने के लिए पर्याप्त ऊर्जा थी। उसके बाद मैं पूरी तरह थक गया और वह लगातार अच्छा खेलते रहे।'


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिजवान** निवासी आर–3/ए2 8ए, मोहन गार्डन, नई दिल्ली ने सी.सी. एन.आई. एक्ट संख्या 17222/2021 धारा 138 एन.आई. अधिनियम, थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिजवान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिजवान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. एन.आई. एक्ट संख्या 17222/2021 धारा 138 एन.आई. अधिनियम, थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रिजवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 28.10.2025 को हाजिर हो।

आदेशानुसार: नंदिनी शर्मा,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एन.आई. अधिनियम)
डिजिटल कोर्ट–09,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
DP/11887/DW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरीश उर्फ टिल्ली पुत्र बलदेव पताः मकान नं 152, के ब्लॉक विजय विजय विहार रोहिणी दिल्ली दुसरा विजय विहार फेस–2 पेट्रोल पंप के पास तीसरा पता वीपीओ और पुलिस स्टेशन डिंडोरी जिला बिलासपुर एमपी ने FIR No 33839/2023 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरीश उर्फ टिल्ली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरीश उर्फ टिल्ली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No 33839/2023 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली के उक्त हरीश उर्फ टिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष(या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 13.11.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
नार्थ जिला, कोर्ट नं.213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/11871/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शारिफ खान** पुत्र सरताज शेख, निवासी- मकान नंबर गली नंबर 09, कर्दमपुरी, ज्योति नगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 32/2020 धारा 392/411/34 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शारिफ खान** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शारिफ खान** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शारिफ खान, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 32/2020 धारा 392/411/34 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली न्यायालय** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आयुषी सक्सेना एलडी**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
कक्ष संख्या 07
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/11649/NE/2025


## बीसीसीआई की सालाना बैठक 28 सितंबर को

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सालाना आम बैठक 28 सितंबर को होगी, जिसमें बोर्ड अध्यक्ष और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव मुख्य एजेंडे में शामिल होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है जबकि आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अनिवार्य ब्रेक (कूल-ऑफ अवधि) पर जाने की संभावना है। हालांकि चुनाव बीसीसीआई के सभी प्रमुख पदों के लिए होने हैं लेकिन यह प्रभावी रूप से केवल एक पद के लिए ही होना है क्योंकि अन्य पदों पर अधिकारियों के बरकरार रहने की संभावना है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने संयुक्त सचिव के रूप में दो साल और तीन महीने तथा सचिव के रूप में नौ महीने सहित कुल तीन साल पूरे कर लिए हैं, जिससे उनका पद पर बने रहना तय है। जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष का पद संभालने के बाद इस साल जनवरी में सैकिया को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया था।


## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में होगी नीरज और नदीम में कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोकियो में इस महीने के अंत में होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम एक बार फिर आमने-सामने होंगे। पेरिस ओलंपिक में दोनों के बीच हुए यादगार फाइनल के बाद यह पहला मौका होगा जब मैदान पर इन दिग्गजों का मुकाबला देखने को मिलेगा।

**13 से 21 सितंबर तक चलेगा टूर्नामेंट**

भारत की ओर से मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय दल का नेतृत्व करेंगे। दूसरी ओर, पाकिस्तान की पूरी उम्मीदें सिर्फ नदीम पर टिकी हैं, जो टीम के अकेले प्रतिनिधि होंगे। पेरिस ओलंपिक में नदीम ने 92.97 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो कर गोल्ड मेडल जीता था और नीरज को पीछे छोड़ा था।




### चोपड़ा और नदीम पर होंगी निगाहें

27 साल के नीरज वाइल्ड कार्ड से डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में सीधे प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने क्वालीफाइंग अवधि के दौरान कई बार 85.50 मीटर से ज्यादा थ्रो कर अपनी फिटनेस और लय साबित की है। वहीं, 28 साल के नदीम ने इस साल मई में साउथ कोरिया में हुई एशियाई चैंपियनशिप में 86.40 मीटर का थ्रो कर गोल्ड मेडल जीता और क्वालीफाई किया। हालांकि जुलाई में उनकी इंग्लैंड में पिंडली की सर्जरी भी हुई थी, जिससे उनकी फॉर्म को लेकर उत्सुकता है। इस बार भारत के पास पुरुष भाला फेंक में सबसे बड़ा दल होगा। नीरज के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी हिस्सा लेंगे। 17 सितंबर को क्वालीफिकेशन राउंड और 18 सितंबर को फाइनल मुकाबला होगा।

### ब्रीट्जके ने पहले 5 वनडे में बनाए सर्वाधिक रन

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के धाकड़ युवा बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके ने वनडे क्रिकेट में धमाल मचा दिया। मैथ्यू ब्रीट्जके ने अपने करियर के पहले पांच वनडे मैचों में ही एक बड़ा कमाल किया और उनके नाम अब वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे क्रिकेट के इतिहास में डेब्यू करने के बाद से पहले पांच वनडे मैचों में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


## 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया से खिताबी भिड़ंत

# एशिया कप हॉकी: चीन पर 7-0 की जीत के साथ भारत फाइनल में पहुंचा

भाषा ▶▶| राजगीर

स्ट्राइकर अभिषेक के दो गोल की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुपर चार के आखिरी मैच में चीन को 7-0 से हराकर एशिया कप टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अभिषेक ने मैच के 46वें और 50वें मिनट में गोल दागे। उनसे पहले इस एकतरफा मुकाबले में शिलानंद लाकड़ा (चौथे मिनट), दिलप्रीत सिंह (सातवें), मनदीप सिंह (18वें), राजकुमार पाल (37वें) और सुखजीत सिंह (39वें) के गोल ने टीम की बड़ी जीत पक्की कर दी। रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में भारत के सामने मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया की चुनौती होगी। इस जीत के साथ भारत सुपर चार लीग तालिका में सात अंकों के साथ शीर्ष पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चीन और मलेशिया दोनों तीन-तीन अंकों के साथ उनसे पीछे रहे। इससे पहले भारत ने सुपर चार चरण के अपने शुरुआती दो मैचों में पांच बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था और मलेशिया को 4-1 से हराया था। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की विजेता टीम को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारत ऐसे में विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से बस एक कदम दूर है।




### भारत ने महिला एशिया कप हॉकी में जापान को 2-2 की बराबरी पर रोका

**हांगझोउ (चीन)।** नवनीत कौर के आखिरी क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर पर किये गोल की बदौलत भारत ने दो बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के अपने दूसरे पूल मैच में जापान को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। हिरोका मुरायामा ने पूल बी के इस मैच के 10वें मिनट में गोल करके विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज जापान को बढ़त दिलाई लेकिन 30वें मिनट में रुतुजा दादासो पिसाल ने भारत के लिए बराबरी का गोल किया। चिको फुजीबायाशी ने 58वें मिनट में जापान को एक बार फिर आगे कर दिया मगर मैच के आखिरी मिनट में नवनीत ने गोल करके मुकाबला ड्रॉ करा दिया। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था और अब उसके सामने आठ सितंबर को सिंगापुर की चुनौती होगी।

## खबर संक्षेप

### कांगो में इबोला का नया प्रकोप, 15 लोगों की मौत

**कांगो।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस का एक नया प्रकोप सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग के



मुताबिक, वायरस की चपेट में आने से करीब 15 लोगों की मौत होने की आशंका है। कांगो देश पर 16वीं बार इबोला वायरस का कहर टूटा है। स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर कांबा के मुताबिक, अनुमानित 53.6 फीसद मृत्यु दर स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है। अभी तक की रिपोर्ट में 28 संदिग्ध मामले और 15 लोगों की मौत की जानकारी मिली है, जिनमें बौलापे में 14 और म्वेका में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला ने दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने घर खरीद पर कर का कम भुगतान किए जाने के



मामले में स्वतंत्र जांच के बाद शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। रेनर ने स्वीकार किया कि उन्होंने इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर होव में अपार्टमेंट की खरीद पर पर्याप्त कर का भुगतान नहीं किया था। रेनर ने अपने मामले को मंत्रिस्तरीय मानकों पर स्वतंत्र सलाहकार लॉरी मैग्नस के पास भेजा, जिन्होंने पीएम केअर स्टार्मर को अपनी रिपोर्ट सौंपी। ब्रिटेन में संपत्ति की खरीद पर शुल्क लगाया जाता है तथा अधिक महंगे आवासों पर अधिक शुल्क देना पड़ता है।

### बांग्लादेश में जातीय पार्टी के ऑफिस पर हमला

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जातीय पार्टी के सेंट्रल ऑफिस पर गण अधिकार परिषद



के कार्यकर्ताओं ने हमला किया। इस हमले में ऑफिस में तोड़फोड़ की गई और कई मंजिलों पर आग लगा दी गई। फायर सर्विस की टीमें आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। हमलावरों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस और साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। पिछले हफ्ते गण अधिकार परिषद के अध्यक्ष नुरुल हक नुर के घायल होने के बाद से देशभर में जातीय पार्टी के कार्यालयों पर हमले हुए थे।

# हिमाचल में बारिश-भूस्खलन से हाहाकार...अब तक 360 मौतें और 426 घायल

*47 अब भी लापता, अब तक 3,979.52 करोड़ का भारी आर्थिक नुकसान*

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में बारिश और भूस्खलन ने व्यापक तबाही मचा दी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, इस मानसूनी सीजन में अब तक 360 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 197 मौतें भूस्खलन, अचानक बाढ़, बादल फटना, डूबना और बिजली गिरने जैसी घटनाओं में हुईं, जबकि 163 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए।



**चिनूक हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं का बचाव कार्य जारी**

### एक हजार से ज्यादा सड़कें बंद, 3 हजार ट्रांसफार्मर भी बंद हुए

एसडीएमए की रिपोर्ट में बताया गया कि आपदा से 426 लोग घायल हुए हैं और 47 लोग लापता हैं। इसके अलावा, 1,440 पशुओं की मौत भी दर्ज की गई है। राज्य को कुल 3,979.52 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है, सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे दोनों को भारी क्षति पहुंची है। राज्य भर में 1,087 सड़कें बंद पड़ी हैं, 300 हजार ट्रांसफार्मर भी बंद हुए है, बिजली आपूर्ति लाइनें और 509 जलापूर्ति योजनाएं ठप हो चुकी हैं।

### कृषि, बागवानी और पशुधन को भारी नुकसान

एसडीएमए के प्रवक्ता ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़कें, जलापूर्ति योजनाएं और बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से कृषि, बागवानी और पशुधन को भी अभूतपूर्व नुकसान पहुंचा है। इसी बीच, भारतीय वायु सेना ने मणिमहेश यात्रा में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालने के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया।

### बढ़ा यमुना का जलस्तर, खतरे के निशान से दो फीट ऊपर पहुंचा पानी



**नई दिल्ली।** यमुना नदी के उफान से दिल्ली के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। ऐसे में प्रशासन और सामाजिक संगठनों के सहयोग से विस्थापित परिवारों को राहत कैंपों में शरण दी जा रही है।

### बाढ़ में फंसे पंजाब की उम्मीद बनी सेना



पंजाब में जलप्रलय के बीच भारतीय सेना एक उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। जख्मी लोगों को सुरक्षित निकालना हो, जरूरी सामान पहुंचाना हो या मुश्किल हालात में सैनिकों की तैनाती, हर मोर्चे पर सेना डटी हुई है। कुछ इसी तरह की तस्वीरों के जरिए भारतीय सेना ने पंजाब की जनता को संकट में हौसला बनाए रखने का संदेश दिया है।

### आपदा प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे पीएम मोदी



पंजाब और हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्य बाढ़ की चपेट में हैं। पौंग बांध के कैचमेंट एरिया में अब तक के इतिहास की सबसे अधिक वर्षा बाढ़ की स्थिति में पहुंचाया है। वही पंजाब के दो हजार गांव पानी में डूबे गए है, वहीं पीएम नरेंद्र मोदी जल्द ही बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे।



### दिल्ली के छह जिलों में बाढ़ का खतरा

यमुना का पानी बढ़ने से दिल्ली के छह जिले उत्तर, उत्तर पूर्व, शाहदरा, पूर्व, मध्य और दक्षिण पूर्व में बाढ़ का खतरा है। दक्षिण पूर्व, मध्य व पूर्व जिले में एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। पूरे खादर में पानी भरने के कारण बेघर होने वालों की संख्या 15 हजार से ऊपर है। इनमें से 10 हजार से अधिक लोगों को प्रशासन द्वारा स्थापित राहत शिविरों में रखा गया है। बड़ी संख्या में लोग विकास मार्ग सहित अन्य स्थानों पर टेंट लगाकर रह रहे हैं।

## अमेरिका में बनाया 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर'

# ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर दोबारा किए हस्ताक्षर 45 से अधिक उत्पाद श्रेणियों पर टैरिफ में दी छूट

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए 45 से अधिक उत्पाद श्रेणियों पर टैरिफ में छूट देने का निर्णय लिया है। इसमें निकेल, सोना, फार्मास्युटिकल, रसायन, एल्युमिनियम हाइड्रॉक्साइड, रेजिन और सिलिकॉन जैसे उत्पाद शामिल है। इस कदम से अमेरिका के लिए वे वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी जिन्हें वह घरेलू रूप से नहीं उगा या खनन कर सकता।*

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़े कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। जिसमें निकेल, सोना समेत कई धातुओं के साथ ही साथ फार्मास्युटिकल और रसायनों के निर्यात पर व्यापारिक साझेदारों को टैरिफ में छूट देने की बात कही गई है। इस सूची में शून्य आयात शुल्क के लिए 45 से अधिक श्रेणियों की पहचान की गई है, जिन पर टैरिफ में छूट देने का फैसला लिया गया है।

ट्रंप ने अब अमेरिका में एक नया मंत्रालय बना दिया है। इसका नाम 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' यानि युद्ध मंत्रालय रखा है। हालांकि यह मंत्रालय रक्षा मंत्रालय का नाम बदलकर बनाया गया है। ट्रंप के अनुसार यह नाम अमेरिका की 'शक्ति और विजय' का प्रतीक होगा और दुनिया को एक स्पष्ट संदेश देगा कि अमेरिका एक 'सख्त ताकत' है।

**खास बातें**

- ट्रंप ने बड़े कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर
- दुनिया को एक स्पष्ट संदेश देगा
- नया नाम अमेरिका की 'शक्ति और विजय' का प्रतीक होगा



### ट्रंप ने कहा-ताकत का संदेश देता है 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर'

*ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक विजय का संदेश देता है, एक ताकत का संदेश। उन्होंने डिफ्रेंश शब्द को वर्क करार दिया और कहा कि यह नाम अब बदलने का वक्त है। क्योंकि 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' अमेरिका की शक्ति को दर्शाने वाला नाम है।*

### अमेरिकी कांग्रेस की अनुमति ज़रूरी

हालांकि, अमेरिकी कांग्रेस को इस नाम परिवर्तन को विधिक रूप से मान्यता देनी होगी। इस दिशा में ट्रंप समर्थक प्रतिनिधि ग्रेग स्ट्यूब (फ्लोरिडा) और सीनेट में रिक स्कॉट (फ्लोरिडा) और माइक ली (उटाह) ने विधेयक पेश किया है। स्ट्यूब ने कहा, 1789 से द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक अमेरिका ने 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' के नाम के तहत युद्ध लड़े।

### अधिकारियों के सिफारिशों के बाद फैसला

राष्ट्रपति के आदेश में यह कहा गया है कि ये बदलाव अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों की सलाह और सिफारिशों के बाद किए गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि ये बदलाव राष्ट्रीय आपातकाल से निपटने के लिए जरूरी और उचित हैं। इस बदलाव के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और वाणिज्य विभाग को अन्य देशों के साथ समझौतों को लागू करने के लिए कार्रवाई करने का अधिकार होगा।

### कई रिपब्लिकन सांसद ही नाराज


ट्रंप ने कहा हम इसे वैसे ही कर देंगे, जैसा पहले था। मुझे यकीन है कि कांग्रेस मान जाएगी। बता दें कि कानूनी बदलाव के लिए कांग्रेस की अनुमति आवश्यक है। कांग्रेस में कई रिपब्लिकन सांसद ही ट्रंप के इस कदम से नाराज हैं। डॉन बेकन (नेब्रास्का) ने कहा यह प्रशासन कांग्रेस की आंखों में उंगली डाल रहा है। वहीं कुछ लोगों द्वारा ट्रंप इस फैसले को उनकी सैन्य नीतियों को फिर से असाधारण, मर्दाना और आक्रामक बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। जिसमें रक्षात्मक नहीं, बल्कि हमलावर मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है।

### इन पर नहीं लगेगा टैरिफ

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक खास आदेश जारी किया, जिसमें ग्रेफाइट, टंगस्टन, यूरेनियम, सोने के बुलियन और कई दूसरी धातुओं पर देश-आधारित टैरिफ हटा दिया गया। लेकिन सिलिकॉन प्रोडक्ट्स पर यह शुल्क लगा दिया गया है। स्यूडोएफेड्रिन, एंटीबायोटिक्स और कुछ दूसरी दवाइयां, जो पहले से ही वाणिज्य विभाग की जांच के दायरे में थीं, उन्हें भी इस नए आदेश से राहत मिली है।

## जेलेंस्की ने पुतिन का न्यौता ठुकराया

# आतंकवादी देश में मैं तो कभी नहीं जाऊंगा



एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से अलग-अलग मुलाकात की थी। इसके बाद उम्मीद जगी थी कि इस युद्ध को रोकने की दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। इसके बाद द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय बैठक की बात हुई थी, लेकिन यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच मास्को में वार्ता के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

### यदि पुतिन बातचीत करना चाहते हैं तो उन्हें कीव आना चाहिए

जेलेंस्की ने कहा है कि वह उस देश की राजधानी का दौरा नहीं कर सकते जो यूक्रेन पर रोजाना मिसाइल हमला कर रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि यदि पुतिन बातचीत करना चाहते है तो उन्हें कीव (यूक्रेन) आना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा, वह कीव आ सकते है। मैं मास्को नहीं जा सकता, जब मेरा देश हर दिन मिसाइलों और हमलों की चपेट में है।

### पुतिन ने जताई थी मुलाकात की इच्छा

जेलेंस्की ने बातचीत में देरी करने के लिए पुतिन पर राजनीतिक पैंतरेबाजी का आरोप लगाया और कहा कि पुतिन अमेरिका के साथ खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, पुतिन बैठक को स्थगित करने के लिए ऐसा कर रहे हैं, वह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ खेल खेल रहे हैं। जेलेंस्की की यह तीखी टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति पुतिन की तरफ से जेलेंस्की से मुलाकात के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। पुतिन ने इच्छा जताई थी कि बैठक मास्को में हो सकती है, बशर्ते कि इसकी अच्छी तैयारी हो और इसका उद्देश्य परिणाम निकालना हो।

### थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर भागे

**बैंकाक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर



अपने प्राइवेट जेट से दुबई चले गए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। थाईलैंड की कोर्ट 9 सितंबर को थाकसिन के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन ने एक्स पर लिखा कि वे इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे थे, लेकिन पायलट ने बताया कि जेट को वहां नहीं उतारा जा सकता है, इसलिए उन्हें दुबई जाना पड़ा।

## नूर खान बेस पर उतरे सैन्य विमान

# अमेरिका ने पाकिस्तान को कई विमानों में भरकर भेजी सामग्री

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अमेरिका ने कई विमानों में भरकर राहत सामग्री भेजी है। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना के अनुरोध पर अमेरिकी सैन्य विमानों से राहत सामग्री पाकिस्तान में लाई गई है। ये विमान शनिवार 6 सितंबर को रावलपिंडी के नूर खान एयर बेस पर उतरे, जहां पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और अमेरिकी चार्ज



डी'अफेयर्स नेटली बेकर ने राहत सामग्री रिसीव की। दूतावास ने लिखा, विनाशकारी बाढ़ से निपटने के लिए पाकिस्तानी सेना के अनुरोध पर अमेरिकी सैन्य विमानों ने आवश्यक सामग्री पहुंचाई। नूर खान एयर बेस पर, सीडीए बेकर ने पाकिस्तान के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

# कैदियों ने इंजीनियर राशिद पर जेल में किया जानलेवा हमला

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

सांसद इंजीनियर राशिद की पार्टी ने दावा किया है कि दिल्ली की तिहाड़ जेल में उन पर जानबूझकर हमला किया गया है। पार्टी का कहना है कि यह हमला जानलेवा भी हो सकता था। हालांकि, जेल सूत्रों ने किसी भी जानलेवा इरादे की बात को खारिज करते हुए कहा कि एक बहस के बाद कुछ कैदियों ने उनकी पिटाई की



और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। अवामी इत्तेहाद पार्टी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर राशिद ने पिछले साल के लोकसभा चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला को हराया था। उनपर ट्रांसजेंडर कैदियों ने हमला किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि इन कैदियों को उकसाने, हमला करने और शत्रुतापूर्ण माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### राशिद 2019 से जेल में है

*सांसद की हत्या के इरादे के दावे निराधार हैं। एक सूत्र ने कहा कि राशिद जेल नंबर तीन में बंद हैं, जहां केवल ट्रांसजेंडर कैदियों को रखा जाता है। फ़िलहाल वहां केवल तीन ट्रांसजेंडर कैदी हैं। उनकी हत्या की किसी भी योजना की बात बेबुनियाद है। बता दें कि राशिद 2019 से जेल में हैं। उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2017 के एक आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। उनका नाम आतंकवादी और अलगाववादी समूहों को फंडिंग करने के आरोपी कश्मीरी व्यवसायी जहूर वटाली की जांच के दौरान सामने आया था।*

### राशिद का कैदियों के साथ झगड़ा हुआ था

पार्टी ने कहा कि सांसद पर एक गेट गिराया गया था। राशिद के वकील के हवाले से कहा गया कि वो चमत्कारिक रूप से बच निकला। अगर यह सीधा लगता, तो जानलेवा भी हो सकता था। यह उन्हें शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की जानबूझकर की गई कोशिश से कम नहीं है। हालांकि, तिहाड़ जेल सूत्रों ने कहा कि लगभग एक हफ्ते पहले राशिद का कुछ ट्रांसजेंडर कैदियों के साथ झगड़ा हुआ था और उन्होंने उनकी पिटाई कर दी थी। उन्होंने बताया कि सांसद को मामूली चोटें आई हैं।






## केंद्रीय मंत्री ने बताया बड़ी उपलब्धि

# टीईसी टेलीकाम सिस्टम का सर्टिफिकेट भारत को मिला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के लिए सेमीकंडक्टर सेक्टर में बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। बता दे कि पहली बार भारत में बने चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम को टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी) से मानकों और गुणवत्ता का प्रमाणपत्र मिला है भारत के लिए यह गर्व का पल है, पहली बार भारत में बनी चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम को टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी) से क्वालिटी का सर्टिफिकेट मिल गया है। यह जानकारी आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की।

### आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ा कदम

केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा का बड़ा पड़ाव है। अब देश में बने चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा कर रहे हैं।



दुनिया में एक नई पहचान मिलेगी। यह उपलब्धि सिर्फ एक सर्टिफिकेट पाने की बात नहीं है, बल्कि यह भारत के लिए चिप मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आने वाले समय में भारत न केवल अपने लिए, बल्कि दूसरे देशों के लिए भी हाई-क्वालिटी चिप्स और टेलीकॉम उपकरण बना सकेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109